स्पष्ट आवाज़

लखनऊ, गोरखपुर, कानपुर, ललितपुर से प्रकाशित

लखनऊ
बुधवार, 6 मार्च, 2024 वर्ष : 20, अंक: 250 पृष्ठ: 12

www.spashtawaz.com मूल्य: ₹ 3

लोकसभा चुनाव 2024 में नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष ...पेज-6

Stallion Honda
MG Autosales Pvt. Ltd.
Ayodhya Road, Lucknow

Top Reasons to Buy All New Honda Elevate

- World famous iVTEC petrol engine
- Best in segment High Ground Clearance of 220 mm
- 3 Yeare unlimited KMs of warranty & also 10 Years Any Time Warranty
- Level-2 ADAS ADVANCED DRIVER ASSISTANCE SYSTEM
- Best in class cabin space with 2650 mm wheelbase and 458 Ltrs of Boot Space
- Honda Connect with Smart Watch and Alexa connectivity.

ELEVATE
Starts from ₹11 57 900*

HONDA
The Power of Dreams

/stallionhonda

Showroom (1S) : CP 5, Vikrant Khand, Gomtinagar, Ayodhya Road, Lucknow - 226010
Service (3S) : Anaura, After Indira Canal, Ayodhya Road, NH-28, Lucknow
Sales: +91 7897222000 ,+918009809995 I Service: +91 8009090093

किसानों को मुफ्त बिजली का तोहफा

●होमगार्ड का डीए बढ़ा, शराब बेचने के नियमों में होगा बदलाव, कैबिनेट में 29 प्रस्ताव मंजूर

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लोकसभा चुनाव से पहले योगी सरकार ने मंगलवार को कैबिनेट बैठक की। जिसमें 29 प्रस्ताव मंजूर किए गए। इसके तहत सिंचाई के लिए किसानों को फ्री बिजली दी जाएगी। वहीं, होमगार्ड के भोजन भत्ता को 30 रुपए से बढ़ाकर 120 रुपए किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को यहां हुयी मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला लिया गया। सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने पत्रकारों को बताया कि योजना के तहत किसानों को एक अप्रैल 2023 से निजी नलकूप पर कोई भी बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। यही नहीं, यदि इसके पहले का भी यदि कोई बिल बकाया है तो सरकार उसके लिए ब्याज रहित और आसान किस्तों में बिल चुकाने के लिए योजना लाएगी।

इसके लिए योगी सरकार ने 2024-25 के बजट में भी 1800 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। कैबिनेट ने निजी नलकूप पर मुफ्त बिजली कनेक्शन देने के फैसले पर सहमति दे दी। ग्रामीण क्षेत्र में 14.73 लाख, शहरी क्षेत्रों में 5188 नलकूप हैं। इससे प्रदेश के डेढ़ करोड़ किसानों को मुफ्त कनेक्शन का लाभ मिलेगा। यह योजना एक अप्रैल 2023 से लागू होगी। जिसके बाद से बकाया निजी नलकूप का बिल नहीं जमा करना होगा। शर्मा ने कहा मेरे पास खुद भी ट्यूबवेल है और इसी आधार पर हम कह सकते हैं कि एक ट्यूबवेल से 8 से 10 किसान लाभान्वित होते हैं, जिसके खेत तक पानी पहुंचता है। इस तरह लगभग लगभग डेढ़ करोड़ किसानों को इस योजना से लाभ होने वाला है। प्रति किसान यदि पांच सदस्यों के परिवार की गणना करें तो लगभग 6-7 करोड़ लोग इस योजना से लाभान्वित हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि प्रस्ताव के तहत किसानों को 100 प्रतिशत छूट देने का निर्णय लिया गया है। किसानों को अब एक अप्रैल 2023 से कोई बिल देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसके पहले का यदि कोई बकाया है तो उसके लिए हम ब्याज रहित योजना लेकर आएंगे और उसका भी क्रियान्वयन आने वाले दिनों में किया जाएगा।मक्का की खेती बढ़ाने के लिए त्वरित मक्का विकास कार्यक्रम सभी जिलों में चलाया जाएगा। 4 साल में 146 करोड़ का खर्च होगा। 11 लाख मीट्रिक टन मक्का उत्पादन बढ़ाया जाएगा। किसानों को बीज दिया जाएगा। साथ ही यंत्र भी दिया जायेगा। कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय बनाया जाएगा। रिसर्च की भी सुविधा मिलेगी। दिसंबर 2026 तक विश्वविद्यालय तैयार होगा। प्रदेश के चार कृषि विश्वविद्यालयों और रहमानखेड़ा, लखनऊ स्थित बागवानी संस्थान में एक-एक इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। वैल्यू एडिशन और रोजगार बढ़ाने के काम आएगा। 11.95 करोड़ रुपये एक इनक्यूबेशन सेंटर पर खर्च होगा। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण क्षेत्र में प्रस्तावित इंटरनेशनल फिल्म सिटी के निर्माण के लिए ग्लोबल टेंडर के माध्यम से बिडर के चयन पर मुहर लगा दी है। प्रयागराज में राज्य सरकार की ओर से अति विशिष्ट व्यक्तियों के लिए अतिथि गृह बनाया जाएगा। इसके लिए प्रयागराज के सिविल लाइंस क्षेत्र में 10000 वर्ग मीटर नजूल भूमि राज्य संपत्ति विभाग को स्थानांतरित करने का निर्णय लिया गया।

लखनऊ में मेट्रो रूट बढ़ेगा : वहीं, दूसरी तरफ लखनऊ मेट्रो के फेज-टू प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। लखनऊ में चारबाग से बसंत कुंज तक मेट्रो रेल चलाने पर जल्द काम शुरू हो जाएगा। इसके तहत चारबाग से वसंतकुंज तक कुल 11.865 किमी. मेट्रो संचालित की जाएगी। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि इसके माध्यम से योगी सरकार लखनऊ में आवागमन को और सुगम व सुविधाजनक बनाएगी।

एनसीआर की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र विकसित करेगी सरकार

कैबिनेट के सामने आज उद्योगों को जमीन देने के उद्देश्य से प्राधिकरणों में लैंड पूलिंग नीति के प्रस्ताव भी भी मंजूरी दी गई। योगी मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) की तर्ज पर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) विकसित करने का निर्णय लिया है। मंत्री एके शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली की तर्ज पर उप्र में राज्य राजधानी क्षेत्र लखनऊ (एससीआर) को विकसित करने के लिए आए प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। छह जिलों को मिलाकर एससीआर बनेगा। इसके लिए लखनऊ से सटे हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, रायबरेली और बाराबंकी जिलों का तेजी से विकास होगा।

एसबीआई को ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रही सरकार

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि सरकार अपने संदिग्ध लेनदेन को छिपाने और चुनावी बॉन्ड से संबंधित उच्चतम न्यायालय के फैसले को नाकाम बनाने के लिए भारतीय स्टेट बैंक का ढाल के रूप में उपयोग कर रही है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के विवरण का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का सोमवार को उच्चतम न्यायालय से अनुरोध किया। पिछले महीने अपने फैसले में उच्चतम न्यायालय ने एसबीआई को छह मार्च तक निर्वाचन आयोग को विवरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

आर.सी.जे. ज्वैलर्स
(आर.सी. ज्वैलर्स)
सर्राफा बाजार, कुर्सी रोड, अलीगंज
लखनऊ निकट आर्य समाज मंदिर
गोल मार्केट, महानगर, लखनऊ
बान वाली गली, चौक, लखनऊ
मो. - 8299567219
9455555965, 9415133977

संक्षिप्त आवाज

शेयर बाजार की तेजी थमी

मुंबई। चीनी संसद के वार्षिक सत्र की शुरूआत में किसी बड़ी प्रोत्साहन योजना की घोषणा नहीं होने से विश्व बाजार में आई गिरावट से निराश निवेशकों की स्थानीय स्तर पर एफएमसीजी, आईटी और टेक समेत दस समूहों में हुई बिकवाली के दबाव में आज शेयर बाजार की लगातार तीन दिन की तेजी थम गई।बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 195.16 अंक की गिरावट लेकर 73,677.13 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 49.30 अंक टूटकर 22,356.30 अंक रह गया।

शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन का मामला खारिज

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार के खिलाफ धनशोधन की एक जांच मंगलवार को खारिज कर दी। कांग्रेस नेता शिवकुमार ने कर्नाटक उच्च न्यायालय के उस आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था, जिसने धनशोधन के एक कथित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन को रद्द करने से इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की एक पीठ ने शिवकुमार को राहत दी।

संदेशखाली : हाईकोर्ट ने दिए सीबीआई जांच के आदेश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हिंसा मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट मंगलवार को एक्शन में दिखी। मामले पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए कोर्ट ने कुल तीन मामलों में सीबीआई जांच के आदेश दे दिए हैं। संदेशखाली में महिलाओं के नेतृत्व में हुये हिंसक विरोध प्रदर्शन और कई दिनों तक चले सियासी संग्राम के बाद बीती 29 फरवरी को तड़के 55 दिन से फरार तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया था। शेख पर यौन उत्पीड़न एवं जमीन हड़पने का आरोप है।

सरकार बनने पर पेपर लीक गठजोड़ प्राथमिकता से खत्म करेंगे

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पेपर लीक को उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश की गंभीर समस्या बताते हुए कहा है कि केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर पेपर लीक माफिया गठजोड़ को जड़ से खत्म करेंगे और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ नहीं होने देंगे। श्री गांधी ने ट्विटर पोस्ट में कहा कि पेपर लीक उत्तर प्रदेश ही नहीं देशभर में युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है। पिछले सात वर्षों में ही 70 से अधिक पेपर लीक के मामलों ने दो करोड़ से अधिक छात्रों का सपना तोड़ा गया है। इससे न सिर्फ भविष्य निर्माण के कीमती वर्ष बर्बाद हो रहे हैं बल्कि उनके परिवारों पर भी आर्थिक और मानसिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि लापरवाह सरकार, भ्रष्ट अधिकारी, नकल माफिया और निजी प्रिंटिंग प्रेसों के आपराधिक गठजोड़ को खत्म कर हर स्तर पर जवाबदेही सुनिश्चित करने की ज़रूरत है। जब मैंने छात्रों से बातचीत की तो उन्होंने मुझे बताया कि पेपर लीक की तीन मुख्य वजह हैं। बिका हुआ सरकारी तंत्र, निजी प्रिंटिंग प्रेस और भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुके अधीनस्थ सेवा चयन आयोग। सभी से मिले सुझावों को मिला कर कांग्रेस युवाओं की भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए एक ठोस और फूलप्रूफ प्लान तैयार कर रही है, और बहुत जल्द हम आपके सामने अपना विज़न रखेंगे। हम छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे! युवाओं का भविष्य इंडिया गठबंधन की प्राथमिकता है।

राजभर-दारा सिंह सहित चार बने मंत्री

●योगी के दूसरे कार्यकाल का पहला विस्तार

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के दूसरे का कार्यकाल का पहला मंत्रिमंडल विस्तार हो गया है। मंगलवार शाम को राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने चार नेताओं को मंत्री पद की शपथ दिलाई। मंत्री पद की शपथ लेने वालों में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर, भाजपा विधान परिषद सदस्य दारा सिंह चौहान, राष्ट्रीय लोकदल के विधायक अनिल कुमार और भाजपा के साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा ने मंत्री पद की शपथ ली। जिन 4 चेहरों को शपथ दिलाई है। इनमें 3 दूसरे दलों से भाजपा में आए हैं। राजभर 9 महीने पहले सपा छोड़कर एनडीए गठबंधन में शामिल हुए थे। दारा सिंह चौहान भी सपा से भाजपा में आए हैं। एनडीए से गठबंधन के बाद रालोद विधायक अनिल कुमार को मंत्रिमंडल में जगह दी गई है। इसके अलावा, 2022 विधानसभा चुनाव में यूपी में सबसे ज्यादा वोट से जीतने वाले भाजपा विधायक सुनील शर्मा को भी जगह मिली है। योगी कैबिनेट में कुल 52 मंत्री थे। अब यह संख्या बढ़कर 56 हो गई। सरकार में 60 मंत्री बनाए जा सकते हैं। ऐसे में अभी भी 4 मंत्रियों की जगह खाली है। नए मंत्रियों के बाद योगी सरकार में अब 22 कैबिनेट मंत्री, 14 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 20 राज्यमंत्री हैं। योगी सरकार में अब सामान्य वर्ग के 24, ओबीसी वर्ग के 22 और एससी-एसटी वर्ग के मंत्रियों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है।

इस मौके पर भी सभी नये मंत्रियों को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बधाई दी। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार में आज मंत्री पद की शपथ लेने वाले सभी साथियों को हार्दिक बधाई!

पूर्ण विश्वास है कि आप सभी मोदी की गारंटी को धरातल पर उतारते हुए विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प की सिद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आप सभी के उज्ज्वल कार्यकाल के लिए मेरी मंगलमय शुभकामनाएं!

अर्थ आवाज़

महिला एमएसएमई डिजिटल बिजनेस टूल में छोटे शहर आगे

लखनऊ। बिजनेस फाइनेंशियल प्लेटफॉर्म टाइड 1 पर 200,000 2 एमएसएमई सदस्यों के आंकड़ों के अनुसार यूपी के छोटे शहरों और कस्बों की महिला व्यवसायी डिजिटल समाधान अपनाने में सबसे आगे हैं। इस वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम इंस्पायर इंक्लूजन है, जो महिला व्यवसायियों मालिकों को आत्मनिर्भर बनाती है। टाइड के प्लेटफॉर्म पर वर्तमान में 23,000 महिला सदस्य हैं, जिनमें से 12 प्रतिशत या 2700, उत्तर प्रदेश में हैं। टाइड के आंकड़ों के अनुसार इन 2700 महिलाओं के नेतृत्व वाले व्यवसायों में से 86 प्रतिशत यूपी के अर्ध-शहरी शहरों और कस्बों से हैं। इनमें बरेली, गोरखपुर, वाराणसी, कानपुर, जौनपुर, प्रयागराज, आगरा, गाजियाबाद, अयोध्या और भदोही शामिल हैं। बदलते उपभोक्ता व्यवहार और बढ़ती आकांक्षाओं के साथ, टियर 2, 3, 4 और उससे आगे के शहर जिन्हें अक्सर भारत कहा जाता है, भारत में एमएसएमई के लिए विकास के केंद्र के रूप में उभर रहे हैं। चिकित्सा, कानून और कर क्षेत्रों के सलाहकार राज्य की महिला उद्यमियों की टिपिकल प्रोफ़ाइल का बड़ा हिस्सा हैं। अन्य प्रकार के व्यवसाय मालिकों में छोटे आसपास के दुकान मालिक, फ्रीलांस ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइनर, मेकअप कलाकार, ट्यूटर, साथ ही घरेलू शेफ और बेकर शामिल हैं।

टेक्नो स्पार्क 20सी सब10के सेगमेंट में पेश

लखनऊ। टेक्नो ने 2024 की शुरुआत के बाद से ही अपने रोमांचक लॉन्च की श्रृंखला पेश करना जारी रखा। कंपनी स्पार्क 20सी की पेशकश को लेकर काफी उत्साहित है। इस नवीनतम स्मार्टफोन को यूज़र्स की रोजमर्रा की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन किया है। यूज़र्स को संपूर्ण स्मार्टफोन अनुभव प्रदान करने के लिए तमाम आकर्षक और बेहतरीन सुविधाओं से लैस स्पार्क 20सी आकर्षक कीमत पर 5 मार्च से अमेज़न पर बिक्री के लिए उपलब्ध हो गया। सीमित समय के लॉन्च ऑफर के तहत ग्राहक इसकी खरीदी सिर्फ 7,999 रुपए की कीमत में कर सकते हैं। टेक्नो स्पार्क 20सी यूज़र्स को शक्तिशाली संदेश देता है। एक बेहतर विकल्प चुनें। यह भारतीय बाजार की विविध आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक प्रमुख सुविधाएँ प्रदान करता है, जो एक प्रीमियम और निर्बाध रोजमर्रा का अनुभव सुनिश्चित करता है। अपनी सोफिस्टिकेटेड डिज़ाइन के साथ स्पार्क 20सी इन सभी फीचर्स को एक ही डिवाइस में सहजता से एकीकृत करता है, जो इसे किफायती मूल्य पर एक आदर्श स्मार्टफोन विकल्प बनाता है।

हिमालया वेलनेस की आरसीबी से वुमन्स टी20 में साझेदारी बरकरार

लखनऊ। वुमन्स टी20 लीग के उद्घाटन सत्र के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरू (आरसीबी) के साथ अपनी साझेदारी की सफलता को देखते हुए वेलनेस ब्राण्ड हिमालया वेलनेस ने मौजूदा सत्र में टीम के साथ साझेदारी जारी रखने की घोषणा की। इस साल ब्रड्डड्ढस्त्रस्स्ड्ड कैम्पेन के साथ मैदान पर मेहनत से अर्जित उन स्पॉट्स और उपलब्धियों पर ध्यान केंद्रित किया गया। इस अनूठे कैम्पेन के माध्यम से हिमालया यह बताना चाहता है कि चेहरे के अनचाहे स्पॉट्स, उपलब्धियों के उन स्पॉट्स की जगह कभी नहीं ले सकते। ऐसे में यह ब्राण्ड हिमालया डार्क स्पॉट क्लियरिंग टर्मरिक फेस वॉश और फेस केयर रेंज लेकर आया है। हिमालया की नई पेशकश हिमालया डार्क स्पॉट क्लियरिंग टर्मरिक फेस वॉश के लिए नए कैंपेन ब्रड्डड्ढस्त्रस्स्ड्ड में बेहद दमदार मैसेज है। क्रिकेट के मैदान पर अपनी जगह बरकरार रखने के लिए जीतोड़ मेहनत करने वाले आरसीबी खिलाड़ियों की तरह ही हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी जगह बनाने और सही स्थान पाने के लिए मुकाबला करती हैं। हिमालया डार्क स्पॉट क्लियरिंग टर्मरिक फेस वॉश और फेस केयर रेंज आसानी से चेहरे के उन अनचाहे स्पॉट से मुकाबला करती है। टर्मरिक फेस केयर रेंज में ऑर्गेनिक हल्दी की ताकत है। आयुर्वेद की स्वस्थ पद्धति का इस्तेमाल करते हुए हल्दी का सत्व निकाला है।

खादी और ग्रामोद्योग आयोग ने आत्मनिर्भर आंदोलन को बढ़ाया

वाराणसी। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने वाराणसी में खादी और ग्रामोद्योग आयोग के डिविजनल ऑफिस के अंतर्गत 12 जिलों के लाभार्थियों को 700 मधुमक्खी बक्से, 200 इलेक्ट्रिक पॉटर व्हील, 04 कच्ची घानी मशीनें, 40 लकड़ी की खिलौना मशीनें और 20 वेल्ट वुड क्राफ्ट टूलकिट बांटे। इस ऑफिस के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के ग्राम-देरेखुन, जगतपुर, रोहनिया गाँव भी पड़ते हैं। खादी और ग्रामोद्योग आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि स्थानीय उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ने लोगों से स्थानीय उत्पादों को अपनाकर वोकल फॉर लोकल बनने की अपील की है। प्रधानमंत्री के इस आह्वान से लोगों को रोजगार मिल रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से बेरोजगार युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा होने के साथ ही स्थानीय पारंपरिक कला को भी बढ़ावा मिल रहा है। वर्तमान में देशभर में 3000 खादी संस्थाएं काम कर रही हैं, जिनके माध्यम से 5 लाख खादी कारीगरों और श्रमिकों को रोजगार मिल रहा है। मंडल कार्यालय वाराणसी के अंतर्गत 120 खादी संस्थाएं चलती हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में 26 हजार से ज्यादा लोगों को रोजगार मिल रहा है, जिसमें 80 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं का है।

बंधन म्यूचुअल फंड का बंधन लॉन्ग ड्यूरेशन फंड लॉन्च

लखनऊ। बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन लॉन्ग ड्यूरेशन फंड के लॉन्च की घोषणा की जो एक ओपन-एंडेड लॉन्गटर्म डेट प्लान है जो ऐसे इंस्ट्रूमेंट्स में निवेश करती है जिनकी पोर्टफोलियो मैकाले अवधि 7 वर्ष से अधिक होगी। यह फंड उन निवेशकों के लिए आकर्षक अवसर प्रदान कर सकता है जो अर्थव्यवस्था में संरचनात्मक सुधारों के कारण मौजूदा निकट-चरम ब्याज दरों में गिरावट की उम्मीद करते हैं। नया फंड ऑफर 5 मार्च को खुला और 18 मार्च को बंद होगा। बंधन लॉन्ग ड्यूरेशन फंड में निवेश लाइसेंस प्राप्त म्यूचुअल फंड वितरकों और निवेश सलाहकारों के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर कर सकते है। बंधन एएमसी के सीईओ विशाल कपूर ने कहा हमारा व्यापक आर्थिक माहौल एक अद्वितीय चरण में प्रवेश कर रहा है। स्ट्रक्चर्ड और तय समय पर होने वाले चक्रीय सुधारों के कॉम्बीनेशन से घाटा कम होने मुद्रास्फीति कम होने और भारतीय बांडों में विदेशी निवेश आकर्षित होने की संभावना है। कम ब्याज दर व्यवस्था का मार्ग प्रशस्त होने की उम्मीद है जिससे बांड निवेश के लिए अवसर पैदा होगा हमारी नवीनतम पेशकश जैसे लंबी अवधि के फंड निवेशकों को लंबी अवधि के लिए अनुकूल दरों पर निवेश करने में सक्षम बनाते हैं।

लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स ने नाटिका-कथक का आयोजन

लखनऊ। महिला दिवस के अवसर पर लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स और फिक्की फ्लो द्वारा नाटिका ओवरटोन्स और कथक नृत्य का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शहर की जानी-मानी हस्तियों के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। ओवरटोन्स नामक नाटिका की प्रस्तुति फिक्की फ्लो वुमेन्स मेंबर्स द्वारा की गई जिसका निर्देशन मो राशिद ने किया। इसके बाद कांतिका मिश्रा द्वारा मंच पर कथक का सजीव चित्रण प्रस्तुत किया गया। ओवरटोन्स नाटिका के माध्यम से महिला सशक्तिकरण की बात कही गई जिसमें महिलाओं को सपने देखने और उनको पूरा करने की कहानी बड़ी खूबसूरती से दर्शायी गई। लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स की डिजाइनर तान्या रस्तोगी ने बताया कि महिला दिवस के अवसर पर फिक्की फ्लो के साथ मिलकर महिला सशक्तिकरण हेतु ओवरटोन्स नामक नाटिका की प्रस्तुति फिक्की वुमेन्स मेंबर्स द्वारा की गई और महिलाओं को बढ़ावा देने के लिए ही कांतिका मिश्रा द्वारा कथक प्रस्तुत किया गया। तान्या ने कहा लाला जुगल किशोर ज्वैलर्स हमेशा महिलाओं को सम्मान दिलाने के लिए कार्य करते रहते हैं फिर वो चाहे आभूषणों की डिजाइनिंग, मेकिंग हो या ऐसे आयोजन जो महिलाओं द्वारा महिलाओं के लिए आयोजित किए जाते हो।

रॉश ने लॉन्च किया किया ऑक्रेवस (ऑक्रेलिज़ुमैब)

लख्रलऊ। रॉश फार्मा इंडिया ने मल्टीपल स्केलेरोसिस (एमएस) के इलाज के लिए अपनी ब्लॉकबस्टर सफल दवा, ऑक्रेवस (ऑक्रेलिज़ुमैब) के लॉन्च की घोषणा की। कंपनी ने भारत में इस विकलांग बना देने वाले रोग से जूझ रहे कई रोगियों की अधूरी जरूरतों को पूरा करने के लिए अपने न्यूरोलॉजी पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। यह बीमारी ज्यादातर 20 से 40 वर्ष की उम्र के लोगों में होती है। यह आरआरएमएस और पीपीएमएस दोनों के इलाज के लिए अनुमोदित एकमात्र मोनोक्लोनल एंटीबॉडी दवा है। ऑक्रेवस से होने वाला इलाज मरीजों के लिए आसान है क्योंकि इसकी साल में दो बार खुराक दी जाती है। जबकि दूसरे इलाजों में ज्यादा बार (मासिक) इंजेक्शन लगाए जाते हैं। ऐसे में कम बार खुराक लेने की जरूरत के कारण रोगियों के लिए इलाज में निरंतरता बनाए रखने में आसानी होती है। दूसरे डीएमटी से तुलना करें तो 80 प्रतिशत से ज्यादा रोगियों ने उपचार के दूसरे वर्ष के बाद ऑक्रेवस की दो बार सालाना खुराक का पालन किया। रॉश फार्मा इंडिया के सीईओ और प्रबंध निदेशक वी सिम्पसन इमैनुएल ने कहा ऑक्रेवस की शुरूआत भारत में मल्टीपल स्केलेरोसिस के इलाज में महत्वपूर्ण क्षण है। असरदार, सुव्यवस्थित इलाज प्रणाली और सराहनीय दीर्घकालिक सुरक्षा रिकॉर्ड युक्त ऑक्रेवस इस कठिन न्यूरोलॉजिकल परेशानी से जूझ रहे व्यक्तियों में उम्मीद की किरण पैदा करता है।

बोल्ट ने पेश किया टीडब्ल्यूएस ज़ैड40 अल्ट्रा

नई दिल्ली। भारत के तेज़ी से विकसित होते वियरेबल टेक ब्राण्ड बोल्ट ने ट्रू वायरलैस साउण्ड में नए इनोवेशन मेड-इन-इंडिया ज़ैड40 अल्ट्रा को लॉन्च किया। एआई पावर्ड बोल्ट ज़ैड40 अल्ट्रा फास्ट चार्जिंग, शानदार साउण्ड क्वालिटी, बेहतरीन टच कंट्रोल के साथ आज के टेक-सेवी उपभोक्ताओं को बेजोड़ सुविधा प्रदान करता है। आडियो के क्षेत्र में आधुनिक एआई टेक्नोलॉजी के साथ बोल्ट ज़ैड40 अल्ट्रा ट्रू वायरलैस साउण्ड को इस तरह डिज़ाइन किया है कि यह उपभोक्ताओं को ऑडियो का बेहतरीन अनुभव प्रदान करता है। आधुनिक सोनिक कोर डायनामिक्स तथा पावर के प्रभावी उपयोग एवं बेहतरीन नॉइस कैंसिलेशन के लिए एआई पावर्ड इंटेलीजेन्ट वॉइस प्रोसेसिंग के साथ ज़ैड40 अल्ट्रा ऑडियो के अनुभव को शानदार बनाता है। इसका एक और फीचर है प्रिज़्म वॉइस पीएलसी जिसके चलते बातचीत में कोई रूकावट नहीं आती, गेमिंग कम्युनिकेशन भी बेहतर हो जाता है। वर्चुअल मीटिंग्स में भी कॉल की गुणवत्ता मिलती है। वरूण गुप्ता सह-संस्थापक एवं सीईओ बोल्ट ने कहा बोल्ट में हम उपभोक्ताओं को ऑडियो का बेजोड़ अनुभव प्रदान करना चाहते हैं। बोल्ट ज़ैड40 अल्ट्रा सिर्फ नया ईयरबड्स ही नहीं है, बल्कि बेहतर ऑडियो, स्टाइल और गेमिंग के साथ अपने आप में एडवेंचर है।

छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर सरकार सजग : सतीश

दरियाबाद बाराबकी (स्पष्ट आवाज)। मंगलवार को स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति योजना के तहत मां शारदा देवी महाविद्यालय फत्तापुर कला नियामतगंज में स्मार्टफोन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सतीश शर्मा एवं एमएलसी एंगर सिंह ने संयुक्त रूप से 500 प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को निशुल्क टैबलेट व स्मार्टफोन वितरित किया। स्मार्टफोन और टैबलेट प्रकार छात्र-छात्राएं खुशी से घूम उठे और मुख्यमंत्री का आभार जताया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात मुख्य अतिथि राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जो वादे किए हैं वह धीरे-धीरे पूरे हो रहे हैं। छात्र-छात्राओं के भविष्य को लेकर प्रदेश सरकार पूरी तरीके से सजग है शिक्षा को लेकर प्रदेश सरकार नई-नई योजनाएं बना रही है जिसमें आगे चलकर हमारे समाज के बेटे और बेटियां शिक्षित होकर अपने पैरों पर खड़े हो सके और समाज को एक नई दिशा दे सकें। राज्य मंत्री ने छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा ग्रहण कर उज्जवल भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा की बेटी के शिक्षित होने से पूरा परिवार शिक्षित बन सकता है और इसी को लेकर प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। एमएलसी अंगद सिंह ने कहा कि वैसे विद्यार्थियों में लगभग सभी के पास स्मार्टफोन है लेकिन वह केवल अपनी पढ़ाई और ज्ञान प्राप्त करने के लिए इसका सदुपयोग करें। कहा कि तकनीकी के क्षेत्र में स्मार्टफोन टैबलेट का होना बेहद जरूरी है जो शिक्षा के लिए सरकार होगा। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र पंचायत समिति से बनवाई गई इंटरलॉकिंग का उद्घाटन राज्य मंत्री द्वारा किया गया। स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रबंधक रविकांत गोस्वामी अध्यक्ष जगदीश प्रसाद गुप्ता ब्लॉक प्रमुख रत्नेश सिंह प्राचार्य डॉक्टर दिनेंद्र सिंह संतोष शुक्ला बसंतकांत इंटर कॉलेज के प्रबंधक लाल जी पांडे राकेश शुक्ला शिवकुमार दीक्षित महेश गुप्ता लक्ष्मीकांत मौर्य मनोज शर्मा समेत विद्यालय का समस्त स्टाफ व छात्र में मौजूद रहे।

मुआवजा तो दूर अभी सर्वे तक नहीं हुआ: अजय राय

लखनऊ। प्रदेश के किसान की फसलों को नष्ट हुए दो दिन से अधिक हो चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई जिम्मेदार उन तक नहीं पहुंचा है। मुख्यमंत्री 24 घण्टे में मुआवजा देने की बात कर रहे हैं, उधर आपदा से जुड़ा कोई भी टोल फ्री नंबर काम नहीं कर रहा है। यह आरोप लगाते हुए कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि संकट में किसान है और त्वरित लाभ देने के बजाये पहले सर्वे कराने और लंबी चौड़ी कागजी कार्यवाही की बात की जा रही है। प्रेस वार्ता में काकोरी ब्लॉक के करझन ग्राम के किसान आसाराम रावत, वीरेंद्र रावत, लक्ष्मण यादव भी सम्मिलित हुए। किसानों ने अपने साथ नष्ट हुई फसलों मटर, आलू, टमाटर, प्याज के नमूने भी लेकर आये थे। किसान आसाराम रावत ने कहा कि भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि से लगभग 80 प्रतिशत तक फसल बर्बाद हो गई है।

प्रदेश का किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है, सरकार सिर्फ जुमले उछाल रही है। अजय राय ने कहा कि योगी और मोदी सरकार किसान एवं मजदूर विरोधी है। गत 16 नवंबर23 से उप्र में मनरेगा मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिली है।

तीसरे दिन सुनाई गई राजा परीक्षित की कथा

गोला गोकर्णनाथ खीरी।(स्पष्ट आवाज) श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव में तीसरे दिन वृंदावन से आए कथा व्यास विष्णु शरण जी महाराज ने राजा परीक्षित की कथा सुनाई जिसे सुनकर सभी भक्तों ने पुण्य लाभ कमाया। कथा व्यास जी ने कथा सुनाते हुए कहा एक बार राजा परीक्षित आखेट हेतु वन में गये। वन्य पशुओं के पीछे दौड़ने के कारण वे प्यास से व्याकुल हो गये तथा जलाशय की खोज में इधर उधर घूमते घूमते वे श्रृंगी ऋषि के आश्रम में पहुँच गये। वहाँ पर शमीक ऋषि नेत्र बंद किये हुये तथा शान्तभाव से एकासन पर बैठे हुये ब्रह्मध्यान में लीन थे। राजा परीक्षित ने उनसे जल माँगा किन्तु ध्यानमग्न होने के कारण शमीक ऋषि ने कुछ भी उत्तर नहीं दिया। सिर पर स्वर्ण मुकुट पर निवास करते हुये कलियुग के प्रभाव से राजा परीक्षित को प्रतीत हुआ कि यह ऋषि ध्यानस्थ होने का ढोंग कर के मेरा अपमान कर रहा है। उन्हें ऋषि पर बहुत क्रोध आया। उन्होंने अपने अपमान का बदला लेने के उद्देश्य से पास ही पड़े हुये एक मृत सर्प को अपने धनुष की नोंक से उठा कर ऋषि के गले में डाल दिया और अपने नगर वापस आ गये।

जनता की आकांक्षाओं को स्वीकार करेगी आकांक्षा पेटी: विजय शुक्ला

गोला गोकर्णनाथ खीरी। (स्पष्ट आवाज़) भारतीय जनता पार्टी के निर्देश पर गोला विधानसभा क्षेत्र में एक आकांक्षा पेटी नगर के नीलकंठ मैदान में लगाई गई है। जिसका शुभारंभ मेरे द्वारा किया गया है। उक्त वक्तव्य प्रेस वार्ता के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने प्रेस वार्ता के दौरान व्यक्त किये। उन्होंने बताया इस बार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपना घोषणा पत्र जनता के द्वारा दिए गए सुझावों के आधार पर तैयार करेंगे जिसके लिए आकांक्षा पेटी लगाई जा रही है इस आकांक्षा पेटी में जनता अपनी आकांक्षाओं से संबंधित सुझाव भारतीय जनता पार्टी एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देंगे जनता के सुझाव को संज्ञान में लेकर भारतीय जनता पार्टी अपना घोषणा पत्र लोकसभा चुनाव 2024 के लिए तैयार करेगी चुनाव जीतने के उपरांत घोषणा पत्र में दिए गए कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएंगे। श्री शुक्ल ने जनता से अपने-अपने सुझाव नीलकंठ मैदान में लगी आकांक्षा पेटी में देने की अपील की है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष सत्रोहन मिश्र उपस्थित रहे।

नगर पालिका अध्यक्ष ने किया आकांक्षा पेटी का शुभारंभ

गोला गोकर्णनाथ खीरी। (स्पष्ट आवाज)भारतीय जनता पार्टी निर्देशानुसार गोला विधानसभा में एक आकांक्षा पेटी को नीलकंठ मैदान में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के द्वारा शुभारंभ किया गया। इस आकांक्षा पेटी में जनता अपनी राय भारतीय जनता पार्टी को देगी। भारतीय जनता पार्टी द्वारा लोगों की आकांक्षों को अपने संकल्प पत्र में समायोजित किया जाएगा। इस अवसर पर विधानसभा संयोजक कुलदीप वर्मा, मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार, नगर अध्यक्ष शत्रोहन मिश्रा,किसान मोर्चा जिला महामंत्री धर्मेन्द्र सिंह, मण्डल महामंत्री मैलानी अनुज वर्मा, गौरव ज्ञान त्रिपाठी, मनोज बाथम, अरविन्द मिश्रा, प्रदीप खतौलिया सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

सूचना

सर्व विदित हो कि मैंने अपना नाम VINOD KUMAR MAGOON से बदलकर VINOD KUMAR लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

C/o SHIV NATH BHAGUN
ALIGANJ, LUCKNOW

इण्डिया गठबन्धन की चल रही हवा : पुनिया

बाराबंकी। देश में इण्डिया गठबन्धन के पक्ष में हवा चल रही हैं। अब भाजपा का टिकट जीत की गारण्टी नही हैं। भाजपा सरकार में किसान आत्महत्या कर रहा हैं। नौजवान अपनी डिग्री फाड़कर जान देने पर मजबूर हैं। महिलाऐं सुरक्षित नही, दलित, नौजवान, पुलिस की गोली का निशाना बन रहे हैं। आजादी के बाद पहली बार यह देखा जा रहा हैं कि सत्तारूढ दल की सूची में घोषित प्रत्याशी चुनावी मैदान में जाने से इंकार कर रहे हैं। उक्त बातें पूर्व सांसद डॉ.पी.एल.पुनिया ने अपने ओबरी आवास पर गठबन्धन के साथियों के साथ कहते हुए कहा कि भाजपा नीति एन.डी.ए. गठबन्धन और उनके घोषित प्रत्याशियों को अपनी हार का एहसास हो गया हैं पिछले दस वर्षो में देश की मोदी सरकार ने आवाम को जो महंगाई, बेरोजगारी, जंगलराज का दर्द दिया हैं, उससे आवाम त्रस्त हैं। अपने भाग्य विधाता का गुस्सा देखकर भाजपा के नामचीन नेता हर्षवर्धन, मशहूर भोजपुरी अभिनेता व सिंगर पवन सिंह, जाने माने क्रिकेटर गौतम गम्भीर केन्द्र सरकार में वित्त मंत्री राज्य मंत्री जैसे पद पर रहे जयन्त सिन्हा और अब बाराबंकी सुरक्षित सीट से भाजपा सांसद ने अपनी हार सुनिश्चित मानकर प्रत्याशी नही बनने के अपने निर्णय से हाईकमान को अवगत करा दिया हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व सांसद पी.एल.पुनिया ने कहा कि भाजपा का अस्सी में अस्सी का वादा प्रदेश में इण्डिया गठबन्धन खत्म कर देगा और उसकी शुरूआत लोकसभा क्षेत्र बाराबंकी से शुरू होगी जहां के मतदाता ने गठबन्धन के कांग्रेस पार्टी के संभावित प्रत्याशी तनुज पुनिया को अपने आर्शीवाद से नवाज कर वोट देने का वचन दिया हैं। श्री पुनिया ने बाराबंकी संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं से अपील की भाजपा अपनी हार देखकर और अपने घोषित प्रत्याशी की चुनाव न लड़ने की घोषणा से परेशान हैं। ऐसे में वह हताशा की स्थित में कोई भी खेल खेल सकती हैं। जिस पर आप विश्वास न करें। संसदीय क्षेत्र में इण्डिया गठबन्धन मजबूती से लड़कर हर बूथ पर भाजपा को करारी शिकस्त देंगा।

रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिला ढाबा कर्मी का शव

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। मसौली थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित एक ढाबा कर्मी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रस्सी के सहारे पेड़ से लटका मिलने से इलाके में सनसनी फ़ैल गई है। सूचना पर पहुँची मसौली पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच पड़ताल कर रही है। रामनगर थाना अंतर्गत ग्राम रामपुर खरगी निवासी नौमीलाल का 18 वर्षीय पुत्र कन्हैयालाल बीते चार वर्षो से मसौली थाना क्षेत्र अंतर्गत देहेजिया मोड़ पर स्थित महाराजा होटल पर काम करता था। अपने घर गये कन्हैयालाल को ढाबा संचालक फूलचंद सोमवार की शाम करीब 4 बजे घर से लाकर ढाबे पर छोड़कर किसी शादी कार्यक्रम मे चला गया। फूलचंद्र के जाने के बाद कन्हैयालाल ढाबे से गायब हो गया जिसकी सूचना ढाबे पर काम करने वाले अन्य कर्मचारियों ने फूलचंद को देकर तलाश शुरु की तो देर कन्हैया का शव ढाबे से थोड़ी ही दूरी पर स्थित हाइवे के किनारे लगे अर्जुन के पेड़ से लटकता मिला जिससे इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुँचे पिता नौमीलाल ने मसौली पुलिस को घटना से अवगत कराया मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने कन्हैया के शव को नीचे उतरवाया। पुलिस ने मृतक कन्हैया के पिता की तहरीर पर शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि ÷पंचनामें की कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पीएम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरा नाम शुभम पुत्र शिव रतन है जिसे बदल कर शुभम रावत पुत्र शिव रतन कर लिया है निकट भविष्य में मुझे शुभम रावत के नाम ही जाना एवं पहिचाना जाए।

शुभम रावत पुत्र शिवरतन
नि0ग्रा0- अटवट पो0- मगरायर तह0 - बीघापुर जिला- उन्नाव

श्रीमद् भागवत कथा आयोजित

रामनगर बाराबंकी स्पष्ट आवाज। गायत्री शक्तिपीठ रामनगर में महाशिवरात्रि के अवसर पर संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा एवं गायत्री महायज्ञ का आयोजन 6 मार्च से प्रारंभ होकर 12 मार्च तक संपन्न किया जाएगा वहीं 13 मार्च को यज्ञ पूर्णाहुति एवं दोपहर में महाप्रसाद वितरण का आयोजन सुनिश्चित है। कथा परिव्राजकाचार्य पंडित राजेश कुमार मिश्रा के द्वारा कही जाएगी। इसी क्रम में मोहल्ला धमेड़ी 4 में राजेश्वरी उपाध्याय के आयोजन में 7 मार्च से 13 मार्च तक आचार्य औचित्यानंद श्री धाम वृंदावन के मुखारविंद से सरस संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है 14 मार्च को पूर्णाहुति एवं भंडारा के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा कार्यक्रम में विकास शुक्ला रानी शुक्ला आदर्श शुक्ला शेष उपाध्याय का सहयोग सराहनीय है।

खड़े टेलर से भिड़ी कांवरियों की बाइक, एक की मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। गोंडा हाईवे पर बीती रात जल लेकर महादेवा जा रहे दो कांवरियों की बाइक हसनापुर मोड़ के निकट पहले से खराब खड़े टेलर से भिड़ गयी। इस हादसे में बाइक सवार दोनों कावरिये गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया जहां एक कावरिये की मौत हो गयी जबकि दूसरे का उपचार किया जा रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है मिली जानकारी के अनुसार कानपुर नगर के थाना बिधनू के ग्राम इटारा निवासी संजय पुत्र भोरे लाल और थाना घाटमपुर के ग्राम रामनगर बुधूवा निवासी सुखदेव पुत्र फूल सिंह जल लेकर बीती मध्य रात्रि बाइक महादेवा जा रहे थे कि मसौली थाना क्षेत्र के ग्राम हसनापुर के निकट हाइवे पर पहले से ही खराब खड़े ट्रेलर मे उनकी बाइक जा घुसी जिसमे दोनो बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पाते ही तत्काल मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने ऐम्बुलेंस से सीएचसी बड़ागांव में भर्ती कराया हालात गंभीर होने पर घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया जिला अस्पताल से पहुंचने से पूर्व संजय पुत्र भूरेलाल को मृत्यु हो गयी। प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना देते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

कायर्यालय ग्राम पंचायत- देवकली विकास खण्ड- बनीकोडर- बाराबंकी

पत्रांक / ग्रा0पं0 / मनरेगा/सामग्री आपूर्ति/निविदा-सूचना/2023-24 / दिनांक 05/03/2024

-: निविदा सूचना :-

विकास खण्ड- बनीकोडर के अन्तर्गत ग्राम ग्राम पंचायत-देवकली में मनरेगा योजनान्तर्गत जनहित में निम्नलिखित कार्य कराया जाना है। जिसके लिए संलग्न बिल ऑफ़ क्वांटिटी के अनुसार सामग्री आपूर्ति हेतु जी0एस0टी0 पंजीकृत फार्म मालिक/ठेकेदार /आपूर्तिकर्ताओ से स्वीकृत दरो के अधीन निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबंधो के अधीन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म ग्राम पंचायत- देवकली कार्यालय से दिनांक 06/03/2024 से 12/03/2024 तक किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त किये जा सकते है। मोहरबंद निविदायें दिनांक 12/03/2024 तक को 10 बजे से 02 बजे अपरहन तक निविदा बॉक्स में डाली जाएगी तथा दिनांक- 12/03/2024 तक को ही ग्राम पंचायत की निविदा समिति के द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय / पंचायत भवन में पंजीकृत फर्म मालिक/ठेकेदार / आपूर्तिकर्ताओ के समक्ष 03 बजे खोली जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का विवरण	आपूर्ति की जाने वाली सामग्री का विवरण	सामग्री की मात्रा (संख्या/ई का ई में)	अनु0लागत जी0एस0टी0 सहित (लाख रू0 में)	धरोहर राशि (लाख रू0 में)	निविदा मूल्य (रू0 में)	कार्य पूर्ण करने का समय
1	2	3	4	5	6	7	8
1	राजाकटरा में माइनर से मस्जिद के पास तक इण्टरलॉकिंग निर्माण।	इण्टरलॉकिंग ईंट	10521 नग	285540.00	2855.00	500	3 माह

01-निविदा स्वविकृत होने पर सम्बंधित जी0यस0टी0 पंजीकृत फार्म मालिक/ठेकेदार /आपूर्तिकर्ता को उपरोक्तानुसार धरोहर राशि को राष्ट्रीयकृत बैंक पोस्ट ऑफिस द्वारा निर्गत/ डिमाण्ड ड्राफ्ट/प्रतिभूति/ प्रमाणपत्र जो ग्राम पंचायत- **देवकली** विकास खण्ड-बनीकोडर के नाम बंधक करते हुए जमा करना होगा। 02 - आपूर्तिकर्ता को संलग्न बिल ऑफ़ क्वांटिटी के अनुसार उपरोक्त वर्णित सामग्री की आपूर्ति सम्बंधित सचिव/प्रधान/तकनीकी सहायक/अवर अभियंता के द्वारा बताये गये निर्दिष्ट स्थान पर आपूर्ति करना होगा। 03- आपूर्ति की गयी सामग्री का मनरेगायोजनान्तर्गत धनराशि उपलब्ध होने पर ही नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी विलम्ब से भुगतान के लिए कार्यदायी संस्था उत्तरदायी नहीं होगी। 04- जी0यस0टी0 पंजीकृत बिल ही मान्य होगा। 05-विभिन्न प्रकार के शासकीय करों के भुगतान का दायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 06-आपूर्ति की गयी सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप आपूर्ति करने का उत्तरदायित्व आपूर्तिकर्ता का होगा। 07-आपूर्ति की गयी सामग्री का का भाडा / किराये का भुगतान अलग से देय नहीं होगा। 08-निविदा स्वीकृत होने पर सम्बंधित फार्म मालिक/ठेकेदार/आपूर्तिकर्ता से अनुबंध निष्पादित हो जाने के उपरांत ग्राम पंचायत देवकली उपरोक्तानुसार प्राक्कलित/स्वीकृत सामग्री सम्बंधित सचिव/प्रधान/ तकनीकी सहायक/अवर अभियंता के निर्देशानुसार उनके द्वारा निर्धारित स्थान/ समय पर सामग्री की आपूर्ति करने पर विफल रहने पर धरोहर राशि जब्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत- **देवकली** में निहित होगा। 09-निर्धारित समय सीमा के पश्चात प्राप्त हुई किसी भी निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। 10-निविदा फॉर्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग या उपरिलेखन मान्य नहीं होगा। 11-निविदा फॉर्म पर दर का उल्लेख अंको यवं शब्दों में करना आवश्यक होगा। 12-बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार सचिव/ग्राम प्रधान/निविदा समिति ग्राम पंचायत- **देवकली** में निहित होगा। 13-सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घट अथवा बढ़ सकती है।

तकनीकी सहायक ग्राम पंचायत देवकली विकास खण्ड-बनीकोडर | **ग्राम पंचायत सचिव ग्राम पंचायत देवकली विकास खण्ड -बनीकोडर** | **ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत देवकली विकास खण्ड -बनीकोडर**

ओलम्पियाड में अर्शिका को प्रथम पुरस्कार

लखनऊ। सिटी मोन्टेसरी स्कूल अलीगंज द्वितीय कैम्पस की कक्षा-2 की छात्रा अर्शिका मिश्रा ने इण्टरनेशनल जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में प्रथम पुरस्कार अर्जित किया है। ओलम्पियाड का आयोजन साइन्स ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में हुआ। यह जानकारी सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने देते हुए बताया कि इस जनरल नॉलेज ओलम्पियाड में भारत समेत कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया एवं कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सीएमएस छात्रा ने विभिन्न विषयों के उत्कृष्ट ज्ञान, देश-दुनिया की नवीनतम जानकारियों, तार्किक क्षमता एवं मेधात्व का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए प्रथम पुरस्कार अर्जित किया। इस उपलब्धि हेतु अर्शिका को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सीएमएस प्रेसीडेन्ट प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस प्रतिभाशाली छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

सेवानिवृत्ति कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित

हैदरगढ़ बाराबंकी (स्पष्ट आवाज)। नगर पंचायत कार्यालय परिसर में आज मंगलवार को नगर पंचायत कार्यालय में कार्यरत रहे दो कर्मचारियों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। नगर पंचायत वासियों को अपने सेवा काल में उक्त लोगों ने बेहतर सुविधा देकर लोगों को शिकायत का मौका नहीं दिया। क्षेत्र के भिखरा गांव निवासी पाइपलाइन मिस्त्री बाबूलाल व घोसियाना वार्ड निवासी सफाई कर्मी सत्तो को नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी ने माला पहनाकर विदाई समारोह अवसर पर उनका स्वागत किया उन लोगों को अंग वस्त्र व एक एक लाख रुपए की चेक देकर भावपूर्ण विदाई दी। इस अवसर अधिशासी अधिकारी अशोक खरवार, दीपू तिवारी, सभासद महेश अग्रवाल, विपिन सोनी, सूरज दीक्षित, मो इशहाक, मो सब्बीर, सभासद प्रतिनिधि शिवा वर्मा, स्टॉप बाबू राजेंद्र यादव, मनोज यादव ,श्यामू राज, नितिन मौर्य सहित तमाम संख्या में नगर पंचायत कर्मी मौजूद रहे।

कार्यालय - अधिशासी अभियन्ता, जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, सेक्टर-बी, पानी की टंकी परिसर, अलीगंज, लखनऊ

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

एतद्द्वारा जलकल विभाग नगर निगम जोन-3 लखनऊ के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्यों हेतु विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से पृथक-पृथक निविदाएं दिनांक 11.03.2024 अपराह्न 3:00 बजे तक आमंत्रित की किया जाएगा है जो उसी दिन अपराह्न 4:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र दिनांक 11.03.2024 को अपराह्न 2:00 बजे तक इस कार्यालय के कैश काउन्टर में निर्धारित निविदा शुल्क जमा की जाएगी। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। निविदा खोलने के दिवस अवकाश घोषित होने पर उसके अगले कार्य दिवस में नियत समय पर निविदाएं प्राप्त व खोली जाएगी। अन्य नियम व शर्ते तथा कार्य विवरण निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है जो किसी भी कार्य दिवस में अवलोकित की जा सकती है :-

क्र. सं.	कार्य	निविदा शुल्क	धरोहर धनराशि	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	जानकीपुरम प्रथम वार्ड के अन्तर्गत 5 स्थानों पर समरसेबिल पम्प मरम्मत कार्य।	Rs. 200/-	3800.00	5 days

पत्रांक - 2471/ईई-3/जीएल-7/2023-24
दिनांक : 05.03.2024

अधिशासी अभियन्ता जोन-3
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

अल्पकालिक निविदा सूचना

अधोहस्ताक्षरी द्वारा अनुभवी एवं जी0एस0टी0 में पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं/कार्य हेतु अनुभवी ठेकेदारों से दो भागों में ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के प्रथम भाग में आर0 टी0 जी0 एस0/एन0ई0एफ0टी0 के माध्यम से जमा की गई निविदा मूल्य व धरोहर राशि के रसीद की छायाप्रति, वाणिज्यिक, तकनीकी, अनुभव आदि प्रपत्र (मात्र निविदा प्रपत्र पर ही) तथा द्वितीय-भाग में केवल मूल्य/दरें ई-पोर्टल etender.up.nic.in पर दिनांक 20.03.2024 समय 12:00 बजे तक अपलोड की जानी है। ई-निविदा का प्रथम भाग दिनांक 20.03.2024 समय 15:00 बजे अथवा उसके उपरान्त खोली जायेंगी। निविदाओं के प्रथम भाग में (1) धरोहर राशि जो EE, EUDD (Residency) के खाते में जमा आर0टी0जी0एस0 का विवरण (2) जी0एस0टी0 में पंजीयन की प्रति (3) अनुभव संबंधी प्रमाण पत्रों/अनुबन्धों/आदेशों की छायाप्रतियां (4) शाख की पृष्टि हेतु अन्य प्रपत्र की स्कैण्ड प्रतियां निविदा के प्रथम भाग में अपलोड करनी होंगी जिनके मूल्यांकन/ संबंधित बैंक से पुष्टि के बाद उपयुक्त पायी गई निविदाओं के ही भाग-दो खोले जायेगें। निविदा प्रपत्र मूल्य एवं, धरोहर राशि की धनराशि आर0टी0जी0एस0/एन0ई0एफ0टी0 द्वारा अधिशासी अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण खण्ड- रेजीडेन्सी, लेसा, लखनऊ के बैंक खाता संख्या- 1444100377, आई0 एफ0 सी0 कोड संख्या - CBIN0280139, Central Bank of India, Hazratganj Lucknow के पक्ष में जमा होनी चाहिये। बैंक जमा की साक्ष्य यथा योज्य यू0टी0आर0 संख्या पे -इन-स्लिप मूल की प्रति (इश्यूडस बैंक के कन्फरमेशन मेल की प्रति) ई-निविदा के प्रपत्रो के साथ आन-लाइन अपलोड की जायेगी। निविदा संबंधी समस्त जानकारी www.mvvnl.in पर भी अवलोकित की जा सकती है, परन्तु निविदा का प्रथम व द्वितीय-भाग www.etender.up.nic.in पर ही अपलोड किया जाएगा। निविदा के पुर्नप्रकाशन, अवधि विस्तारण, शुद्धिपत्र, संशोधन अथवा निरस्तीकरण की सूचना www.mvvnl.in एवं www.etender.up.nic.in पर ही प्रकाशित होगी। अद्योहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण बतायें किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने/संशोधन करने/विभिन्न फर्मों के मध्य विभक्त करने का अधिकार सुरक्षित है। 1. निविदा सं0 80/वि0न0वि0मं0 (अष्टम) /2023-24 : विद्युत नगरीय वितरण मण्डल अष्टम् के अन्तर्गत आने वाले वितरण खण्ड ठाकुरगंज में बिजनेस प्लान 2023-24 के अन्तर्गत अतिरिक्त नयें परिवर्तको की स्थापना एवं अन्य तत्सम्बन्धी कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00/- एवं धरोहर धनराशि रू0 3000.00, 2. निविदा सं0 81/वि0न0वि0मं0 (अष्टम) /2023-24 : विद्युत नगरीय वितरण मण्डल अष्टम् के अन्तर्गत आने वाले वितरण खण्ड रेजीडेन्सी के अन्तर्गत आने वाले उपकेन्द्र पर स्थापित क्षतिग्रस्त ट्राली परिवर्तकों की मरम्मत कार्य हेतु। निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 1180.00/- एवं धरोहर धनराशि रू0 3000.00,

अधीक्षण अभियन्ता विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-अष्टम, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, प्रथम - तल, 33/11 के.वी. विद्युत उपकेन्द्र घंटाघर चौक, लेसा (सिस गोमती), लखनऊ, पत्रांक : 1330/ वि.न.वि.मं. (अष्टम्) /लेसा/2023-24, दि. : 05.03.2024

राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एलईडी लगायें।

पुलिस भर्ती बोर्ड की डीजी रेणुका मिश्रा पर गिरी गाज

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती बोर्ड की डीजी रेणुका मिश्रा पर गाज गिरी है। पिछले दिनों सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में उप्र की योगी सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई की है। रेणुका मिश्रा को प्रतीक्षा सूची में डाल दिया गया है। उनके स्थान पर राजीव कृष्णा को यह जिम्मेदारी दी गयी है। राजीव कृष्णा निदेशक सतर्कता अधिष्ठान के साथ ही डीजी पुलिस भर्ती बोर्ड की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। नियुक्ति विभाग की ओर से इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समीक्षा अधिकारी, सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा को निरस्त कर दिया

था। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के सोशल मीडिया पर वायरल होने की शिकायतें प्राप्त हुई थी। तब अगले छह महीने के अंदर फिर से परीक्षा करने का निर्देश दिया गया था। शासन को उपलब्ध कराए गए साक्ष्यों तथा आयोग की रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया था कि लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी को आयोजित समीक्षा अधिकारी व सहायक समीक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) परीक्षा 2023 की दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त कर दिया जाए। इसकी परीक्षा आगामी छह माह में फिर से कराई जाए। मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिए थे कि इस प्रकार के आपराधिक कृत्य में सम्मिलित व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी वैधानिक और दंडात्मक कार्यवाही हेतु प्रकरण राज्य की एसटीएफ को संदर्भित किया जाए। एसटीएफ शीघ्रातिशीघ्र इसकी विवेचना संपन्न करेगी तथा इस कृत्य में लिप्त सभी उत्तरदायी व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

भूपेन्द्र चौधरी ने स्कूटी यात्रा को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मंगलवार को 1090 चौराहे पर स्कूटी यात्रा को झंडी दिखाकर भाजपा प्रदेश मुख्यालय के लिए रवाना किया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद गीता शाक्य व भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी चेतना पांडेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। स्कूटी पर होकर सवार महिलाओं ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पास कराने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया। गीता शाक्य के नेतृत्व में शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत शक्ति वंदन स्कूटी यात्रा का आयोजन 1090 चौराहे से प्रदेश मुख्यालय भाजपा लखनऊ तक किया गया। भाजपा प्रदेश मुख्यालय पर यात्रा का समापन हुआ। महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष गीता शाक्य ने कहा कि भाजपा सरकार में महिलाओं के हित में अनेक कार्य हुए हैं। सरकारी योजनाएं भी महिलाओं को केन्द्रित कर बनायी गयी हैं। नारी शक्ति वंदन अधिनियम केन्द्र सरकार ने पास किया है।

विस्तार के साथ जातीय समीकरणों को मिली धार

राजनीति

विशेष संवाददाता

- 16 साल बाद रालोद को मिला सरकार में प्रतिनिधित्व
- योगी सरकार में राजभर और दारा की वापसी
- चेहरों के चयन में हर वर्ग की भागीदारी

लखनऊ। योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल का बहुप्रतीक्षित पहला विस्तार मंगलवार को हो गया। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुए इस विस्तार में हाल ही में एनडीए में शामिल हुए रालोद को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। इस विस्तार में जहां दो मंत्री भाजपा कोटे से बने है तो मंत्री पद सहयोगियों के हिस्से में आए है।

रालोद के अलावा सुभासपा को दूसरी बार सरकार में शामिल होने को मौका मिला है। योगी सरकार के पहले कार्यकाल में भी सुभासपा के ओमप्रकाश राजभर मंत्री बने थे। 2022 के विधानसभा चुनाव से ठीक पहले वे भाजपा का साथ छोड़कर समाजवादी पार्टी के साथ चले गए थे। जब सपा गठबंधन बहुमत की जादुई संख्या से काफी पीछे रह गया तो एक बार फिर सुभासपा का झुकाव एनडीए की तरफ बढ़ा और उन्हे पुनः एनडीए में शामिल कर लिया गया। अब वे एक बार फिर योगी सरकार में शामिल हो गए। मंगलवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में राष्ट्रीय लोकदल को सरकार मे सत्रह साल बाद सरकार में शामिल होने का मौका मिला। इससे पूर्व रालोद को तत्कालीन मुलायम और मायावती सरकार में प्रतिनिधित्व मिला था। 2003 से 2007 की मुलायम के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में कौकब हमीद और अनुराधा चौधरी,मेराजुद्दीन, मुन्ना सिंह चौहान व चौधरी बाबूलाल कैबिनेट मंत्री थे जबकि इससे पूर्व 2002 से 2003 की मायावती सरकार में कौकब हमीद और अनुराधा चौधरी कैबिनेट मंत्री थे। 2002 के हुए विधानसभा चुनाव में रालोद ने भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था। 2003 में भाजपा-बसपा गठबंधन की सरकार बनने पर रालोद मायावती मंत्रिमंडल में हिस्सा मिला था। मायावती के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद जब मुलायम ने सरकार बनाने का दावा पेश किया तो रालोद ने भाजपा का साथ छोड़ा और वो सपा के साथ मिलकर सरकार में शामिल हो गया था। 2022 के विधानसभा चुनाव में भी राष्ट्रीय लोकदल सपा के साथ मिलकर लड़ा था। सपा के सरकार न बना पाने के बाद से ही रालोद के सुर बिगड़ने लगे थे हालांकि रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी को राज्यसभा सपा गठबंधन के जरिए ही भेजा गया था। 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में राममंदिर के उद्घाटन के बाद बदले राजनीतिक परिवेश को देखते हुए रालोद ने एनडीए की तरफ पेंगे बढ़ानी शुरू किए तो भाजपा की भी उत्सुकता बढ़ी और उसने पश्चिम में बेहतर प्रदर्शन करने की गरज से रालोद को एक बार फिर एनडीए में शामिल कर लिया। रालोद पहले भी एनडीए का हिस्सा रहा है। दूसरे कार्यकाल के पहले विस्तार में जातीय समीकरणों का खास ध्यान रखा गया है। मंत्रिमंडल में शामिल किए गए चारों नए मंत्रियों में से दो पश्चिमी से और दो पूर्वी उत्तर प्रदेश से है। राजनीतिक जानकारों की माने तो शामिल किए गए इन लोगों का अपने-अपने क्षेत्र में खासा प्रभाव है। लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र ही विस्तार में शामिल होने वाले नामों को तय किया गया है हालांकि राजभर और चौहान का मंत्री बनना बहुत पहले से तय था। भाजपा कोर्ट से मंत्री बने सुनील शर्मा के नाम ने सभी को चौकाया। शर्मा को शामिल करके विपक्ष सरकार और मुख्यमंत्री योगी की ब्राम्हण विरोधी छवि से उबारने की कोशिश की गयी है। साहिबाबाद से दो बार व गाजियाबाद से एक बार विधायक बनने वाले सुनील शर्मा ऐसे विधायक हैं जिन्होंने उत्तर प्रदेश में सबसे ज्यादा वोट से जीत हासिल की थी। विस्तार के जरिए भाजपा ने सवर्ण से लेकर ओबीसी और दलितों को अपने साथ लाने की कोई कोशिश नहीं छोड़ी है। राजभर को दूसरी बार मंत्री बनाकर भाजपा ने उनके समाज को साधने के साथ ही ओबीसी की अन्य जातियों बिंद निषाद, बंजारा आदि को अपने साथ लाने की कोशिश की है। राजनीतिक जानकारों की माने तो पूर्वांचल की कई सीटों पर इन जातियों खासा प्रभाव है। योगी मंत्रिमंडल में दुबारा शामिल किए गए दारा सिंह चौहान नोनिया जाति से आते उनका कितना प्रभाव है इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उपचुनाव हारने के बाद न सिर्फ उन्हे एमएलसी बनाया गया बल्कि कैबिनेट मंत्री बनाया गया। पिछड़ों के साथ दलितों को साथ रखने और पश्चिम में स्थिति और बेहतर करने की गरज से रालोद के विधायक अनिल कुमार को भी जगह दी गई है। अनिल कुमार दलितों की उस जाटव जाति से हैं। अनिल कुमार इससे पहले वह तीन बार अलग-अलग पार्टियों से विधायक चुने गए।

अखिलेश के पीडीए का जवाब पीडीए से

मंगलवार को हुए मंत्रिमंडल विस्तार को राजनीतिक जानकार पीडीए का जवाब पीडीए मान रहे है। हालांकि सपा के पीडीए को पहला झटका राज्यसभा चुनाव में ही लग चुका है जब उनके आठ विधायक उनका साथ छोड़कर भाजपा के साथ चले गए थे। इन आठ में पांच अगड़े और तीन पिछड़े थे। जबकि इस बार के विस्तार में एक अगड़े के साथ दो पिछड़े और एक दलित को शामिल किया गया है।

लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस को झटका, भाजपा में शामिल हुए डा. राजेश मिश्रा

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। कांग्रेस पार्टी इस समय बुरे दौर से गुजर रही है। ऐसे में लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को उत्तर प्रदेश में बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और वाराणसी संसदीय सीट से सांसद रहे डा. राजेश मिश्रा ने मंगलवार को भाजपा का दामन थाम लिया। डा. राजेश मिश्रा को भाजपा केन्द्रीय कार्यालय में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह व पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद की उपस्थिति में भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई गयी।

डा. राजेश मिश्रा के अचानक कांग्रेस छोड़कर चले जाने से कांग्रेसी खेमे में बेचैनी बढ़ गयी है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी का समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन है। सपा-कांग्रेस गठबंधन में वाराणसी संसदीय सीट कांग्रेस के खाते में गयी है। कांग्रेस वाराणसी संसदीय सीट से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सामने मजबूत प्रत्याशी उतारने की तैयारी में थी। ऐसे में राजेश मिश्रा के अचानक भाजपा में शामिल होने से कांग्रेस पार्टी की रणनीति को जबर्दस्त झटका लगा है। ऐसे में कांग्रेस को अब नये सिरे से चुनावी बिसात बिछानी पड़ेगी। क्योंकि कांग्रेस पार्टी वाराणसी संसदीय सीट से डा. राजेश मिश्रा को अपना उम्मीदवार बनाने की तैयारी में थी। पाला बदलने से डा.राजेश मिश्रा मोदी के सामने बलि का बकरा बनने से बच गये। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता हरिश्चन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की लोकप्रियता दिनोंदिन बढ़ती जा रही है। जैसे-जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है दूसरे दलों के नेता मोदी के नेतृत्व में काम करने के लिए भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

एकाउंट हैक कर अभद्र टिप्पणी, मुकदमा दर्ज

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र में रहने वाली एक अधेड़ महिला का जालसाजों ने फेसबुक एकाउंट हैक कर अभद्र टिपण्णी पोस्ट करने लगा, जिसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की। कृष्णा नगर कोतवाली प्रभारी कैलाश दुबे ने बताया कि थाना क्षेत्र के संजय गांधी माता आजादनगर निवासी महिला पूनम शुक्ला ने शिकायत की है कि उसका फेसबुक एकाउंट किसी अज्ञात हैकर द्वारा हैक कर उसके एकाउंट द्वारा गलत व अभद्र प्रकार का पोस्ट किया जा रहा है। अभद्र पोस्ट को देखते ही महिला ने अपना फेसबुक एकाउंट तत्काल बंद कर दिया है। फिलहाल महिला की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ आईटी एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज

भूमि कब्जा मुक्त कराने के लिये किसान यूनियन की महापंचायत

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। आशियाना क्षेत्र के सालेह नगर तिराहा स्थित सामुदायिक केंद्र निकट खाली मैदान में मंगलवार सुबह भारतीय किसान यूनियन (अरा) लोकतान्त्रिक गुट ने भूमाफियाओ द्वारा जीएस की भूमि शमशान तालाब झील आदि स्थानों को क? ब्जा किये जाने एवं किसानो की अधिगृहित भूमि को मुआवजा दिए जाने समेत कई सूत्रीय मांगो को लेकर महापंचायत का आयोजन किया।

आवास एवं विकास परिषद की बैठक में प्रस्तावित बजट को अनुमोदन

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उप्र आवास एवं विकास परिषद की 265वीं बैठक परिषद के प्रशासनिक भवन स्थित सभा कक्ष में नितिन रमेश गोकर्ण, अध्यक्ष/अपर मुख्य सचिव उ प्र शासन, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आवास एवं विकास परिषद के वित्तीय वर्ष-2023-24 के पुनरीक्षित एवं वित्तीय वर्ष-2024-25 हेतु प्रस्तावित बजट को निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। मुख्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किये जाने हेतु उप्र पूर्व सैनिक कल्याण निगम लि

के सेवा विस्तार संबंधी प्रस्ताव को निदेशक मण्डल द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। उप्र आवास एवं विकास परिषद के विभिन्न न्यायालयों में योजित कोर्ट केस व अन्य विधिक प्रकरणों के निस्तारण हेतु परिषद में नियुक्त विधि परामर्शदाता श्री दीपक कुमार श्रीवास्तव का सेवाकाल एक वर्ष जिसकी वैधता मार्च-24 तक है, को निदेशक मण्डल द्वारा पुनः एक वर्ष (मार्च-25 तक) के लिए विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया।

उप्र आवास एवं विकास परिषद में स्थापित विधि अनुभाग में अशोक कुमार मिश्रा ओएसडी विधि का एक वर्ष के लिए सेवाकाल विस्तारित किये जाने का निर्णय लिया गया। राजेश कुमार मेहतानी, सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता, उप्र आवास एवं विकास परिषद की सेवाएं परिषद मे ओएसडी के पद पर एक वर्ष के लिए अनुबन्धित किये जाने संबंधी प्रस्ताव का अनुमोदन प्रदान किया गया।

भारत अंडों के निर्यात का हब बनेगा : सांसद

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। इंडियन पोल्ट्री एक्सपो को संबोधित करते हुए पूर्व डिप्टी सीएम व सांसद डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि आज भारत में सबसे अधिक उत्पादन की चीज पहले नंबर पर दूध है तो दूसरा नंबर अंडों का है। उन्होंने कहा कि अब भारत जल्द ही अंडों के निर्यात करने का हब बनेगा। अब इसके निर्यात करने भी समय आ गया है। आज स्वरोजगार के क्षेत्र में यह लोकप्रिय हो गया है कुक्कुट पालन गांव में देखने को मिलता है।

प्रदेश में अगर कुक्कुट पालन के लिए जमीन लेते हैं तो आपको रजिस्ट्री में छूट मिलेगी आपको बिजली में छूट मिलेगी। इस दौरान कार्यक्र म के प्रमुख आयोजनकर्ता डॉ पीके शुक्ला ने कहा कि वो शासन के सहयोग से कुक्कुट विकास की योजनाओं को समय.समय पर चलाते रहते हैं। उन्होंने कहा कि भारत में मुर्गियों की संख्या लगभग 850 मिलियन है अंडे उत्पादन की दृष्टि से हम लोग विश्व में तीसरे स्थान पर हैंऐसे में 130 बिलीयन अंडे उत्पादन करते हैं और उत्पादन की दृष्टि से विश्व में 5वें स्थान पर हैं। बताया कि उत्तर प्रदेश मुर्गी उत्पादन के रूप में एक गैर परंपरागत रूप में जाना जाता था।

कर्नाटक का युवा संगत प्रतिनिधिमंडल सीएस से मिला

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र से कर्नाटक से आये युवा संगम प्रतिनिधिमण्डल ने भेंट की। भेंट के दौरान मुख्य सचिव ने प्रदेश के विकास कार्यों पर चर्चा की और पूछे गये प्रश्नों का उत्तर दिया। मुख्य सचिव ने प्रतिनिधिमंडल का बदलते उत्तर प्रदेश में स्वागत करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में गत वर्षों में प्रदेश में बड़ा परिवर्तन आया है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित बनाने का लक्ष्य रखा है। देश विकसित तभी होगा जब प्रदेश विकसित हो। आज प्रदेश में शिक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर स्वास्थ्य ट्रांसपोर्ट समेत अन्य सेक्टर में तेजी से परिवर्तन हो रहा है। कानून व्यवस्था बेहतर और निवेश के लिए अनुकूल माहौल है। नई पॉलिसी को महत्व दिया जा रहा है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प के साथ देश जिस तेजी से आगे बढ़ रहा है उसमें युवाओं को अपना योगदान देना चाहिये। उन्होंने कहा कि ड्रोन एआई और इंटरनेट टेक्नोलॉजी के माध्यम से कार्य तेजी से हो रहा है। टेक्नोलॉजी के माध्यम से लोगों के जीवन में परिवर्तन लाया जा सकता है। इस अवसर सेण्ट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ कर्नाटक की प्रोफेसर

पानी की बोतलों में बिक रहा डीजल-पेट्रोल

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। लखनऊ के मड़ियांव थाना क्षेत्र में प्रीति नगर से डुडौली मार्ग पर भुइयन देवी मंदिर के सामने पानी की बोतलों में डीजल-पेट्रोल बेचा जा रहा है। खुलेआम बिक्री को रखे पेट्रोल-डीजल का रेट आवश्कता के अनुसार तय किया जाता है। कई बार 120 रुपए प्रति लीटर से लेकर 140 रुपए प्रति लीटर तक का रेट मांगा जाता है। पानी की बोतल में पेट्रोल बेचने वाली महिला मीना ने बताया कि आज पेट्रोल 130 रुपए तय मूल्य पर बेच रही हूं। ये रेट पूरे इलाके में तय है। पेट्रोल बेचने वाले सभी दुकानदार इसी रेट पर बेचेंगे। आवश्यकता बढ़ने पर रेट बढ़ता है तो कभी घटता भी है।

पेट्रोल पम्प से कैसे मिलता है पेट्रोल

पेट्रोल पम्प से पेट्रोल मिलने के प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया कि गैलन में भरकर एक व्यक्ति उन्हें पेट्रोल दे जाता है। वह कभी पेट्रोल पम्प नहीं गई। एक मोबाइल नम्बर से बात कर ही उन्हें आपूर्ति हो जाती है।

30 से 35 लीटर पेट्रोल की प्रतिदिन होती बिक्री

जरूरतमंद लोगों को प्रत्येक दुकानदार प्रतिदिन 30 से 35 लीटर पेट्रोल की बिक्री करता है। जरूरतमंद लोग आधा लीटर, एक लीटर पेट्रोल और 5 लीटर डीजल की बोतल खरीद कर अपनी आवश्कता की पूर्ति करते है।

थाना पुलिसकर्मी आते-जाते नहीं देते ध्यान

मड़ियांव थाना क्षेत्र में प्रीति नगर से डुडौली मार्ग पर खुलेआम बिक रही पेट्रोल के पास आते जाते पुलिसकर्मी ध्यान नहीं देते। दुकानदारों के अनुसार कभी कोई पुलिसकर्मी उनसे पूछताछ करने या खुले में पेट्रोल बिक्री रोकने नहीं आया।

इमरजेंसी सुविधा में होगी बढ़ोतरी : प्रो. सीएम सिंह

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। मरीज को बिना इलाज वापस न जाना पड़े इसके लिए इजरजेंसी स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की जरूरत है। इसमें बेड बढ़ोतरी के साथ जो भी कमियां होंगी उसे दूर करने के लिए प्रयत्नशील हूं और यह कमिटमेंट है कि किसी भी मरीज को शिकायत करने का मौका नहीं दिया जायेगा। डा राममनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में आयोजित प्रेसकांफ्रेस के दौरान नवनियुक्त निदेशक प्रो.सीएम सिंह ने दी। उन्होंने कहा कि इमरजेंसी ट्रामा सेन्टर में सुविधाओं को कैसे बढाया जाये उस पर कार्य किया जा रहा है। प्रो सिंह ने कहा कि पढ़ाई कर रहे एमबीबीएस छात्रों को शोध के क्षेत्र से जोड़ा जायेगा। जिससे किसी भी बीमारी का इलाज करना आसान बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि चिकित्सा स्वास्थ्य को आसान बनाने में शोध की अहम भूमिका होती है। साथ ही उन्होंने प्रोण्सिंह द्वारा किये शोध कार्यो के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके तत्पश्चात डॉण्विक्रम सिंह ने संस्थान की विशेषताओं पर प्रकाश डाला।

संक्षिप्त समाचार

15 दिन बीते, किसानों को नहीं मिली सहायता

भरुआ सुमेरपुर। ओलावृष्टि के 15 दिन गुजरने के बाद किसानों को सरकारी सहायता का एक धेला अभी तक नसीब नहीं हुआ है। ब्लॉक के 40 गांव ओलावृष्टि से प्रभावित हैं। इन गांवों में 20 फरवरी से लेकर 5 मार्च के मध्य तीन बार ओलावृष्टि हुई है। कृषि विभाग निरीक्षण के दौरान कह चुका है कि किसान बुरी तरह से तबाह हुआ है। मुख्यमंत्री के आदेश हैं कि ओला प्रभावित किसानों को 24 घंटे में मदद मुहैया कराई जाए। लेकिन यह आदेश यहां नदारत है। ओलावृष्टि के 15 दिन गुजर जाने के बाद किसानों को एक धेला नसीब नहीं हुआ है। ओला प्रभावित बांक, बिलहडी, बांकी, नदेहरा, स्वासा खुर्द, स्वासा बुजुर्ग, कुम्हऊपुर, मोराकांदर, सहुरापुर, उजनेडी, कलौली जार, पौथिया, दरियापुर, कुंडौरा, सौंखर, देवगांव, पंधरी, पारा रैपुरा, बिरखेरा, मौहर, अतरैया, टेढा, पचखुरा बुजुर्ग, बरुआ, भौंरा, सुरौली बुजुर्ग आदि के ग्राम प्रधानों ने बताया कि अभी तक किसी तरह की सहायता नहीं मिली है। सर्वे के बाद किसानों से लेखपाल खतौनी आधार कार्ड आदि मांग रहे हैं। इसके बाद ही सहायता मिलने की उम्मीद है।

एमडीएम घोटाले का हुआ खुलासा

भरुआ सुमेरपुर। बीते दो मार्च को प्रभारी खंड विकास अधिकारी शांतुन कुमार सिनसिनवार ने ग्राम पंचायत कैथी के कंपोजिट विद्यालय का औचक निरिक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान प्रभारी बीडीओ को पंजीकृत 560 छात्र छात्राओं के सापेक्ष 191 मौजूद मिले थे। जबकि मध्याह्न भोजन रजिस्टर में प्रधानाध्यापक दिनेश चंद ने 303 छात्र छात्राओं को भोजन करना दर्शाया था। इसकी रिपोर्ट बीडीओ ने जिलाधिकारी राहुल पांडेय को भेजी थी। डीएम ने बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक सिंह को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। बीडीओ की इस कार्यवाही से शिक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है।

मौसम की करवट, वायरल फीवर ने पसारे पैर

भरुआ सुमेरपुर। मौसम के बदलाव का असर मानव जीवन पर पड़ना शुरू हो गया है। ओलावृष्टि एवं बारिश के बाद वायरल बुखार में तेजी के साथ पैर पसारे हैं। मंगलवार को ओपीडी में मौजूद चिकित्सक डॉ तरुण पाल, डॉ परवेज कादरी, डॉ शमा परवीन ने बताया कि मौसम बदलाव से वायरल बुखार में इजाफा हुआ है। ओपीडी में अचानक सैकड़ो में मरीजों की संख्या बढ़ी है। सोमवार को 234 तथा मंगलवार को 224 मरीजों का उपचार किया गया है। डॉक्टरों ने बताया कि वायरल बुखार सर्वाधिक बच्चे, बूढ़े शिकार हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि वायरल बुखार से बचने के लिए लोगों को साफ उबला पानी और हल्का सुपाच्य भोजन ग्रहण करना चाहिए और सुबह-शाम पड़ने वाली सर्दी से भी बचाव की जरूरत है।

कार्यकत्री ने आठ माह से नहीं बांटा पोषाहार

भरुआ सुमेरपुर। जलाला की प्रधान बिट्टो सिंह ने सीडीपीओ से शिकायत करके अवगत कराया था कि भभौरा के आंगनबाड़ी केंद्र संचालिका रीता देवी, सहायिका माया देवी ने अगस्त 2023 से पोषाहार का वितरण नहीं किया है। सीडीपीओ प्रीति भिलवारे ने मामले की जांच मुख्य सेविका तारा देवी को सौंप थी। मुख्य सेविका की जांच में प्रधान सहित लाभार्थी अंशिता, ललिता, शालिनी आदि ने बताया कि उनको पिछले नौ माह से पोषाहार नहीं मिल रहा है। मुख्य सेविका को केंद्र में आधा पोषाहार मौजूद मिला। लेकिन वह वितरण लायक नहीं बचा है। जांच रिपोर्ट के बाद सीडीपीओ ने आंगनवाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्त की संस्तुति की है। जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि आंगनवाड़ी की कार्यकत्री का मानदेय पूर्व में ही रोक दिया गया था। सीडीपीओ की सेवा समाप्ति की रिपोर्ट प्राप्त हुई है।

चुनाव के दृष्टिगत हुआ एरिया डोमिनेशन

मैनपुरी/ बरनाहल। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार अपर पुलिस अधीक्षक राहुल मिठास तथा क्षेत्राधिकारी करहल के सफल पर्यवेक्षण में थाना अध्यक्ष बरनाहल सुखबीर सिंह के मैं फोर्स और आई टी वी पी फोर्स जवानों के साथ थाना बरनाहल क्षेत्र के कस्बा बरनाहल में डालूपुर तिराह भदोलपुर चौराहा एमा हसन नगर चौराहा होली तिराहा मैन बाजार बड़कन वाली गली ग्राम दलेल नगर सलूकनगर विनायकपुर लाखनमऊ क्षेत्र का भ्रमणकियाएरिया डोमिनेशन किया गया जिसके अंतर्गत पोलिंग बूथ 03 क्रिटिकल 01 वलनरेबिल किए गए एरिया डोमिनेशन किए गए गांव का मोहल्ला के लोगों को बिना डरे तथा बिना किसी के दबाव में आये स्वतंत्र और निष्पक्ष पूरे परिवार के साथ अपने मताधिकार का लोग प्रयोग करें।

ऑपरेशन त्रिनेत्रः बढ़ रहा कारवां

कानपुर। शहर की हर गली, हर चौराहा और हर घर को सीसीटीवी कैमरे की नेटवर्किंग के दायरे में लाने की पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार की मुहिम में एक के बाद एक कड़ी जुड़ती जा रही है। मंगलवार को अखिल भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष डॉ. संजय कपूर ने पुलिस कमिश्नर से मुलाकात कर 'ऑपरेशन त्रिनेत्र एम्बैसडर' प्रोग्राम में पुलिस का साथ देते हुए प्रथम चरण में शहर के 10 चौराहों को गोद लेने की सहमति प्रदान की। शहर के बड़े कारोबारी और प्रतिष्ठित संस्थान पुलिस के इस मिशन में मदद को खुद आगे बढ़ कर आ रहे हैं। मिशन की सफलता की तस्दीक करने को यह नजीर काफी है।

ममता बनर्जी पर भड़के एबीवीपी कार्यकर्ता

कानपुर। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने ममता बनर्जी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने टीएमसी नेताओं और सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला। पश्चिम बंगाल में चल रहे मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। सन्देशखाली में महिलाओं के साथ शोषण के आरोप लग रहे। पश्चिम बंगाल की सीएम पर संरक्षण देने का आरोप लगाया। मंगलवार को एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने कानपुर विश्वविद्यालय के गेट पर विरोध प्रदर्शन किया, मौके पर फोर्स पहुंचा, कार्यकर्ताओं ने एसीपी कल्याणपुर को ज्ञापन सौंपा।

लूटपाट करने वाले चढ़े पुलिस के हत्थे

कानपुर। रायपुरवा पुलिस ने रात के अंधेरे में लूटपाट करने वाले गैंग के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इन लुटेरों ने ऐसी ही एक वारदात जनवरी के महीने में नौबस्ता निवासी जगदीश शुक्ल के साथ की थी। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि इस मामले की पड़ताल कर रही पुलिस ने नसीमाबाद निवासी अनुराग सोनी और आवास विकास कल्याणपुर निवासी राकेश कुमार को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने लूट के 5 मोबाइल, एक्टिवा गाड़ी और नकदी बरामद की है। डीसीपी सेंट्रल ने बताया कि इसमें अनुराग सोनी पाकेटमार है जबकि राकेश आटो चालक है और सूदखोरी का काम करता है।लुटेरों ने कई वारदातें कबूली हैं।

कानपुर। पुलिस उपायुक्त पूर्वी के दिशा निर्देशन में स्ट्रैटेजिक प्वाइंट दीना सौदागर मस्जिद कैंट हॉस्पिटल तिराहा थाना रेल बाजार पर अर्जेंट रिस्पांस ड्रिल की गई जिसमें थाना प्रभारी समेत 40 पुलिस के जवान मौजूद रहे। इस दौरान सबको ब्रीफ किया गया, साथ ही एंटी-रायट उपकरणों के साथ सभी मौजूद रहे। आंसू गैस रबर बुलेइट्स गन व ड्रोन को चेक किया गया।

तुम किसी गैर को चाहोगे तो मुश्किल होगी...

'नाजायज' इश्क में दोस्त ने बदला जेंडर, एक करोड़ रुपए फूंके, फिर बेवफाई पर फूंकी कार

● कार में आग लगाने की घटना पर हैरतअंगेज खुलासा

आशुतोष मिश्र 'रुद्र'

कानपुर। "तुम मुझे ना चाहो तो कोई बात नहीं। किसी गैर को चाहोगे तो मुश्किल होगी...। कुछ इसी बुनियाद पर टिकी एक 'नाजायज' मोहब्बत से पर्दा उठा। श्याम नगर में पेट्रोल डाल कर कार में आग लगाने की वारदात का 'ऑपरेशन त्रिनेत्र' की मदद से खुलासा तो हो गया, मगर इसके पीछे की जो कहानी दुनिया के सामने आई। उसे सुन कर हर कोई हैरत में था। दोस्त की मोहब्बत में एक दोस्त ने अपना हुलिया तक बदल डाला। जेंडर चेंज कराया। बेपनाह दर्द झेल कर प्लास्टिक सर्जरी तक करा डाली। शादी के ख्वाब में तकरीबन एक करोड़ रुपए खर्च कर डाले और जब बदले में बेवफाई मिली तो वही इश्क जुनून में बदल गया।

सचमुच ऐसा मामला पहले कभी सामने नहीं आया। श्याम नगर पीएसी रोड रामपुरम निवासी अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि उनका स्टूडियो है। उनके घर के बाहर पार्किंग में कार खड़ी करते हैं। देर रात अचानक से कार धू-धू कर जलने लगी। आग की तेज लपटें और पड़ोसियों की आवाज पर अनूप घर के बाहर आए तो दंग रह गए। उनकी कार धू-धू कर जल रही थी। खुद ही घर में लगे अग्निशमन यंत्र से और पानी डालकर आग पर काबू पाया। इसके बाद उन्होंने घर का फुटेज चेक किया तो दंग रह गए। एक युवक दो लीटर वाली बोतल में पेट्रोल लेकर आया। कार के ऊपर डालकर आग लगाकर भाग निकला। अनूप ने मामले की सूचना चकेरी थाने पर दी। पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन, आग लगाने वाले का कोई सुराग नहीं मिला।

पीड़ित अनूप शुक्ला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की थी। सर्विलांस की मदद से चकेरी पुलिस ने इंदौर जा रही बस का पीछा करके कानपुर से 40 किलोमीटर दूर जाकर उसे अरेस्ट कर लिया। जांच के बाद दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया।

जॉइंट सीपी हरीश चन्द्र ने बताया कि कार में आग लगाने वाले कांड का खुलासा हो गया है। आग लगने के बाद जांच की गई तो सामने आया कि कार मालिक अनूप कुमार शुक्ला के बेटे विभव शुक्ला का इंदौर निवासी लड़के पीएफ कॉलोनी जंजीरबाग थाना साउथ तुकोगंज इंदौर एमपी निवासी दीप तनवानिया से नजदीकी थी। वैभव ने उससे शादी करने का झांसा दिया था। शर्त थी कि लिंग परिवर्तन कराना पड़ेगा। इसके बाद दीप ने करीब 50 से 60 लाख रुपए खर्च करके अपना जेंडर चेंज कराया था। इसके बाद करीब 40 लाख रुपए खर्च करके अपनी ब्रेस्ट सर्जरी और फेस सर्जरी भी कराई थी, जिससे वह लड़कियों जैसा दिखे। करीब 1 करोड़ रुपए खर्च करने के बाद भी विभव शादी से मुकर गया और कहा कि तुम्हारे बच्चे नहीं हो सकते हैं। इसी खुन्नस में दीप तनवानिया अपने एक साथी थाना हबीबगंज भोपाल निवासी रोहन के साथ कानपुर पहुंची। इसके बाद दोनों ने एक किराए की स्कूटी ली और विभव शुक्ला की कार पर रविवार रात को पेट्रोल डालकर फूंक दिया।

इंडियन आइडल विनर पर बरसे फूल

कानपुर में ग्रांड वेलकम, परमट में टेका माथा

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। कल्याणपुर नानकारी के रहने वाले वैभव के पिता विष्णु गुप्ता परचून के थोक विक्रेता हैं। उन्होंने बताया वैभव को बचपन से ही गाने का शौक था। जब वह तीन वर्ष का था, उसकी माता का निधन हो गया। उसके बड़े पापा मुन्ना लाल व मम्मी प्रीति ने उसको पाला। वैभव ने 2023 में इंटर की परीक्षा पास की थी। उन्होंने बताया कि शहर में निकलने वाली जगन्नाथ यात्रा में अक्सर वैभव भजन गाने जाया करता था।

मंगलवार सुबह वैभव मुंबई से लखनऊ एयरपोर्ट पहुंचे, फिर लखनऊ से शहर के लिए कार से रवाना हुए। इंडियन आइडल सीजन 14 के विजेता वैभव जैसे गंगा बैराज पहुंचे, उनका ढ़ोल-नगाड़ों के साथ स्वागत किया गया। लोगों ने फूल-मालाएं पहनाएं।

वैभव घर जाने से पहले सीधा आनंदेश्वर बाबा के दरबार पहुंचे। जहां उसने भोले का श्रृंगार कर आशीर्वाद लिया। यहां से इंदिरानगर पहुंचे, जहां कोचिंग एसोसिएशन ने उनका स्वागत किया। डिस्प्ले लगाकर वैभव के शो को दिखाया गया। विधायक नीलिमा कटियार ने माला पहनाकर वैभव का स्वागत किया। इसके बाद वह अपने घर की तरफ रवाना हुए। रास्ते में भी स्वागत हुए। घर पहुंचने पर भीड़ ने वैभव को घेर लिया और उसकी कामयाबी का जश्न मनाया। घर के पास परिजनों, रिश्तेदारों, यार-मित्र जमकर नांचे। वैभव का घर फूलों और रंग बिरंगी चुन्नियों से सजा है। समीप ही मंदिर को भी सजाया गया। उसके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। चार बार इंडियन आइडल के आडिशन से बाहर होने के बाद पांचवीं बार वैभव ने विजयी हासिल की। विष्णु गुप्ता ने बताया कि वैभव जब अभ्यास करता था तो उसका रियाज चार-पांच घंटे चलता था। उसकी मेहनत देखकर लगता था कि एक दिन वह जरूर कुछ अच्छा करेगा। ट्राफी में 25 लाख रुपये का चेक और एक ब्रेजा कार जीती है। वैभव के पिता ने बताया कि आडिशन से बाहर हो जाने पर वह निराश हो जाता था, लेकिन कभी हताश नहीं होता था। वह लोगों की मिशल देता था कि लोग अनेकों प्रयास के बाद सफलता पाते हैं।

भूख हड़ताल पर बैठे शिक्षक

समाज कल्याण विभाग के 17 विद्यालयों के शिक्षकों का विकास भवन में धरना

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। समाज कल्याण विभाग की तरफ से अनुदानित विद्यालयों के शिक्षकों को चार महीने से वेतन न मिलने को लेकर शिक्षकों ने आंदोलन तेज कर दिया है। इसी कड़ी में शिक्षकों ने विकास भवन में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल शुरू कर दी। शिक्षकों का कहना है कि विकास भवन के अफसर उनके वेतन को लेकर उदासीन बने हुए हैं, ऐसे हालातों में काम करना मुश्किल हो गया है।

भूख हड़ताल पर बैठे शिक्षकों ने कहा कि कानपुर में समाज कल्याण विभाग की तरफ से 17 अनुदानित विद्यालयों के 55 शिक्षक ऐसे हैं, जिन्हें वेतन नहीं मिल रहा है। शिक्षकों का कहना है कि वेतन को लेकर वह जनप्रतिनिधियों से लेकर आला अफसरों तक गुहार लगा चुके हैं लेकिन समाज कल्याण विभाग के अफसर सुनने को तैयार नहीं दिख रहे हैं, उन लोगों का वेतन क्यों रोका गया है, इसको लेकर भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई। शिक्षकों ने कहा कि ऐसे हालातों में वह मुश्किल से जूझ रहे हैं, चार माह से वेतन न मिलने से शिक्षक भुखमरी से जूझ रहे हैं, बच्चों के स्कूल की फीस तक नहीं जमा हो पा रही है। ऐसे में जब तक वेतन नहीं जारी होता है, तब तक उन लोगों का आंदोलन जारी रहेगा। मामला संज्ञान में आने पर मुख्य विकास अधिकारी ने दिए गये इंटरव्यू में तीन दिन के भीतर शिक्षकों का वेतन जारी होने की बात कही।

बाबा बड़े दयालु, परमट में काम चालू

नगर आयुक्त का दौरा, लापरवाही में नपे सफाई कर्मचारी और सफाई निरीक्षक

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। कानपुर नगर निगम के नगर आयुक्त शिवशरणप्पा जीएन द्वारा शिवरात्रि पर्व के दृष्टिगत परमट स्थित आनन्देश्वर मन्दिर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय रजनीश शुक्ला चैकी प्रभारी परमट, राजेश सिंह जोनल अधिकारी-4, कमलेश पटेल जोनल अभियन्ता-4, मो0 फहीम प्रभारी जोनल स्वच्छता अधिकारी एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

परमट स्थित नव निर्मित पार्किंग स्थल का निरीक्षण किया गया। नगर आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये गये कि पार्किंग स्थल की मार्किंग सर्वप्रथम की जाये, बीच में सेमी हाईमास्क लगाया जाये, चारो ओर लाइट की संचालित है, उसे चालू रखा जाये।

प्रवेश एवं निकास द्वार बन चुके है, उनमें प्रवेश एवं निकास द्वार बोर्ड लगाया जाये। वाहन चालकों हेतु एक शौचालय निर्मित किया जाये। 02 बूम बैरियर लगाया जाये, पहले पार्किंग स्थल से आगे दूसरा चैकी के पास, जिससे वाहन कोई भी अन्दर न आ सके, केवल राहगीर ही सुगमता से आवागमन कर सके। शेल्टर होम से मन्दिर

तक टैफ्को बाउण्ड्रीवाल की ओर इण्टरलॉकिंग किये जाने के निर्देश दिये गये। परमट आनन्देश्वर मन्दिर व घाट की साफ-सफाई के लिये 45 कर्मचारियों की तैनाती की गयी है, जिसमें 03 सफाई निरीक्षक, 08 सफाई नायक भी इनकी मानीटरिंग के लिये उपस्थित रहेंगे।

निरीक्षण के दौरान मन्दिर के अन्दर व बाहर गन्दगी पायी गयी, जिस पर नगर आयुक्त ने निर्देश दिये कि सफाई नायक राकेश एवं सफाई कर्मचारी कमल, विजय, सुरेखा, जयचन्द्र एवं वीर का एक दिन का वेतन रोके जाने एवं सफाई निरीक्षक दिलीप भारती को कारण बताओ नोटिस निर्गत करने के निर्देश दिये गये।

मेला स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)। कमालगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत महाशिवरात्रि के अवसर पर श्रृंगी ऋषि की तपस्थली श्रंगीरामपुर में लगने वाले मेले का जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह व पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने मौके पर पहुंच कर निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा मेले में आने बाले श्रद्धालुओं की संख्या व उनको होने बाली समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि बाहर के राज्यो व जिलो से आने बाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी नही होनी चाहिये जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया कि नाव, नाविक व गोताखोरों नाम व मोबाइल नंबर की लिस्ट तैयार करवा कर हर संवंधित अधिकारी को उपलब्ध करा दी जाये। उपजिलाधिकारी ने बताया गया कि श्रद्धालुओं के स्नान के लिये 500 मी0 लम्बा घाट बनाया गया है, ग्रामपंचायत द्वारा मेला क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरे लगाये गये है आवागमन के लिए एकल मार्ग व्यवस्था लागू की गई है। जिसमें खुदागंज की तरफ से श्रद्धालु आयेंगे व रजीपुर की तरफ से वापसी करेंगे इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम, बीडीओ, प्रभारी निरीक्षक कमालगंज व संबंधित लोग रहे।

'ब्लैक मनी' के जाल में फंस गया टोबैको कम्पनी का मालिक

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। आयकर विभाग के 50 से ज्यादा अधिकारियों की टीमों ने गुरुवार को बंशीधर श्रीराम फर्म के रामगंज-नयागंज स्थित कार्यालय, शक्करपट्टी स्थित होटल, आर्यनगर स्थित आवास के साथ ही यहीं पर बने तीन प्रतिष्ठानों और दिल्ली के वसंत विहार स्थित आवास, गुजरात के ऊंझा स्थित फैक्टरी, फार्म हाउस, बंगले में छापा मारा था। रामगंज में कारोबारी का पुराना कार्यालय है। फर्म के संचालक केके मिश्रा उर्फ मुन्ना मिश्रा हैं। उनका बेटा शिवम मिश्रा कारोबार देखता है। जांच में पता चला है कि तंबाकू कारोबारी की संपत्तियों में बड़े पान-मसाला कारोबारियों ने काली कमाई खपाई है। तंबाकू कारोबारी बहुत बड़े स्तर पर कच्चे पर्चे पर काम कर रहे थे। फैक्टरी में तैयार

और कच्चा माल भी बड़े स्तर पर मिला है। फर्म केवल 25-30 करोड़ का टर्नओवर दिखाती रही है। इसके अलावा 17 संपत्तियों के दस्तावेज, लग्जरी कारें और महंगी घाड़ियां मिली हैं। छह मुखौटा कंपनियों के जरिये काली कमाई को सफेद बनाने का खेल भी पकड़ा गया है।

अभी 'पहेली' बने हैं नरकंकाल

कानपुर। बर्रा थानाक्षेत्र में खाली पड़े प्लॉट में मिले मानव अवशेषों, नरकंकालों का पोस्टमार्टम किया गया। जिससे यह तथ्य सामने आया है कि हड्डियों पर मेडिकल लिट्रेचर के शब्द लिखे मिले हैं। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों का एक अनुमान यह भी है कि अवशेषों का मेडिकल छात्रों ने कहीं उपयोग किया होगा। इसके बाद फेंक दिया गया होगा। हड्डियों पर लगे सिंदूर से लोग तंत्र-मंत्र की बात कह रहे हैं। पुलिस अभी कुछ तय नहीं कर सकी है।

अनिल कुमार के मंत्री बनने पर रालोद में खुशी की लहर

कानपुर (स्पष्ट आवाज)। भारतीय जनता पार्टी कानपुर उत्तर के नवीन मार्केट कार्यालय में रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता सुरेश गुप्ता ने भारतीय जनता पार्टी उत्तर के जिला अध्यक्ष दीपू पांडे को मिठाई खिलाकर भाजपा द्वारा अनिल कुमार को मंत्री बनने पर भी बधाई दी। भाजपा व रालोद गठबंधन के एक साथ होने मे हम सभी मिलकर उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटे जीतकर मोदी का ये नारा अबकी बार 400 पार को जमीन पर उतरकर साबित करेंगे। योगी द्वारा आज कैबिनेट की बैठक में किसानों के लिए गए सहारानीय कदम के लिए जिला अध्यक्ष दीपू पांडे व लोक दल के प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने एक संयुक्त बयान मे कहा कि योगी सरकार की कैबिनेट मंजूरी को बधाई देते हुए कहा कि किसानों की आय कैसे दोगुनी हो इसको देखते हुए योगी सरकार ने किसानों को निजी नलकूपों से सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली दिए जाने का फैसला ग्रामीण क्षेत्र में 14.73 लाख एवं शहरी क्षेत्र में 5188 नलकूपों के माध्यम से 1.5 करोड़ किसानों को लाभ मिलेगा और योगी सरकार ने यह भी कहा कि जिनके 1 अप्रैल 2023 से कोई बिल नहीं देना होगा। बधाई देने वालों में मुख्य रूप से जिला महामंत्री अवधेश सोनकर सत्येंद्र नाथ पांडे मीडिया प्रभारी अंकित बाजपेई राघवेंद्र मिश्रा रोहित साहू गौरव द्विवेदी आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

ई-रिक्शा का निर्धारित किया जाए रूटः जिलाधिकारी

फर्रुखाबाद (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी डॉ0 वीके सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार फतेहगढ़ में राज्य कर विभाग द्वारा जिला व्यापार बंधु समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में व्यापारियों द्वारा ई रिक्शा संचालन की समस्याओं को उठाया गया जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एआरटीओ, ई ओ व्यापार मंडल के पदाधिकारियों की कमेटी बनाकर रुट निर्धारण किया जाये,शहर में लाल सराय पर प्रस्तावित पार्किंग स्थल की जगह का ई ओ, सी ओ सिटी एआरटीओ व नगर मजिस्ट्रेट निरीक्षण करे व अधिशाषी अभियंता पीडब्लूडी के जे ई को नामित कर नक्शा बनबाये व स्टीमेट तैयार कराये जिससे उसके निर्माण की कार्यवाही आगे बढ़ सके, शहर में बंदरों के आतंक को रोकने के लिये जिलाधिकारी ने बैठक में डीएफओ, सीवीओ नगर मजिस्ट्रेट व ई ओ को निर्देशित किया कि वो इसका लीगल समाधान खोजे, शहर के मुख्य मार्गो पर व्याप्त अतिक्रमण के संबंध में ई ओ को पुलिस के साथ मिलकर सर्वे करने व जिन व्यापारियों की दुकान के सामने स्थाई अतिक्रमण है उनसे ये जानकारी ले ले कि यह उनकी मर्जी से है या नही, सीओ सिटी द्वारा बताया गया कि हथियापुर पुलिस चौकी के पास पड़े दो एक्सीडेंटल वाहनों को हटवा दिया गया है। बैठक में डीएफओ, नगर मजिस्ट्रेट सीओ सिटी व अधिकारीगण रहे।

सूचना

मैं सौरभ राजपूत सूचित करता हूं कि मेरी इंटरमीडिएट वर्ष 2018 अनुक्रमांक 0178498 का अंक पत्र वास्तव में खो गया है जिसका प्रयोग अवैध माना जाएगा।

सौरभ राजपूतपुत्र अजय कुमार राजपूत
अंगूरी बाग फर्रुखाबाद

कार्यालय ग्राम पंचायत ममरेजपुर, विकासखंड पुरवा, उन्नाव

पत्रांक : 2023-24 **दिनांक : 05.03.2024**

अल्पकालीन निविदा सूचना

पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त/मनरेगा से वर्ष 2023- 24 अंतर्गत ग्राम पंचायत की स्वीकृत कार्य योजना में निर्माण कार्य हेतु सामग्री कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रकाशन तिथि 06/03/2024 से दिनांक 12/03/2024 समय 12 बजे तक पंचायत भवन में निविदा पेटी में डाली जाएगी। तथा उसी दिन अपराहन 2:00 बजे समिति के समक्ष खोली जाएगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	लंबाई	अनुमानित लागत
1	ठाकुर प्रसाद के घर से शिवप्रसाद के घर तक भूमिगत हयूम पाइप नाली निर्माण कार्य।	230 मीटर	07 लाख
2	नहर पुलिया से संतोष के घर तक भूमिगत हयूम पाइप नाली निर्माण कार्य।	240 मीटर	07 लाख

नियम व शर्तें :- 1. निविदा कर्त्ता कार्यालय दिवस में 10:00 से 12:00 बजे तक दिनांक 12/03/2024 तक निविदा जानकारी एवं प्रपत्र प्राप्त कर सकता है। 2. निविदा कर्ता का पंजीकरण आयकर व व्यापार कर विभाग में होना चाहिए। टिन न0, पैन न0 होना आवश्यक है। इनके बिना निविदा स्वीकार नही होंगी। 3. दिनांक 12/03/2024 को किसी कारण निविदा नही खुल पाती तो अगले कार्य दिवस में निविदा खुलेगी। 4. निविदा स्वीकार्य अथवा अस्वीकार करने का अधिकार समिति का होगा 5. निविदा प्रतिशत की दरों में स्वीकार नहीं है।

ग्राम प्रधान, बबिता **ग्राम सचिव, दीपक कुमार**

कानपुर नगर निगम

निविदा सूचना

निविदा संख्या - 83/मु0अभि0/2023-24

नगर निगम कानपुर के समस्त वर्ष 2023-24 में पंजीकृत/नवीनीकृत ठेकेदारों से उनकी पंजीकरण सीमा के अन्तर्गत तथा उ0प्र0 सरकार के अधीन किसी सरकारी संस्था में निर्माण कार्य हेतु वर्ष 2023-24 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों से विभिन्न अभियन्त्रण खण्डों के अन्तर्गत महत्तवपूर्ण एवं आवश्यक कार्यो हेतु निम्नानुसार निविदायें आमन्त्रित की जाती हैं :-

1. ई-निविदा पद्धति से आमन्त्रित निविदाओं की संख्या :- 22 दिनांक 11.03.2024

उपरोक्तानुसार आमन्त्रित निविदाओं के कार्यो का पृथक-पृथक विवरण एवं निविदा से सम्बन्धित नियम एवं शर्ते कानपुर नगर निगम की बेवसाइट kmc.up.nic.in पर एवं मुख्य अभियन्ता कार्यालय के नोटिस बोर्ड व सम्बन्धित अधिशाषी अभियन्ता के कार्यालय में देखी जा सकती हैं।

मुख्य अभियन्ता
नगर निगम कानपुर

पत्रांक : 413, दिनांक : 05.03.2024

विधायक ने गुप्तार घाट का किया निरीक्षण

● कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के निर्माण कार्य मानक के विपरीत पाये जाने पर दिए जांच के आदेश

अयोध्या। नगर विधायक अयोध्या वेद प्रकाश गुप्ता ने पर्यटन विभाग व यूपीपीसीएल के अधिकारियों के साथ अयोध्या के गुप्तार घाट पर चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। पर्यटन विभाग के द्वारा यूपीपीसीएल निर्माण इकाई के माध्यम से गुप्तार घाट पर पार्क व जन सुविधा केंद्र आदि का निर्माण कराया जा रहा है इसी निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे नगर विधायक को वहां पर निर्माण सामग्री मानक के विपरीत पाए जाने पर भारी रोष व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था के अधिकारियों और ठेकेदार को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि तत्काल इस निर्माण को तोड़कर गुणवत्ता पूर्वक सामग्री के साथ दोबारा निर्माण कराए। साथ ही साथ कार्यदाई संस्था यूपीपीसीएल के मानक विपरीत निर्माण कार्यों के लिए जांच का भी आदेश दिया। उन्होंने निर्माण कार्य में अनियमितता देखकर सभी को हिदायत देते हुए कहा कि अगर इसमें किसी भी प्रकार की हीला हवाली या गुणवत्ता के साथ कोई खिलवाड़ करेगा तो उस पर सख्त कार्रवाई होगी।
उन्होंने अपनी तरफ से भी निर्माण कार्यों में और अच्छा प्रदर्शन लाने के लिए सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि अयोध्या में उत्तर प्रदेश सरकार जिस प्रकार से विकास कार्यों का खाका खींच रही है वह प्रशंसनीय है, इसके साथ-साथ पौराणिक महत्व के गुप्तार घाट समेत अनेक स्थलों का भी जीर्णोद्धार/ नवनिर्माण करा रही है जिससे हमारी भारतीय संस्कृति सदियों तक सुरक्षित रहे। निरीक्षण के समय उनके साथ यूपीपीसीएल के एपीएम राजेश कुमार सिंह, जूनियर इंजीनियर, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी व पर्यटन विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण की आनलाइन बुकिंग शुरू

बलरामपुर। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में यू-विन पोर्टल के संचालन के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि कोरोना महामारी के समय कोविन पोर्टल के माध्यम से लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिए आनलाइन बुकिंग की सुविधा दी गई थी। अब उसी तर्ज पर यू-विन पोर्टल शुरू किया गया है। यू-विन पोर्टल पर गर्भवती व नवजात शिशु से छह वर्ष तक की आयु के बच्चों को टीके लगवाने के लिए, टीकाकरण केंद्रों की जानकारी व आनलाइन बुकिंग की सुविधा होगी। लोग आसानी से टीका लगवाने के लिए बुकिंग कर सकेंगे। टीका लगवाने का डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्राप्त होगा। यू-विन पोर्टल पर पंजीकरण के बाद बच्चों व गर्भवती को देश भर में कहीं भी टीका लगवाने की सुविधा दी जाएगी। इस पोर्टल से पूर्व से संचालित ई-विन, कोविन व आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को जोड़ा जाएगा। कार्यशाला में समस्त ब्लॉक स्तरीय चिकित्सा इकाइयों से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, बीसीपीएम द्वारा प्रतिभाग किया गया।

शक्ति बंधन अभियान में स्कूटी रैली आयोजित

बलरामपुर संवाददाता। शक्ति बंधन अभियान के अंतर्गत भाजपा की ओर से मंगलवार को स्कूटी रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर किया। भारतीय जनता पार्टी की ओर से रमण पार्क से स्कूटी रैली निकल गई जो की मेजर चौराहा अंबेडकर तिराहा से होते हुए तुलसी पार्क स्थित भाजपा कार्यालय पर पहुंच कर समाप्त हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला ने कहा कि पीएम मोदी महिलाओं के लिए विशेष कार्य कर रहे हैं। पीएम मोदी को महिलाओं का अपार समर्थन प्राप्त हो रहा है। तीन तलाक सहित अन्य कानून बनाकर महिलाओं को समाज में ऊपर लाने का प्रयास भाजपा सरकार ने किया है। कार्यक्रम संयोजक जिला उपाध्यक्ष आद्या सिंह ने कहा कि शक्ति बंधन अभियान के तहत नगर में स्कूटी रैली निकल गई। जिसमें महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री बिंदु विश्वकर्मा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ललित तिवारी क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य महिला मोर्चा झूमा सिंह नगर अध्यक्ष सलिला सिंह सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

संक्षिप्त आवाज

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 9 मार्च को

बहराइच(स्पष्ट आवाज)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार 9 मार्च 2024 को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। यह जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बहराइच के सचिव विराट शिरोमणि ने आमजन से अपील की है कि लोक अदालत का अधिकाधिक लाभ उठायें। सचिव श्री शिरोमणि ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायालय में लम्बित वादों यथा आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम, बैंक/धन वसूली वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद (चोरी से सम्बन्धित विवादों सहित), वैवाहिक वादों (तलाक सम्बन्धी मामलों को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण वादों, सर्विस में वेतन एवं भत्तों सम्बन्धित विवाद, सेवानिवृत्तिक लाभों से सम्बन्धित विवाद, राजस्व वाद व अन्य सिविल वादों (किराया, सुखाधिकार, व्यादेश, विनिर्दिष्ट अनुपालन वाद इत्यादि), प्री-लिटिगेशन वाद बैंक वसूली, टेलीफोन बिल्स प्रकरणों, श्रम विवादों, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वैवाहिक व भरण पोषण वाद, अन्य अपराधिक शमनीय वाद एवं अन्य सिविल वादों का अधिकाधिक संख्या में निस्तारण किया जायेगा।

लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष कराने के लिये प्रशिक्षण सम्पन्न

बलरामपुर। लोकसभा निर्वाचन को पारदर्शी, निष्पक्ष,शांतिपूर्ण एवं प्रलोभनमुक्त संपन्न कराए जाने हेतु डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन में फ्लाइंग सर्विलांस टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम ,वीडियो निगरानी टीम, वीडियो अवलोकन टीम व लेखा टीम का एकदिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, पारदर्शी रूप से संपन्न कराए जाने हेतु जनपद में 36 फ्लाइंग सर्विलांस टीम तथा 42 स्टेटिक सर्विलांस टीम, 8 वीडियो अवलोकन टीम, 04 वीडियो अवलोकन टीम बनाई गई है। फ्लाइंग स्क्वायड टीम द्वारा चुनाव की घोषणा होने के बाद चारों विधानसभा में बनाए गए 14 चेक पॉइंट पर तैनात रहकर मुस्तैदी के साथ आने जाने वाले वाहनों आदि की चेकिंग की जाएगी। फ्लाइंग सर्विलांस टीम द्वारा सी विजिल एप के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र में भ्रमण करते हुए निर्वाचन को प्रभावित करने वाले अनैतिक कार्यों पर नजर रखेगी। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारी एवं राजस्व प्रदीप कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नम्रिता श्रीवास्तव, वरिष्ठ कोषाधिकारी द्वारा स्थाई निगरानी समिति एवं स्टेटिक सर्विलांस टीम को उनके कार्यों एवं दायित्वों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि एफएसटी एवं एसएसटी टीम में लगे मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी आपस में बेहतर सामंजस्य के साथ कार्य करेंगे।

एक-एक बुराई को गुरू दक्षिणा के रूप में करें दान: कैलाश नाथ तिवारी

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)मॉडर्न रेल कोच फैक्ट्री में चल रहे श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा एवं गायत्री महायज्ञ के कार्यक्रम के दूसरे दिन शाम को 6 बजे से मुख्य कथा वाचक कैलाश नाथ तिवारी शांति कुंज हरिद्वार ने सामाजिक बुराइयों पर प्रकाश डाला और आज के युग में लोगों का समाज के प्रति समर्पण की कमी की ओर ध्यान दिलाया तथा भक्तजनों को धार्मिक कार्यों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कथावाचक ने इस बात पर जोर दिया कि हम अपने जीवन में धीरे-धीरे एक-एक बुराई को गुरू दक्षिणा के रूप में दान करके छोड़ते जाएं। इसके अलावा गुरु जी ने भक्त जनों को गायत्री मंत्र के प्रभाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन लगभग 150 भक्तों ने गायत्री महायज्ञ में अपनी आहुतियां दीं और प्रार्थना में आधुनिक रेल कोच फैक्ट्री परिवार एवं देश और विश्व में सुख और शांति की कामना की। मंगलवार को गायत्री महायज्ञ के दूसरे दिन मुख्य यजमान के तौर पर विष्णु प्रसाद श्रीवास्तव सहायक कार्य प्रबंधक एवं उनकी धर्मपत्नी गायत्री महायज्ञ में सम्मिलित हुई। लालगंज नगर की बहनों ने पिछले दो दिन से 24 कुण्डी यज्ञ के पूर्व की तैयारी के लिए प्रेमा सिंह की अगुवाई में कड़ी मेहनत की और गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलने के लिए सामूहिक पूजा समिति के पदाधिकारी मजदूर संघ के अध्यक्ष आदर्श सिंह बघेल, नैब सिंह,आर डी तिवारी , ओम प्रकाश मौर्य, कुणाल रौशन, जितेंद्र कुमार, आशीष श्रीवास्तव , मनोज कुमार, मुनेश कुमार पटेल, ज्ञान प्रकाश, मनोज यादव, महेश शर्मा, संतोष कुमार आदि कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

बेटी के जन्म पर नहीं बंटती मिठाई: मंजुला मिश्रा

● तहसीलदार मंजुला मिश्रा एक मुहिम के तहत बच्ची के जन्म पर बच्ची व उनके माता-पिता को सम्मानित कर दे रहीं आवश्यक उपहार

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) सरकार द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महिम बेटियों के लिए एक वरदान साबित हो रही है। एक समाज ऐसा भी था ,जब बेटी या बेटों के बीच में समानता नहीं थी। उन्हें समानता का अधिकार पाने के लिए संघर्ष करना पड़ता था। सरकार की बेटियों के उत्थान के लिए चलाई योजनाओं का ही परिणाम है कि बेटियां आज हर क्षेत्र में बेटों के बराबर सम्मान अर्जित करके देश व समाज का नाम रोशन करने में सबसे आगे हैं।
इसके बावजूद आज भी बेटों के जन्म लेने पर जहां लोग बधाइयां देते हैं और

जश्न मनाते हैं, वहीं बेटी के जन्म होने पर लोग मिठाई तक नहीं बांटते।
लालगंज तहसीलदार मंजुला मिश्रा बेटियों के जन्म होने पर एक अलग ही मुहिम चला रही हैं। उनकी यह मुहिम कई महीनों से निरंतर जारी है। तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने बताया कि वह बच्चियों के जन्म होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज पहुंचकर नवजात बच्ची व उनके माता-पिता को सम्मानित करते हुए मौसम के हिसाब से आवश्यक सभी वस्त्र व अन्य जरूरी सामान जच्चा बच्चा को अपने निजी संसाधनों से मुहैया करवाती हैं।
वह खुद सीएचसी लालगंज जाकर नवजात बच्चियों के नाम लिखती हैं और नवजात बच्चियों के पदचिन्हों को सादे सफेद कागज पर लेकर प्रत्येक बच्ची को मौसम के हिसाब से सारे वस्त्र व अन्य आवश्यक जरुरी सामान अपने निजी संसाधनों से प्रदान करती हैं।नवजात बच्चियों को सम्मानित करने का कार्य वह पिछले नवरात्रि पर्व से कर रही हैं और अब तक वह लगभग दो सैकड़ा बच्चियों को सम्मानित करते हुए उपहार व आवश्यक सामान प्रदान कर चुकी हैं। उन्होंने कहा कि उनकी यह मुहिम आगे भी निरंतर जारी रहेगी।मंजुला मिश्रा ने बताया कि इसके अलावा वह सरकार द्वारा बेटियों के लिए चलाई जा रही योजना का भी लाभ दिलवाने में आवश्यक सहयोग करती हैं तथा इसके लिए लोगों को जागरुक भी करती हैं। तहसीलदार मंजुला मिश्रा ने कहा कि एक बेटी समाज और राष्ट्र का सुन्दर निर्माण कर सकती है । आज बेटियां भी हर एक क्षेत्र में राष्ट्र निर्माण के लिए अहम भूमिका निभा रही हैं। आज किसी भी क्षेत्र में बेटियां बेटों से कम नहीं हैं। जैसे बेटों के जन्म होने पर लोग जश्न मनाते हैं, वैसे ही बेटियों के जन्म होने पर भी खुशी का माहौल होना चाहिए, ताकि बेटियां भी अपने आप को गौरवान्वित महसूस करें।

छात्रा का रक्षा मंत्रालय में जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट के पद पर चयन

महराजगंज, रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)महराजगंज रायबरेली रोड पर स्थित सूबेदार का पुरवा मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला के रहने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शंकर अवस्थी की बेटी स्वधा अवस्थी का चयन रक्षा मंत्रालय में जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट के पद पर हुआ है।सोमवार को ज्वाइनिंग लेटर मिलने के बाद परिजन खुशी से झूम उठे ।वहीं स्वधा अवस्थी ने इसका श्रेय अपने माता पिता और गुरुजनों को दिया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत और लगन से हर लक्ष्य को भेदा जा सकता है।सही दिशा में की गई मेहनत कामयाबी के द्वार खोलती है। बताते चलें कि स्वधा अवस्थी ने गत वर्ष 2022 में कर्मचारी चयन आयोग द्वारा आयोजित संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तरीय परीक्षा को उत्तीर्ण किया था। उनका चयन जूनियर सेक्रेटेरिएट असिस्टेंट के पद पर हुआ था। जिसका ज्वाइनिंग लेटर सोमवार

को मिलने के पश्चात बिटिया स्वधा अवस्थी सहित परिजन खुशी से झूम उठे। बिटिया की सफलता पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष विद्यासागर अवस्थी, विधायक श्याम सुंदर भारती, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू, जिला पंचायत सदस्य विक्रांत अकेला, कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव सुशील पासी, वरिष्ठ अधिवक्ता शिवसागर अवस्थी, भूपेश मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, पूर्व अध्यक्ष छोटेलाल ,महामंत्री पंकज श्रीवास्तव, दीपू अवस्थी, यजुर्वेद मिश्रा, चंद्रोदय सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रभारी उप निबंधन अधिकारी सुनील श्रीवास्तव सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों ने बधाई दी है।

विद्यालय में मनाया गया भव्य वार्षिकोत्सव

● उचित संस्कार मिले तो देश और समाज का नाम रोशन करते हैं बच्चे: अशोक कुमार

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)परशदेपुर नगर पंचायत के लिटिल एंजिल्स पब्लिक स्कूल में भव्य वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया, जिसके मुख्य अतिथि सलोन विधायक अशोक कुमार रहे। विद्यालय के प्रबंधक रजनीश कुमार पांडेय ने माला पहना कर उनका स्वागत किया । विद्यालय के छात्र एवं छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विधायक अशोक कुमार ने कहा कि छात्र जीवन बहुत ही सुन्दर जीवन होता है। बच्चों को उचित संस्कार मिले तो वे माता पिता के साथ घर परिवार और समाज का नाम रोशन करते हैं।
इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक रजनीश कुमार पांडेय, बबलू तिवारी, पूर्व चेयरमैन सी पी श्रीवास्तव, अब्दुल मजीद रहबर, अभिभावक, और बच्चे उपस्थित रहे।

होली को लेकर बैठक संपन्न

अयोध्या। जिला मजिस्टेऊट श्री नितीश कुमार की अध्यक्षता में दिनांक 15 मार्च 2024 को अपरान्ह 4:30 बजे कलेक्टेऊट स्थित सभाकक्ष में दिनांक 25 मार्च 2024 को पड़े वाली होली के पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने हेतु बैठक आहूत की गयी है। उक्त जानकारी अपर जिला मजिस्टेऊट नगर अयोध्या ने दी है।

विधायक के पत्र का 6 महीने बाद मिला जवाब

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज)एन एच ए आई के अधिकारियों की लापरवाही के चलते जहां लालगंज वासी बंद लालगंज बाईपास की वजह से जाम की समस्या से जूझ रहे हैं , वहीं एन एच ए आई के अधिकारियों की एक और लापरवाही उजागर हुई है। सरेनी विधायक द्वारा दिए गए पत्र का जवाब देने में ही छः महीने लग गये। बताते चलें कि लालगंज बाईपास जिसका उद्घाटन 16 दिसंबर 2018 को रेल कोच आवासीय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया था। रेल ओवर ब्रिज के आर्च हैंगर में आई खराबी के चलते मई 2019 को बाईपास को बंद कर दिया गया था। तब से अभी तक लालगंज बाईपास बंद पड़ा हुआ है। जिससे लालगंज वासियों को लगातार जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इस समस्या को देखते हुए सरेनी विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह ने 30 नवंबर 2023 को एन एच ए आई को एक पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने दर्शाया था कि लालगंज बाईपास का पुनर्निर्माण अभी तक नहीं कराया गया है। जिसकी वजह से लोगों को प्रतिदिन लगने वाले जाम व दुर्घटना का शिकार होना पड़ रहा है।

शिव जयंती पर निकली भव्य शोभा यात्रा, झाकियों ने मोहा मन

● शोभायात्रा में हाथों में तख्तियां लेकर समाज को किया जागरूक

जरवलरोड बहराइच(स्पष्ट आवाज)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय व राजयोग प्रशिक्षण केन्द्र बैनर तले शिव जयन्ती के अवसर पर ब्रह्मा कुमारीज आश्रम जरवलरोड के द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया है। जिसमें भगवान शिव, लक्ष्मी नारायण व राम दरबार की झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। ब्रह्मा कुमार भाई एवं ब्रह्मा कुमारी बहनों के साथ शामिल सैकड़ों लोगों ने नगर क्षेत्र का भ्रमण किया तथा जयकारों के बीच विभिन्न सद वाक्य लिखी हाथों में तख्तियां में लेके अहवान किया कि, बीड़ी सिगरेट और शराब समाज को करते है खराब, ...हिंदू मुस्लिम सिख ईसाई आपस में सब भाई भाई.....जागो जागो समय को पहचानो भारत में भगवान आए हैं, कलयुग जा रहा है सतयुग आ रहा है। राजयोग प्रशिक्षण केंद्र जरवल रोड पर शिवबाबा की 88 वीं जयंती पर आयोजन की अध्यक्षा एवं केन्द्र निदेशिका ब्रहमाकुमारीज राजयोगिनी बीके सुनीता के

द्वारा मुख्य अतिथि नायब तहसीलदार जरवल पीपी गिरी विशिष्ट अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मी नारायण यादव, लोकतंत्र सेनानी प्रमोद कुमार गुप्ता,व थाना अध्यक्ष बृजराज प्रसाद जरवल रोड आदि गणमान्य अतिथियों के साथ ध्वजारोहण के पश्चात एक दर्जन कबूतरों को आसमान में छोड़कर किया गया। अतिथियों को बीके सुनीता ने सिर पर साफा पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया, तत्पश्चात शोभायात्रा का शुभारम्भ किया गया। भव्य एवं दिव्य शोभायात्रा गाजे बाजे के साथ प्राचीन शिव मंदिर जरवलरोड से भ्रमण करते हुए गल्ला मंडी तूफानी चौराहा अवस्थी चौराहा होते हुए ब्रह्मकुमारी आश्रम पहुंची। जहां पर कार्यक्रम के समापन के उपरांत भव्य शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं को बीके सुनीता बहन ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी श्रद्धालुओं को भोजन प्रसाद ग्रहण कराया गया। शोभायात्रा में ब्रह्मकुमारी सुनीता दीदी रगड़गंज, कार्यक्रम आयोजक ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय शाखा जरवल रोड बीके योगिनी दी दी ने आए हुए श्रद्धालुओं का आभार प्रकट किया। इस दौरान बीके सुमित्रा करनैलगंज,गंगा करनैलगंज, राधा कौड़िया?, रजनी, काजल,पावनी, महिमा, राधा स्वाती, पीएस बीके सुनील श्रीवास्तव बीके अमरनाथ विश्वकर्मा, बीके प्रदीप अग्निहोत्री, बीके रामकुमार गुप्ता,ओमप्रकाश अवस्थी, संजय राव, कृष्ण कुमार गुप्ता, पवन वर्मा, रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, प्रदीप अग्निहोत्री, चंद्र कुमार जैन, मोहनलाल वर्मा, माधुरी सिंह भारत माता,सुमित गुप्ता अजय कुमार वर्मा,सूर्यमणि शुक्ला, मोनू मिश्रा,रामू गुप्ता, बीके रामकुमार गुप्ता, जगत राम यादव, बृजेश गुप्ता, ओमप्रकाश वर्मा, राजकुमार गुप्ता, प्रदीप जायसवाल समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मोदी की गारंटी, वीडियो वैन कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

रायबरेली। (स्पष्ट आवाज) मंगलवार को सिविल लाइन स्थित भाजपा लोकसभा चुनाव कार्यालय में विधानसभा रायबरेली सदर के अंतर्गत ÷विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के तहत संकल्प पत्र संकलन व वीडियो वैन कार्यक्रम के संदर्भ में प्रेस कान्फ्रेंस/बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि निवर्तमान नगर पालिका अध्यक्ष पूर्णिमा श्रीवास्तव व कार्यक्रम संयोजक ज़िला मंत्री विवेक शुक्ला मौजूद रहे। विवेक शुक्ला ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए भाजपा द्वारा पूरे देश में संकल्प पत्र सुझाव अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें एल ई डी वैन के माध्यम से वैन पर ही सुझाव पेटिका रहेगी। मुख्य अतिथि पूर्णिमा श्रीवास्तव ने बताया वैन विधानसभा वार प्रतिदिन लगभग 10 कार्यक्मों का आयोजन प्रत्येक विधानसभा में करेगी। जिसमें अभियान के माध्यम से भाजपा का चुनावी ÷संकल्प पत्र और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने हेतु लोगों के सुझाव एकत्रित किए जायेंगे। कार्यकमों की ज़िला अभियान समिति बनेगी, जिसमे एक ÷संकल्प पत्र सुझाव अभियान पेटी प्रभारी होगा। एल ई.डी. प्रचार वाहन द्वारा विधान सभा में छोटी सभाओं का आयोजन होगा । इसी प्रकार लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत 8 मार्च से 10 मार्च तक घर घर जनसंपर्क अभियान चलाया जायेगा । कार्यक्रमों की इसी श्रृंखला में प्रकोष्ठों के भी कार्यक्रम 15 मार्च के मध्य होंगे व विधान सभा स्तर पर प्रकोष्ठों द्वारा गोष्ठी का आयोजन होगा। जिसमें भी लोगों के सुझाव एकत्रित किए जायेंगे । ज़िला मीडिया प्रभारी विनय शुक्ला ने बताया कि बैठक में विधान सभा रायबरेली सदर के सभी मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे ।

निर्वाचन दायित्वों के लिए प्रशिक्षित किये गये अधिकारी

बहराइच। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर द्वारा जनपद में गठित मीडिया टीम के सदस्यों को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कक्ष में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मीडिया टीम के सदस्यों को निर्वाचन प्रकिया के दौरान मीडिया मानीटरिंग सर्टिफिकेशन के दायित्वों, पेड न्यूज, चुनाव प्रसार विज्ञापन, आयोग के दिशा-निर्देशों का प्रचार-प्रसार,मीडिया प्रबन्धन, स्वीप गतिविधियों के प्रचार-प्रसार इत्यादि के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ सी.के. वर्मा, गुलाम वारिस सिद्दीकी व अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती है जिसका विवरण नीचे निम्नवत है:– **क्रम सं.-01,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2024-14, कार्य का नामः लखनऊ मंडलः **(1)** नौतनवां: आरपीएफ चौकी का उन्नयन कार्य और **(2)** बभनान स्टेशन पर गुड्स एप्रोच रोड और वार्फ (Wharf) की मरम्मत। अनुमानित लागत (₹): 72,91,390.24, अग्रिम धन (₹): 1,45,800/-, समापन अवधि: 09 माह। **क्रम सं.-02,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2024-16 (Two Packet System), कार्य का नामः वरिष्ठ मंडल इन्जीनियर/प्रथम/लखनऊ जं. के अधिकार क्षेत्र में गोरखपुर कैण्ट–गोण्डा जं. (अप एवं डाउन) आई.एस.डी. का कार्य कुल 37.106 ट्रैक कि.मी. एवं मनकापुर–अयोध्या (एकल लाइन) आई.एस.डी. का कार्य 35.744 ट्रैक कि.मी. कुल 72.85 ट्रैक कि.मी., अनुमानित लागत (₹): 11,22,15,242.86, अग्रिम धन (₹): 7,11,100/-, समापन अवधि: 18 माह। **क्रम सं.-03,** ई-निविदा संख्याः NER-LJN-2024-17 (Two Packet System), कार्य का नामः लखनऊ मंडल में गोरखपुर–बाराबंकी अनुभाग में गोरखपुर–बरूआचक के मध्य 130 कि.मी. प्रति घण्टे स्पीड बढ़ाने के लिये ट्रैक के किनारे फेंसिंग का प्रावधान। अनुमानित लागत (₹): 1,22,84,11,649.47, अग्रिम धन (₹): 62,92,100/-, समापन अवधि: 18 माह।
(1) उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2024-14 & 16 के लिये ई–निविदा दिनांक 27-03-2024 को 15:00 बजे तक एवं ई–निविदा संख्या NER-LJN-2024-17 के लिये ई–निविदा दिनांक 06-05-2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। ई–निविदा संख्या NER-LJN-2024-17 के लिये प्री-बिड कांफ्रेस दिनांक 15-04-2024 को 11:00 बजे निर्धारित है। **(2)** उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग, लखनऊ
मुजाधि/डब्लू–567

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

ई-निविदा की तिथि बढ़ाने के संबंध में

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सं0-70 वि0पा0मं0 (गो0)/2023-24, ई-निविदा सं0-71 वि0पा0मं0 (गो0)/2023-24 एवं ई-निविदा सं0-72-वि0पा0मं0 (गो0)/2023-24 (पूर्व प्रकाशन तिथि दिनांक 03.02.2024) जो क्रमशः विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, गोरखपुर के अधीन 220 के0वी0 उपकेन्द्र गोला, गोरखपुर पर स्थापित ZIV make गेटवे के कनफिगरेशन से संबंधित कार्य/विद्युत पारेषण खण्ड-प्रथम, गोरखपुर के अधीन 220 के0वी0 उपकेन्द्र हाटा पर क्षमतावृद्धि के अन्तर्गत पुराने 100 एम0वी0ए0 परिवर्तक को हटाकर नये 160 एम0वी0ए0 परिवर्तक को स्थापित करने एवं 132 के0वी0 मेन बस को सिंगल मूज से ट्वीन मूज कण्डक्टर में बदलने एवं अन्य संबंधित कार्य / विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, गोरखपुर के अधीन उपखण्ड अधिकारी, विद्युत पारेषण उपखण्ड-तृतीय, कौड़ीराम, गोरखपुर को विभागीय कार्य हेतु चलने के लिये 01 नग डीजल चालित वाहन (ड्राईवर सहित) को 01 वर्ष की अवधि के लिये किराये पर रखने से संबंधित कार्य के संबंध में है। उक्त ई-निविदाताओं को अधोहस्ताक्षरी के डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट की वैधता समाप्त होने के कारण www.etender.up.nic.in की वेबसाईट पर अपलोड नहीं किया जा सका था। अतः उक्त ई-निविदाओं को www.etender. up.nic.in की वेबसाईट पर दिनांक 13.03.2024 को 17.00 बजे तक आमंत्रित किया जाता है एवं उपरोक्त ई-निविदाओं के प्रथम भाग (तकनीकी भाग) को दिनांक 14.03.2024 को 13.00 बजे के उपरान्त खोला जायेगा।

(डी0पी0 जोशी)
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, मोहद्दीपुर गोरखपुर
पत्रांक : 548/वि.पा.मं.(गो.)/टी-8 निविदा, दिनांक : 05.03.2024

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

उत्तर प्रदेश पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

प्रतिष्ठित, अनुभवी एवं ई-निविदा हेतु पंजीकृत निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधि / ठेकेदारों से विद्युत पारेषण मण्डल गोरखपुर के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्या/ सामग्री की आपूर्ति हेतु ई-निविदायें दो मागों में (तकनीकी भाग एवं वित्तीय भाग) आमंत्रित की जाती है जो निर्धारित समय (यदि अवकाश हो तो अगले कार्य दिवस में) खोली जायेगी। ई-निविदा के तकनीकी एवं वित्तीय भाग को www. etender. up. nic. in की वेबसाइट पर प्रतिभाग करने वाली फर्म के द्वारा अपलोड किया जायेगा। **अति अल्पकालीन ई-निविदा सं0-77-वि0 पा0 म0 (गो0) / 2023-24:-** विद्युत 400 के0 वी0 उपकेन्द्र खण्ड, गोरखपुर के अधीन 400 के0वी0 उपकेन्द्र गोरखपुर पर 220 के0वी0 गोरखपुर सर्किट-द्वितीय पर स्थापित पुराने 245 के0वी0 सर्किट ब्रेकर को बदलकर नये सर्किट ब्रेकर को स्थापित करने से संबंधित कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य-रू0 590.00 (जी0 एस0 टी0 सहित) । धरोहर राशि- रू0 2000.00 । निविदा खुलने की तिथि-14.03.2024। अति अल्पकालीन ई- निविदा सं0-78-वि0 पा0 मं0 (गो0) /2023-24 - विद्युत पारेषण खण्ड, देवरिया के अधीन 132 के0वी0 उपकेन्द्र पुरनाछापर पर स्थापित 02 नग 132 के0वी0 एस0एफ0-6 सर्किट ब्रेकर से हो रहे गैस के रिसाव को रोकने सर्विसिंग एवं ओवरहालिंग से संबंधित कार्य। निविदा प्रपत्र मूल्य- रु0 590.00 (जी0 एस0 टी0 सहित) । धरोहर राशि रू0 2000.00 । निविदा खुलने की तिथि-14.03.2024। अल्पकालीन ई-निविदा सं0-79-वि0 पा0 सं0 (गो0) / 2023-24 विद्युत पारेषण खण्ड, देवरिया के अधीन विभिन्न उपकेन्द्रों पर स्थापित एस0एफ0-6 सर्किट ब्रेकर हेतु एस0एफ0-6 गैस की आपूर्ति। निविदा प्रपत्र मूल्य-रू0 590.00 (जी0 एस0 टी0 सहित)। धरोहर राशि- रु0 2000.00 । निविदा खुलने की तिथि-20.03.2024 ई-निविदा सं0-80-वि0 पा0 म0 (गो0) / 2023-24 विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, गोरखपुर के अधीन 132 के0वी0 उपकेन्द्र गीडा पर स्थापित 02 अदद हाईमास्ट हेतु लाईट फिटिंग की आपूर्ति एवं लगाने से संबंधित कार्य । निविदा प्रपत्र मूल्य-रू0 590.00 (जी0 एस0 टी0 सहित) । घरोहर राशि-रू0 2000.00 । निविदा खुलने की तिथि-09.04.2024। ई-निविदा सं0-81-वि0 पा0 मं0 (गो0) / 2023-24 :- विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, गोरखपुर के अधीन 220 के0 वी0 उपकेन्द्र बरहुवाँ गोरखपुर पर स्थापित 36 के0वी0 रामा निर्मित आइसोलेटर के अनुरक्षण हेतु जा एसेम्बली की आपूर्ति । निविदा प्रपत्र मूल्य-रू0 590.00 (जी0एस0टी0सहित) । धरोहर राशि-रू0 2000.00 । निविदा खुलने की तिथि-09.04. 2024। निविदा खुलने की तिथि-09.04. 2024। ई-निविदा सं0-82-वि0 पा0 मं0 (गो0) /2023-24 :- विद्युत पारेषण खण्ड- द्वितीय, गोरखपुर के अधीन 220 के0वी0 उपकेन्द्र बरहुवों, गोरखपुर पर प्रकाश व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के लाइटिंग मटेरियल्स की आपूर्ति । निविदा प्रपत्र मूल्य-रू0 590.00 (जी0एस0टी0 सहित) । धरोहर राशि-रू0 2000.00 । निविदा खुलने की तिथि-09.04.2024। ई-निविदा सं0-83-वि0पा0 मं0 (गो0) / 2023-24 :- विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, गोरखपुर के अधीन 220 के0वी0 उपकेन्द्र गोला गोरखपुर एवं 132 के0वी0 उपकेन्द्र कौड़ीराम पर स्थापित हाईमास्ट हेतु लाइट फिटिंग की आपूर्ति एवं लगाने से संबंधित कार्य । निविदा प्रपत्र मूल्य-रू0 590.00 (जी0एस0टी0सहित) । धरोहर राशि-रू0 2000.00 । निविदा खुलने की तिथि-09.04.2024 । ई-निविदा सं0-84-वि0 पा0 म0 (गो0) /2023-24 :- विद्युत पारेषण खण्ड-द्वितीय, गोरखपुर के अधीन 132 के0वी0 उपकेन्द्र कौडीराम पर स्थापित 40 एम0वी0ए0 परिवर्तक एवं 33 के0वी0 कैपेसिटर बैंक के कण्ट्रोल एवं रिले पैनल में लगे सुपरविजन रिले को बदलकर नये ट्रिप सुपरविजन रिले की आपूर्ति रेट्रोफिटिंग, टेस्टिंग एवं कमिशनिंग से संबंधित कार्य । निविदा प्रपत्र मूल्य-रू0 590.00 (जी0एस0टी0सहित) । धरोहर राशि-रू0 1500.00 । निविदा खुलने की तिथि-09.04.2024 ।
केवल www.etender.up. nic. in के माध्यम से प्राप्त निविदायें ही स्वीकार की जायेंगी। निविदाओं से सम्बंधित विवरण / डाउनलोड / संशोधन/ विस्तारीकरण / निविदा को www. etender.up.nic. inकी वेबसाईट पर अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं निविदा खुलने की तिथि इत्यादि से संबंधित सूचनाएँ निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि तक www. etender. up.nic. in की वेबसाईट पर देखी जा सकती है। निविदा / निविदाओं को बिना कारण बतायें अस्वीकृत / विभाजित करने का अधिकार अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, गोरखपुर के पास सुरक्षित रहेगा। राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें।

अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत पारेषण मण्डल, उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लिमिटेड, मोहद्दीपुर, गोरखपुर
पत्रांक : 552/वि.पा.मं. (गो.)/टी - 8, दिनांक : 05.03.2024

'राष्ट्रहित में बिजली बचायें'

SA NEWS
स्पष्ट आवाज़
लखनऊ, बुधवार, 6 मार्च, 2024
विक्रम संवत 2080, फाल्गुन मास, एकादशी (कृष्ण पक्ष)

आलोचना से बचने का एक ही तरीका है : कुछ मत करो, कुछ मत कहो और कुछ मत बनो।
अरस्तु

सुप्रीम फैसलों ने बढ़ाया देश का मान

भारत के सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में कई ऐसे फैसले दिए हैं जिससे देश का मान तो बढ़ा ही है। उसके साथ ही वो फैसले न्यायपालिका के क्षेत्र में भी मील के पत्थर साबित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसलों से जहां हर देशवासी को गौरवान्वित किया हैं। वहीं देशवासियों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है। हालांकि पिछले कई वर्षों से देश में न्यायपालिका को कमजोर करने के आरोप लग रहे थे। जिनको सुप्रीम कोर्ट के फैसलों ने झूठला दिया है।04 मार्च 2024 को वोट के बदले नोट के मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अब रिश्वत लेकर सदन में वोट दिया या सवाल पूछा तो सांसदों या विधायकों को विशेषाधिकार के तहत मुकदमे से छूट नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट की 7 जजों की संवैधानिक पीठ ने सोमवार को अपना 25 साल पुराना फैसला पलट दिया। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस एएस बोपन्ना, एमएम सुंदरेश, पीएस नरसिम्हा, जेबी पारदीवाला, संजय कुमार और मनोज मिश्रा की संवैधानिक पीठ ने कहा कि हम 1998 में दिए गए जस्टिस पीवी नरसिम्हा के उस फैसले से सहमत नहीं हैं। जिसमें सांसदों और विधायकों को सदन में भाषण देने या वोट के लिए रिश्वत लेने पर मुकदमे से छूट दी गई थी।1998 में 5 जजों की संवैधानिक पीठ ने 3-2 के बहुमत से तय किया था कि ऐसे मामलों में जनप्रतिनिधियों पर मुकदमा नहीं चलाया जा सकता।

> उसके साथ ही वो फैसले न्यायपालिका के क्षेत्र में भी मील के पत्थर साबित होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसलों से जहां हर देशवासी को गौरवान्वित किया हैं। वहीं देशवासियों का न्यायपालिका के प्रति विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। सुप्रीम कोर्ट के इन फैसलों की पूरे देश में सराहना हो रही है। देश के आम आदमी को भी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से यह महसूस होने लगा कि हमारे देश में न्याय कभी कमजोर नहीं हो सकता है।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि अगर कोई घूस लेता है तो केस बन जाता है। यह मायने नहीं रखता है कि उसने बाद में वोट दिया या फिर स्पीच दी। आरोप तभी बन जाता है जिस वक्त कोई सांसद घूस स्वीकार करता है। संविधान के आर्टिकल 105 और 194 सदन के अंदर बहस और विचार-विमर्श का माहौल बनाए रखने के लिए हैं। दोनों अनुच्छेद का मकसद तब बेमानी हो जाता है। जब कोई सदस्य घूस लेकर सदन में वोट देने या खास तरीके से बोलने के लिए प्रेरित होता है।

आज का इतिहास

1508-नासिरुद्दीन मुहम्मद हुमायूँ का जन्म।
1775-रघुनाथ राव और अंग्रेजों के बीच सूरत की संधि पर हस्ताक्षर।
1902-स्पेन में मशहूर फुटबॉल क्लब %मैड्रिड क्लब% की स्थापना हुई।
1915-शांति निकेतन में महात्मा गांधी और रवींद्रनाथ टैगोर पहली बार मिले।
1953-74 वर्ष की आयु में जोसेफ़ स्टालिन का निधन।
1967-जोसेफ़ स्तालिन की बेटी स्वेतलाना भारत स्थित रूसी दूतावास से होते हुए अमेरिका पहुँची।
1991-प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने इस्तीफा दिया।
1992-भारतीय घुड़सवार फवाद मिर्जा का जन्म।
2001-फिजी में महेन्द्र चौधरी के ख़िलाफ़ पार्टी में ही विद्रोह की स्थिति।
2003-अल्जीरिया का एक विमान तामारासेट में दुर्घटनाग्रस्त, 102 से भी अधिक यात्री मरे।
2004-उत्तर कोरिया का यूरेनियम आधारित कार्यक्रम होने से फिर इन्कार।
2008-राजस्थान से राज्यसभा सांसद प्रभा ठाकुर को अखिल भारतीय महिला काँग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति परवेज मुशर्रफ़ ने सबरजीत की दया याचिका खारिज की।
2009-भारतीय वायुसेना को तीन दशक तक अपनी सेवाएँ देने के बाद स्किंग-विंग लड़ाकू विमान मिग-23 ने अन्तिम उड़ान भरी।
2015-भारतीय राजनीतिज्ञ और बिहार के मुख्यमंत्री रहे राम सुंदर दास का निधन।
2018-कॉनराड संगमा ने भारतीय राज्य मेघालय के 12वें मुख्यमन्त्री के रूप में शपथ ली।

अदालत और सरकार में फंसे उपभोक्ता आयोग

डॉ. अजय खेमरिया

देश में उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्ष की नियुक्तियों को लेकर इन दिनों सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका पर सुनवाई जारी है। पिछले दिनों मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने अध्यक्ष के रूप में चयनित होने के लिए लिखित परीक्षा के प्रावधान को जजों की गरिमा के विरुद्ध माना। उन्होंने सरकार से इस पर जबाब मांगा है। रोचक तथ्य यह है कि लिखित परीक्षा के आदेश खुद सुप्रीम कोर्ट ने ही पिछले साल दिए थे। अब हाईकोर्ट और जिला जजों को जब सामान्य लोगों के साथ परीक्षा में बैठना पड़ा तो सुप्रीम कोर्ट को न्यायिक गरिमा का ख्याल आ गया। वस्तुतः देश में उपभोक्ता अदालतें (आयोग) 2019 के नए एक्ट के अनुरूप खुद को खड़ा नही कर पाया है।आम लोगों में अभी भी आयोगों को लेकर जागरूकता का अभाव है। शीर्ष अदालतें कानून के जमीनी प्रवर्तन के स्थान पर अनावश्यक रूप से आयोगों के गठन और नियुक्तियों में हस्तक्षेप कर सरकारों को इस मामले में हीला-हवाली का मौका उपलब्ध करा रही हैं। बेहतर होगा नियुक्तियों का कार्यक्षेत्र सरकारों पर ही छोड़कर अदालतें कानून के समयबद्ध एवं त्वरित प्रवर्तन पर निगाहें रखें। देश में उपभोक्ता अदालतें (आयोग) सरकार एवं न्यायपालिका के मध्य फंस गई हैं। हाल ही में मुख्य न्यायाधीश डी.वाई.चन्द्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने राज्य एवं जिला उपभोक्ता आयोगों में रिटायर्ड न्यायाधीशों को अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति से पूर्व आयोजित होने वाली लिखित एवं मौखिक परीक्षा को उपभोक्ता कानून की भावना के विरुद्ध माना। समझा जा रहा है कि जल्द ही सरकार इस परीक्षा के प्रावधान को खत्म कर देगी। अलबत्ता पिछले साल सुप्रीम कोर्ट ने ही ऐसी परीक्षा के आदेश दिए थे। जिसके तहत सभी स्तर के आयोगों में नियुक्ति के लिए दो लिखित परीक्षा एवं हाईकोर्ट जज की अध्यक्षता वाले बोर्ड के जरिये साक्षात्कार अनिवार्य कर दिया गया था। कई राज्यों में इसी आदेश के अनुरूप नियुक्तियों की प्रक्रिया चल रही है। अब उच्चतम न्यायालय को यह लगने लगा कि हाईकोर्ट और जिला जज के पद पर काम करने वाले लोग रिटायरमेंट के बाद परीक्षा दें, यह न्यायाधीश की गरिमा के विरुद्ध है। सच्चाई यह है कि इन उपभोक्ता अदालतों में शत प्रतिशत अध्यक्ष न्यायिक सेवा के रिटायर अधिकारी ही रहते हैं। देश में इस समय 35 राज्य आयोग एवं 649 जिला आयोग स्थापित हैं, जिन्हें 2019 के उपभोक्ता संरक्षण कानून के बाद काफी सशक्त बनाया गया है। इन आयोगों में सामाजिक क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों को सदस्य रखे जाने का प्रावधान है। शीर्ष अदालतों द्वारा सरकार द्वारा निर्धारित चयन प्रक्रिया में हस्तक्षेप कर पिछले साल संशोधन संस्थित किये गए थे, इसका नतीजा यह हुआ कि आयोगों में चयन प्रक्रिया बुरी तरह उलझ कर रह गई। संसद के बजट सत्र में सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक 35 राज्य आयोगों में केवल 13 पूर्णकालिक अध्यक्ष ही कार्यरत हैं।

लोकसभा चुनाव 2024 में नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?

डॉ. आशीष वशिष्ठ

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा। भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं।इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया।वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, ''आवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है।'' खड़गे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं।ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है। इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से

> भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा ? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा ? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा ? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा। भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है।

कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रूख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीश कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की आलोचना करने से परहेज नहीं किया। नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याशियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी शर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेश दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है। देष की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। जनता को पता है कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जैसे ऊर्जावान और निस्वार्थ व्यक्ति है, जो अहर्निशं देश और देशवासियों के कल्याण और विकास के बारे में सोचता है। और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांश नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है।विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है? उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देश को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है।

कौन करता है नौकरीपेशा औरतों को परेशान

आर.के. सिन्हा

अब सामाजिक, व्यापारिक, संस्थागत जीवन का शायद ही कोई इस तरह का क्षेत्र बचा हो, जिधर महिलाएं नौकरी के लिए न जाती हों। खेत-खलिहानों, बैंकों,सरकारी और निजी दफ्तरों से लेकर घरों में चूल्हा-चौका करके अपने परिवार की आर्थिक मदद करने में आधी आबादी किसी भी तरह मर्दों से पीछे नहीं है। कहा जा सकता है कि अब देश में करोड़ों महिलाएं कार्यशील हैं। देश में बढ़ती साक्षरता के चलते नौकरीपेशा औरतों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जाहिर है, उन्हें घरों से निकलकर अपने दफ्तर और फैक्ट्रियों में तो जाना होता ही है। आपको हजारों औरतें विभिन्न संस्थानों में नाइट ड्यूटी करते मिलेंगी। पर अपने दफ्तर या फिर स्कूल-कालेज जाने वाली लड़कियों और महिलाओं को कुछ विक्षिप्त मानसिकता के लोग परेशान करते रहते हैं। वे उनके (महिलाओं) के पीछे पड़ जाते हैं। उन्हें वे तरह-तरह से परेशान करते हैं। इस हरकत को अंग्रेजी में कहते हैं 'स्टॉकिंग।'

दिल्ली पुलिस ने हाल ही में इस तरह के शख्स को पकड़ा जो एक कार्यशील महिला का लगातार पीछा कर रहा था। यह तो सिर्फ एक उदाहरण मात्र है। इस

तरह के तमाम केस पुलिस के सामने आते रहते हैं। किसी महिला का पीछा करना यौन उत्पीड़न का एक गंभीर रूप है और भविष्य में होने वाली किसी गंभीर घटना की पहली चेतावनी भी है। बेशक, पीड़िता को चुपचाप सहने के बजाय आगे आना चाहिए और अपने साथ हो रहे अपराध की रिपोर्ट पुलिस को करनी चाहिए ताकि इसे शुरू में ही खत्म किया जा सके। एक बात समझ लें कि किसी सिरफिरे का किसी महिला का पीछा करना प्रारंभिक चरण है। उसका अंतिम इरादा महिला के साथ छेड़छाड़ या बलात्कार ही हो सकता है। राजधानी दिल्ली के न्यू सीमापुरी इलाके में हजारों मेहनतकश लोग छोटे-छोटे घरों में रहते हैं। यहां अधिकतर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, बंगाल, उड़ीसा जैसे राज्यो से आए लोगों के साथ अनेकों बांग्लादेशी हैं। अब बांग्लादेशियों के पास वैसे तो अवैध आधार कार्ड वगैरह सबकुछ है। यहां रहने वाली बहुत सारी महिलाएं अपने इलाके में चलने वाली 'महिला पंचायत' में अपने साथ घरों में होने वाले उत्पीड़न से लेकर घरों के बाहर उनका पीछा करने वालों की शिकायत करने के लिए आती हैं। आगे बढ़ने से पहले बता दें कि इस महिला पंचायत में पीड़ित महिलाओं को उनके कानूनी हकों के बारे में पंचायत में काम करने वाली काउंसलर विस्तार से जानकारी देती हैं और उनकी समस्या का समाधान खोजती हैं। इस महिला पंचायत, जिसका संबंध दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से है, उसके प्रबंधक फादर सोलोमन जॉर्ज बताते हैं कि कार्यशील औरतों के पीछे पड़ने के मामले बहुत तेजी के साथ बढ़ रहे हैं। किसी महिला का पीछा करने वाले शख्स पीड़ित महिला को फोन पर अश्लील मैसेज भी भेजते रहते हैं। वह दिनभर और देर रात तक उसे फोन करके परेशान करते हैं। महिला के घर से निकलने पर वह उसे छूने या बात करने की चेष्टा करते हैं। इस कारण से बहुत सारी औरतें नौकरी छोड़ने तक के बारे में सोचने लगती हैं। अनेकों किशोरियां डर के मारे पढ़ाई भी छोड़ देती हैं। दिल्ली में सेंट स्टीफंस कॉलेज के बाद अब हरियाणा के सोनीपत में सेंट स्टीफंस कैम्ब्रिज स्कूल स्थापित करने वाली दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी से जुड़े हुए फादर सोलोमन जॉर्ज कहते हैं कि जो लोग स्टॉकिंग में शामिल होते हैं, वे बहुत मोटी चमड़ी वाले दुष्ट अपराधी होते हैं। सख्ती से मना करने के बाद भी वे बेशर्मी से महिला का पीछा करते रहते हैं। महिला के उन्हें अस्वीकार करने के बाद भी वे बाज नहीं आते। वे अपनी हरकतों को जारी रखते हैंबेशक, स्टॉकिंग एक गंभीर अपराध है। इस अपराध से दो-चार होने वाली लड़कियों/ महिलाओं को तुरंत पुलिस में शिकायत करनी चाहिए। यदि वे आगे आकर शिकायत नहीं करेंगी, तो उनका पीछा करने वालों को गलतफहमी होने लगेगी कि वे सचमुच में बहुत ताकतवर हैं।

खेत, खेती और सेहत पर भारी पड़ता रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग खेत, खेती और सेहत पर भारी पड़ रहा है। देश में रासायनिक उर्वरकों के बढ़ते उपयोग को इसी से समझा जा सकता है कि आजादी के समय 1950-51 में देश में 7 लाख टन रासायनिक उर्वरकों का उपयोग होता था। एक मोटे अनुमान के अनुसार आज देश में 335 लाख टन से अधिक रासायनिक उर्वरकों का उपयोग हो रहा है। इसमें 75 लाख टन उर्वरकों का तो आयात करना पड़ रहा है। यूरिया से नाइट्रोजन चक्र प्रभावित होता है और उससे ग्रीन हाउस गैस का उत्सर्जन बढ़ने से पर्यावरण प्रभावित होता है। दरअसल समस्या की जड़ दूसरी ओर है और वह यह कि उर्वरकों के संतुलित उपयोग के स्थान पर अंधाधुंध उपयोग से अधिक हालात खराब हुए हैं। देश में उर्वरकों की खपत का विश्लेषण किया जाए तो केन्द्र शासित प्रदेशों सहित 797 जिलों में से केवल ओर केवल 292 जिलों में ही देश में उर्वरकों की कुल खपत की 83 फीसदी उर्वरकों की खपत हो रही है। यह अपने आप में गंभीर है। ऐसा नहीं है कि सरकार इसे लेकर गंभीर नहीं है अपितु सरकार ने उर्वरकों के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों को देखते हुए ही 2004 में यूरिया के अत्यधिक उपयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के अध्ययन के लिए सोसायटी फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की स्थापना की। दुनिया की सहकारी क्षेत्र की उर्वरक उत्पादक सहकारी समिति इफको द्वारा नैनो उर्वरक तैयार कर उनकी उपलब्धता व उपयोग बढ़ाने के प्रयास इसी दिशा में बढ़ते प्रयासों में से एक माना जा सकता है। रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के लिए केन्द्र व राज्यों के कृषि मंत्रालयों द्वारा सावचेत किया जाता रहा, पर यह नाकाफी होने के साथ ही सही मायने में प्रभावी तरीके से अवेयरनेस कार्यक्रमों का संचालन नहीं हो पा रहा है। आज पंच नदियों के प्रदेश में तेजी से जलस्तर कम होता जा रहा हे। पंजाब के लोग ही पंजाब में उत्पादित गेहूं को अन्य प्रदेशों में खपाने और दूसरे प्रदेशों से गेहूं मंगाकर उपयोग में लेने लगे हैं। इसी तरह से देश में कैंसर के सर्वाधिक मामले पंजाब से आ रहे हैं। रासायनिक उर्वरक और जहरीले कीटनाशक इसके प्रमुख कारण किसी से अनजाने नहीं हैं। हो यह रहा है कि उर्वरकों के कारण मिट्टी के सहायक कीट नष्ट हो जाते हैं। वहीं रासायनिक उर्वरक वर्षा आदि में बह कर नदी आदि प्राकृतिक जल स्रोतों को भी प्रदूषित कर देते हैं। रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग से तैयार फसल के उपयोग से मानव ओर मवेशी दोनों के ही स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। रासायनिक उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग आज खेत, खेती, सेहत और पर्यावरण सब पर भारी पड़ रहा है। यह कोई हमारे यहां की ही समस्या नहीं अपितु रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग का दुष्प्रभाव दुनिया के सभी देश भुगत रहे हैं। रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित हो रही है तो पर्यावरण पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। यदि हम केवल और केवल हमारे देश की ही बात करें तो जो आंकड़े सामने आ रहे हैं वे अत्यधिक चिंताजनक होने के साथ ही गंभीर भी है। रासायनिक खाद के बढ़ते इस्तेमाल के कारण देश की खेती योग्य भूमि में से 30 फीसदी भूमि बंजर होने की कगार पर पहुंचने लगी है। यह आंकड़ा कोई हवा-हवाई नहीं होकर सेंटर फॉर साइंस एण्ड एन्वायरमेंट की रिपोर्ट के अनुसार है। पंजाब, हरियाणा सहित कई प्रदेशों में कृषि उपज की सेचुरेशन वाले हालात हमारे सामने हैं। इसके साथ ही रासायनिक उर्वरकों और जहरीले कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग का परिणाम जानलेवा कैंसर रोग का फैलाव सामने हैं। आज पंजाब और उससे लगते हिस्सों मं कैंसर आम होता जा रहा है। दरअसल, औद्योगिक क्रांति की शुरुआत के साथ ही दुनिया के देशों में रासायनिक उर्वरकों का उपयोग तेजी से बढ़ा है। खाद्यान्न संकट से निपटने और यों कहें कि कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक उर्वरक बेहतर विकल्प के रुप में सामने आये। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि कृषि उत्पादन बढ़ने के कारण ही आज दुनिया के देश खाद्यान्न संकट से मुकाबला करने की स्थिति में आ सके हैं। हालांकि अब लगभग सभी देशों व विशेषज्ञों द्वारा रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को शनैः शनैः कम करने पर जोर दे रहे हैं। परंपरागत और जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है। भारत में भी जैविक खेती पर बल दिया जा रहा है और 20 राज्यों में जैविक नीति लागू करने की पहल की है। खासतौर से उत्तर पूर्वी

आर्य के नाम पर ओवैसी का झूठ, निशाने पर आरएसएस और मोदी

डॉ. मयंक चतुर्वेदी

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद-उल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने एक बार फिर आर्यन थ्योरी का जिक्र करके एक नए विवाद को जन्म दिया है। वैसे तो उनकी जुबानी चालाकियों से सभी परिचित हैं। किंतु इस बार उन्होंने खुले तौर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आर्यन होने से भारतीय मूल का नहीं होकर विदेशी हो जाने की बात उठाकर प्रश्न खड़े किए हैं । वस्तुतः यही आज सबसे बड़ा विषय है कि जिस आर्यन थ्योरी को वैज्ञानिक भी नकार चुके हैं, उसे आज भी असदुद्दीन ओवैसी हवा दे रहे हैं । वस्तुतः वरिष्ठ पत्रकार रजत शर्मा के शो में असदुद्दीन ओवैसी ने एक प्रश्न के जवाब में बोला, मैं चाहता हूं कि मेरा डीएनए करा लीजिए, और नरेंद्र मोदी जी का भी करा लीजिए। आरएसएस के लोगों का करा लीजिए। कौन आर्यन है और कौन इस देश का है, मालूम हो जाएगा आपको।... उनके यह कहने के साथ ही साफ हो गया कि वे अपने लोगों के बीच और अन्य जो भी उनके संपर्क में आते हैं, उन्हें वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लोगों को आर्य संबोधित कर यह बताने का प्रयास अब भी कर रहे हैं कि वे भारत के मूल निवासी नहीं, बल्कि बाहर से आकर यहां कब्जा करके बैठ गए हैं। आश्चर्य होता है यह जानकर कि लगातार संसद सदस्य रहने और कानून की पढ़ाई करने के बाद भी उन्हें यह बात नहीं पता कि आर्यन थ्योरी पूरी तरह असत्य साबित हो चुकी है। यह कुछ अंग्रेजों की शरारत थी जिसे हवा देने का काम भारत में इतिहास लिखते वक्त वामपंथी शिक्षाविदों ने भी किया। एतिहासिक तथ्य यह है कि देश में स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहे भारतीयों को आपस में लड़ाने के लिए मैक्स मूलर, विलियम हंटर और लॉर्ड टॉमस बैबिंग्टन मैकॉले इन तीन लोगों ने भारत के इतिहास का

विकृतिकरण आरंभ किया और यह कहना शुरू किया कि भारतीय इतिहास की शुरुआत सिंधु घाटी की सभ्यता से होती है, जिसमें कि सिंधु घाटी के लोग द्रविड़ थे । आर्यों ने बाहर से आकर सिंधु सभ्यता को नष्ट करके अपना राय स्थापित किया। 1500 ईसा पूर्व से 500 ईस्वीं पूर्व के बीच के काल को अंग्रेजों ने आर्यों का काल घोषित कर दिया था । आश्चर्य की बात है कि जिस इतिहास और शोध के दावों के आधार पर अंग्रेज इस आर्यन इन्वेजन थ्योरी को गढ़ रहे थे, उसका कोई मूल तथ्य कभी प्रस्तुत नहीं कर पाए। इनमें से किसी ने कहा कि आर्य मध्य एशिया के रहने वाले थे, कोई इन्हें साइबेरिया, मंगोलिया, ट्रांस कोकेशिया या स्कैंडेनेविया का मूल निवासी बता रहा था। आर्य बाहर से यानी कहां से आए ? उसका कोई सटीक उत्तर कभी किसी के पास नहीं रहा। हां, हम भारतीयों के लिए जरूर यह गर्व करने की बात है कि जिस व्यवस्थित सिन्धु सभ्यता की बात की जाती है, वह भी आज दुनिया में सबसे प्राचीनतम सिद्ध हो चुकी है। आईआईटी खड़गपुर और भारतीय पुरातत्व विभाग के वैज्ञानिकों ने सिन्धु घाटी सभ्यता की प्राचीनता को लेकर विस्तार से बहुत कुछ बताया है। उनके शोध के निष्कर्ष हैं कि अंग्रेजों के अनुसार 2600 ईसा पूर्व की यह नगर सभ्यता नहीं या कुछ इतिहासकारों के अनुसार पांच हजार पांच सौ साल पुरानी यह नहीं है, बल्कि आठ हजार साल पुरानी सभ्यता है। यह सिन्धु सभ्यता मिस्र और मेसोपोटामिया की सभ्यता से भी पहले की है। जहां टाउन-प्लानिंग थी, भोजन की बड़ी-बड़ी रसोई थीं, बैठक के स्थान थे, कपड़े थे, चांदी और तांबे का उपयोग था। लोग शतरंज का खेल भी जानते थे और वे लोहे का उपयोग भी करते थे। यहां से प्राप्त मुहरों को सर्वोत्तम कलाकृतियों का दर्जा प्राप्त है, यानि इस सभ्यता में लोग कला पारखी भी थे। नए शोध यह भी कहते हैं कि आर्य आक्रमण भारतीय इतिहास के किसी कालखण्ड में घटित नहीं हुआ और ना ही आर्य तथा द्रविड़ नामक दो पृथक मानव नस्लों का अस्तित्व ही कभी धरती पर रहा है। डीएनए गुणसूत्र पर आधारित शोध जिसे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. कीवीसील्ड के निर्देशन में फिनलैण्ड के तारतू विश्वविद्यालय, एस्टोनिया में भारतीयों के डीएनए गुणसूत्र पर आधारित है, जो यह सिद्ध करता है कि सारे भारतवासी गुणसूत्रों के आधार पर एक ही पूर्वजों की संतानें हैं।

गेहूँ के खेत में मिली नवजात बच्ची, अस्पताल में मौत

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लच्छन नगर में नवजात बच्ची गेहूं के खेत में पड़ी मिलने से हड़कंप मच गया। ग्राम प्रधान ने नवजात बच्ची को अस्पताल पहुँचाया। इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की सुबह कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लच्छन नगर में गांव के पश्चिम हरतालीवा तालाब के निकट गेंहू के खेत में लोक लाज वश निर्दयी मां ने एक दुधमुंही बच्ची को लावारिस फेंक दिया था। गांव की एक महिला गन्ना काटने जा रही थी तभी गेहूं के खेत से रोने की आवाज पर खेत के पास पहुँची तो एक मासूम बच्ची को रोते हुए देखा। महिला ने बच्ची पड़े होने की सूचना ग्राम प्रधान विवेक शुक्ला को दी। सूचना पर मौके पर पहुंचे ग्राम प्रधान विवेक शुक्ला ने सूचना पुलिस को दी, और बच्ची को अस्पताल में भर्ती कराया। बच्ची का चिकित्सकों ने इलाज करना शुरू कर दिया। इलाज के दौरान ही बच्ची की मौत हो गई।

प्रशिक्षण को कार्यशैली में अपनायें: अमरेंद्र सेंगर

- एडीजी ने पासिंग आउट परेड की ली सलामी
- प्रशिक्षु महिला उपनिरीक्षकों को मेडल व नगद ईनाम से नवाजा

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने कहा कि पुलिस के सामने चुनौतियां लगातार बदल रही हैं। एक पुलिस अफसर के रूप में उपनिरीक्षक बदलते परिवेश और हालातों के मुताबिक खुद को ढालें। जवान दिये गये प्रशिक्षण को अपनी कार्यशैली में अपनायें। एडीजी मंगलवार को शहर के पुलिस लाइन्स में छह माह का प्रशिक्षण पूर्ण करने वाले 110 उप निरीक्षको (गोपनीय) की पासिंग आउट परेड की सलामी लेने के बाद उन्हे सम्बोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण पूर्ण करने वालों में 42 महिला जवान भी शामिल हैं। इस मौके पर एडीजी ने उपनिरीक्षकों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उन्होंने प्रशिक्षण में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करने वाली महिला उपनिरीक्षकों को मेडल व नगद ईनाम देकर सम्मानित किया। इस मौके पर आईजी रेंज तरुण गाबा भी मौजूद रहे। बताते चलें कि शहर के पुलिस लाइन में पिछले छह माह से उप निरीक्षक गोपनीय की ट्रेनिंग चल रही थी। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद ट्रेनिंग कर रही 42 महिला उप निरीक्षक सहित 110 ने पांच टोलियों में पहले एडीजी को सलामी दी और फिर उप निरीक्षको को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। एडीजी ने इस दौरान प्रशिक्षण में प्रथम स्थान पाने वाली महिला उप निरीक्षक सानिया पटेल को गोल्ड मेडल व 5000 रूपये व नगद इनाम, मोनिका को सिल्वर मेडल व 3000 रूपये व रेनू को कांस्य पदक व 2000 रूपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। कार्यक्रम में एसपी चक्रेश मिश्रा, 27वीं वाहिनी की कमांडेंट शैलजा साहू, एएसपी प्राकृति कुमार, एएसपी अवधेश विजेता, एएसपी प्रकाश कुमार, डॉ प्रवीण रंजन सीओ लाइंस सतीश चंद्र शुक्ला, आर आई शिव बालक वर्मा, आर टीसी प्रभारी राजकरण शर्मा, सुबेदार मेजर शंभू यादव आईटीसी अध्यापक लालू कुमार, उपेंद्र कुमार, पीटीआई धर्मेंद्र कुमार भदौरिया दिलीप कुमार शामिल रहे।

संक्षिप्त आवाज़

ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को मारी टक्कर, बाप-बेटी व महिला घायल

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। तेज गति से आ रहे गन्ना लदे ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार बाप-बेटी व एक महिला घायल हो गयी। आनन-फानन में घायलों को एंबुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद लाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। रामपुरकलां के लालपुर मलेथू के ओमकार उम्र 35 वर्ष पुत्र बांकेलाल अपनी साली कंचनपुर की रहने वाली नीलम उम्र 40 वर्ष पत्नी रमेश के साथ बेटी अंजली उम्र 15 वर्ष के फैक्चर हुए पैर में प्लास्टर करवाने मंगलवार को महमूदाबाद आए थे। बाइक से यहां से वापस जाते समय बिसवां-महमूदाबाद मार्ग पर फायर ब्रिगेड स्टेशन के पास सामने से आ रही गन्ना लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने इनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों उछल कर सड़क से दूर जा गिरे। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद ट्रैक्टर-ट्राली बीचोबीच सड़क पर पलट गई। घायलों को इलाज के लिए एंबुलेंस की मदद से सीएचसी महमूदाबाद पहुंचाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि दुर्घटना की जानकारी मिली है, मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने सड़क पर पलटी ट्रैक्टर-ट्राली को हटवाकर बाधित यातायात शुरू करवा दिया है। दुर्घटना की तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

शादी में उड़ाते रहे दावत, चोर घर से पार कर ले गये माल

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। चोरों ने बीती रात दो गांवो में दो घरों से करीब ढाई लाख रूपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की तहरीर पुलिस को दे दी गयी है। सकरन थाना क्षेत्र के बरियारी गांव निवासी नीरज कुमार सोमवार की रात परिवार समेत एक शादी समारोह में थाना क्षेत्र के बेलवा गया हुआ था। उसकी गैर मौजूदगी में कमरे का ताला तोड़कर भीतर घुसे चोर बक्से में रखी 17 हजार की नकदी दो चांदी की पायल, दो सोने के बाला, दो सोने की झुमकी, एक सोने का मटरमाला व एक सोने की अंगूठी तथा कपड़ा बर्तन व अनाज चोरी कर ले गये। शादी से वापस आने पर गृहस्वामी को घटना की जानकारी हुयी। इसके अलावा इसी रात शुक्लनपुरवा मजरा प्यारापुर गांव निवासी जगमोहन शुक्ल के घर घुसे चोर कपड़ा बर्तन व अन्य सामान चोरी कर ले गये। देर रात फत्तूपुरवा गांव निवासी भगगा के घर में चोर घुसे थे आहट पाकर गृहस्वामी द्वारा शोर मचा दिया गया जिससे चोर भाग गये दोनो घटनाओं की तहरीर पुलिस को दे दी गयी है। एसओ दिग्विजय पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

माँगों के समर्थन में धरना देकर बीसीपीएम को सौंपा ज्ञापन

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आशा एवं आशा संगिनी ने अपनी मांगों के समर्थन को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रदर्शन कर अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन बीसीपीएम को सौंपा। विगत सोमवार से आगामी 13 मार्च तक आशा व आशा संगिनी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन पर अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर कलम बंद हड़ताल पर हैं। ज्ञापन में मांग की गई है कि, प्रोत्साहन राशि हटाकर मानदेय दिया जाए, आशा बहू को 18000 रुपए व संगिनी को 24000 रुपए मानदेय दिया जाए, मृतक आश्रित आशा व आशा संगिनी के परिवार का योग्यता के आधार पर चयन किया जाए, 24 घंटे की सेवा होने के कारण सुरक्षा की दृष्टि से 50 लाख का बीमा किया जाए एवं राज्य कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से उमा देवी, मोहिनी, आशा रानी, रेनू, सुशीला देवी, मीना तिवारी, निगार, दीपा देवी, लीलावती, रूपरानी, पुष्पा, रेशमा बानो सहित भारी संख्या में आशा व आशा संगिनी मौजूद थीं।

राष्ट्रीय आविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

लहरपुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। बच्चों में मनोविज्ञानिक मनोवृत्ति के विकास एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों में विज्ञान और प्रौद्योगिकी को लोक प्रिय बनाने के उद्देश्य से, स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर ब्लाक स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार अभियान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खण्डशिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने की और विजयी पांच बच्चों शिवानी देवी, अलकमा, सुखुही, अर्पित वर्मा, रंगीता को प्रमाण पत्र, शील्ड तथा माडल बनाने के लिए नगद धनराशि देकर पुरस्कृत किया। खण्डशिक्षा अधिकारी शाहीन अंसारी ने पुरस्कार वितरण समारोह में उपस्थित छात्रों और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि, वर्तमान समय में विज्ञान और प्रौद्योगिकी का बहुत महत्व है, जमाने की रफ्तार से कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने के लिए बच्चों में शुरू से ही गणित, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रूचि उत्पन्न करने के किए ही विभाग द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान चलाया जा रहा है, सभी शिक्षको और अभिभावकों को चाहिए कि वह इस क्षेत्र में बच्चों को प्रेरित और सहयोग करें। कार्यक्रम में 43 जूनियर हाईस्कूलों के 150 छात्रों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। इस मौके पर एआरपी सुरेश कुमार, पुष्पेंद्र मौर्य संकुल शिक्षक अनवर अली, रामचन्द्र वर्मा, अर्पित त्रिवेदी, शिक्षक संजय कुमार वर्मा कृष्ण मोहन, अनुपम राही पवन कुमार मित्तल,मुशीर अहमद, मोहम्मद असद सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

राम मंदिर निर्माण से हिंदुओं का हुआ एकत्रीकरण: मिथलेश

हरगाँव-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वधान में हरगांव में राष्ट्र चेतना संगम के तहत स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण व कुटुम्ब मिलन कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आरएसएस के पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र के क्षेत्र बौद्धिक प्रमुख मिथलेश कुमार रहे। उन्होने कहा कि संघ परिवार ने श्रीराम मंदिर के संघर्ष से लेकर गौरवपूर्ण निर्माण के माध्यम से वैश्विक पटल पर सनातनी जनमानस को एक सूत्र में पिरोने में सफलता प्राप्त की है। हिन्दू संस्कृति व परंपराओं की रक्षा करना भी हम सबकी जिम्मेदारी है। हमारी परंपरा में सेवा निःस्वार्थ भाव से की जाती है, ऐसी परंपराएं हर समाज, पंथ, संप्रदाय में है। समाज में नियम बदल सकते हैं किन्तु मूल्य नहीं बदल सकते, हमारी पूजा पद्धति अलग हो सकती है, किन्तु जीवन मूल्य नहीं बदलते। उन्होने कहा कि कुरीतियों को छोड़कर बड़े समाज का निर्माण करने हेतु तो कुछ जोड़ना पड़ता है, तो कुछ छोड़ना पड़ता है। एकमात्र सनातन धर्म मे ही भगवान को न मानने वाले का भी स्थान है, पहले भी था आज भी है, सभी को सम्मान देने वाला हिंदू समाज है क्योंकि हमारा मूल एक है, जड़ एक है, संघ इन्हीं मूल्यों की बात करता है, पूरे हिंदू समाज को सदा सदा के लिये एकजुट करना हमारा उद्देश्य है। विभाग प्रचारक अभिषेक, जिला प्रचारक पंकज, खण्ड सह संघचालक अमित, सह खण्ड कार्यवाह अंकित, हरगांव प्रचारक सम्पूर्णानन्द, जिला शारीरिक टोली के सदस्य ललित, अरविंद, खण्ड शारीरिक शिक्षण प्रमुख अमन, अनुज सिंह, अमरजीत सिंह बाटू भइया, नितिन, दीपू, अनुपम प्रधान, मंडल अध्यक्ष संजय जयसवाल, मंडल अध्यक्ष कौशलेंद्र सिंह, हरीश प्रधान, राजकुमार सिंह, खंड के सह सेवा प्रमुख आलोक व अंकित प्रधान, कपिल सिंह प्रधान, सिद्धू सिंह प्रधान, रिंकू सिंह, अवनीश सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डाकघर के माध्यम से लोगों तक पहुँच रही शासकीय योजनायें

- सांसद राजेश वर्मा ने उप डाकघर रामपुर मथुरा का किया लोकार्पण
- 56 लाख रूपये की लागत से निर्मित हुआ उप डाकघर

रामपुर मथुरा-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। किसी भी संस्था के लिए अपना भवन और उसकी छत बहुत मायने रखती है ,रामपुर मथुरा में 56 लाख रुपए की लागत से उप डाकघर का निर्माण कराया गया। जिसका मंगलवार को सांसद राजेश वर्मा ने लोकार्पण किया। मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा ने कहा कि भारत सरकार डाक विभाग पर विशेष बल दे रही है। किसानों का फसल बीमा, सुकन्या योजना, इंडिया पोस्ट पेमेंट तथा अन्य योजनाओं का लाभ दे रही है। सरकार गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं चला रही हैं। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा देने के लिए सरकार अधिकांश लाभ महिलाओं के नाम दे रही है। बेटियों की शादी तथा पढ़ाई के लिए सरकार सुकन्या योजना के तहत लाभ दे रही। उप डाकघर रामपुर मथुरा में नवीन भवन बनने के बाद से 2000 सुकन्या खाता खोले गए यह एक उपलब्धि है। कार्यक्रम में मौजूद विधायक ज्ञान तिवारी ने प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में प्रकाश डाला। उन्होंने क्षेत्र में अपने प्रयासों से कराए गए कार्यों के बारे में लोगों को जानकारी दी। बाढ़ और कटान तथा खराब सड़कों का जिक्र किया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि और विशिष्ट तिथि ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उप डाकपाल डाक अधीक्षक एवं महाप्रबंधक ने मुख्य अतिथि का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर पोस्ट मास्टर जनरल विवेक कुमार दक्ष ने बताया कि फसल बीमा सुकन्या योजना, बीमा पॉलिसी, महिला सम्मान बचत योजना ,फिक्स डिपाजिट सहित अन्य योजनायें डाक विभाग की ओर से संचालित की जा रही हैं। उद्घाटन के इस मौके पर डाकघर में खोले गए सुकन्या योजना के खाते तथा महिला सम्मान बचत योजना के खातों की पासबुक सांसद ने लाभार्थियों को वितरित की। इस अवसर पर बासेब्ल कुमार यूपी परिमंडल, अधीक्षक पुरुषोत्तम नाथ प्रजापति, केंद्रीय निरीक्षक अमित कुमार, दक्षिणी निरीक्षक अंबुज कुमार, उप डाकपाल शिशिर कुमार, शाखा डाकपाल धर्मेंद्र प्रताप सिंह, अशोक कुमार शुक्ला, अशोक मिश्रा, सांसद प्रतिनिधि गिरिजेश गुप्ता उपस्थित रहे।

दहावा पहुँच कमिश्नर ने देखी मछली पालन की हकीकत

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। जनता दरबार लगाकर समस्याएं सुनने के बाद मंडलायुक्त रोशन जैकब कसमंडा ब्लॉक की दहावा न्योराजपुर ग्राम पंचायत पहुंची। जहां पर उन्होंने हो रहे मछली पालन की हकीकत को देखा। सिगहिया मजरा दहावा गांव के बाहर कई एकड़ के इस तालाब में लखनऊ जनपद के सोनिकपुर निवासी सुनील सिंह की ओर से मछली पालन का बेहतर माहौल देख खुशी जाहिर की। मत्स्य विभाग व अन्य अधिकारियों के अलावा मौके पर बीडीओ प्रशांत कुमार शुक्ल, सचिव विवेक कुमार, कुलदीप कुमार, प्रधान रामसागर यादव, प्रधान प्रतिनिधि कैलाश मिश्रा, संतोष यादव, टीए केके तिवारी आदि मौजूद रहे।

ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार मासूम की मौत, तीन घायल

- रिश्तेदार के यहाँ अंतिम संस्कार में जा रहे थे बाइक सवार

झरेखापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। हरगांव थाना क्षेत्र मे मंगलवार को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक पर सवार मासूम बच्ची की मौत हो गयी जबकि एक अन्य बच्ची सहित दम्पत्ति घायल हो गये। सभी लोग एक ही बाइक पर सवार होकर रिश्तेदार के यहां अंतिम संस्कार मे शामिल होने जा रहे थे। हरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम परसेहरानाथ निवासी बसंत अपनी दो बेटियों दीपाली व जान्हवी तथा पत्नी सुमन के साथ बाइक पर सवार होकर अपने रिश्तेदार के यहां अंतिम संस्कार में शामिल होने चकला गांव जा रहे थे। तभी रास्ते में लखीमपुर-सीतापुर मार्ग पर झरेखापुर के पास भोले बाबा मंदिर के निकट गलत दिशा में आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित गन्ना भरी ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर बैठी बच्ची दीपाली उम्र 3 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गयी तथा बसंत व पत्नी सुमन तथा दूसरी बच्ची जान्हवी गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक गुडबेल पर ट्रैक्टर ट्राली छोड़कर फरार हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी हरगांव भेज दिया जहां से डाक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।हरगांव थाना प्रभारी अरविंद कुमार पाण्डेय ने बताया बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है घायलों का इलाज जारी है।

सीएचसी सांडा में माँगों को लेकर आशाओं का धरना जारी

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा पर आशाओं का धरना सोमवार को भी जारी रहा। आशाओं ने कहा कि उन्हें राज्य कर्मचारियों का दर्जा देते हुए स्थाई किया जाये। प्रतिमाह आशा को 18 हजार और संगिनी को 24 हजार रुपए निश्चित मानदेय दिया जाय तथा सुरक्षा की दृष्टि से 50 लाख का बीमा कवर सुनिश्चित किया जाय। जब वह ग्रामीण क्षेत्र से सुरक्षित प्रसव के लिए महिलाओं को अस्पताल लाती हैं इस कार्य में कभी-कभी उन्हें देर रात में अस्पताल आना पड़ता है लेकिन अस्पताल में उनके रुकने की कोई व्यवस्था नहीं होती जिससे उन्हें परेशान होना पड़ता है कार्य के दौरान अस्पताल में उनके रुकने की समुचित व्यवस्था की जाए। संगठन की अध्यक्ष कमलेश सिंह के साथ राम रानी,प्राची रूबी देवी, शर्मा देवी, ममता देवी, सुशीला देवी, जय देवी आदि बड़ी संख्या में आशा मौजूद रही।

यूपी की सभी 80 सीटों पर भाजपा खिलायेगी कमल: धर्मपाल

- कलेस्टर बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा इस बार यूपी की सभी 80 सीटों पर कमल खिलाने जा रही है। कार्यकर्ताओं को दूने मेहनत और उत्साह के साथ काम करना होगा। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में भाजपा की जीत का ग्राफ प्रचंड हो इसके लिये पार्टी के घोषित प्रत्याशियों के समर्थन में रात-दिन चुनाव प्रचार करना होगा। धर्मपाल मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय पर पांच लोकसभाओं को मिलाकर बने कलेस्टर की बैठक को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। प्रदेश महामंत्री संगठन ने इस दौरान कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप में अवध प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश तिवारी मौजूद रहे। आए हुए अतिथियों का भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने स्मृति चिन्ह ,अंग वस्त्र भेंट कर भव्य स्वागत किया। बैठक में कलेस्टर से जुड़े पांचो लोकसभाओं सीतापुर सदर, मिश्रिख, धौरहरा, हरदोई, लखीमपुर के प्रभारी, संयोजक व पदाधिकारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष (अवध) कमलेश मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पांचो लोकसभा में प्रचंड विजय हासिल करेगी ऐसे में कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी को अपने दायित्वों का निष्ठ एवं ईमानदारी से निर्माण करना है और अपने सहयोगियों का संपूर्ण सहयोग करके मिशन को हासिल करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि जिले से जुड़ी चारों सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। हमें अपने कार्य में गति को और तेज करने का समय आ गया है संगठन के निर्देशों पर संपूर्ण खरा उतरना ही हमारा लक्ष्य है। उन्होंने सीतापुर की धरती पर आए हुए सभी अतिथियों का अभिवादन एवं धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर हरदोई भाजपा जिला अध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन लखीमपुर जिला अध्यक्ष सुनील सिंह सहित पांचो लोकसभाओं के लोकसभा प्रभारी,संयोजक विधानसभा प्रभारी,संयोजक उपस्थित रहे।

अस्पताल संचालकों की गुंडागर्दी के सामने घुटनों पर आई स्वास्थ्य टीम

- मारपीट पर उतरे संचालक, धरी रह गई दो अस्पतालों को सीज करने की कार्रवाई

महमूदाबाद-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। सीएमओ के आदेश पर मंगलवार को स्वास्थ्य टीम ने दो अस्पताल व एक डायग्नोस्टिक सेंटर सीज कर दिया। दो अन्य अस्पताल सीज करने गई स्वास्थ्य टीम से दो निजी अस्पतालों के संचालक अपने पालतू गुंडे बुलाकर मारपीट पर उतारू हो गए। अस्पताल संचालकों की गुंडागर्दी के सामने स्वास्थ्य टीम घुटनों पर आ गई। आखिरकार दोनों अस्पतालों को सीज करने की कार्रवाई किए बगैर ही स्वास्थ्य टीम वापस लौट आई। मालूम हो कि एसडीएम शिखा शुक्ला व सीएचसी अधीक्षक आशीष सिंह की संयुक्त टीम ने सोमवार को इंडियन हास्पिटल, एवं अल्ट्रा साउंड सेंटर, जीवक नर्सिंग होम, लखनऊ हास्पिटल का औचक निरीक्षण किया था। टीम को जीवक नर्सिंग होम मे बीए और एमकाम पास लोग इलाज करते मिले थे। निरीक्षण के दौरान अप्रशिक्षित चिकित्सक मिलने व प्रसूताओं का आपरेशन कर प्रसव कराए जाने पर न्यू इंडिया, इंडियन हास्पिटल, जीवक नर्सिंग होम, लखनऊ हास्पिटल के साथ एवं अल्ट्रासाउंड सेंटर पर कार्रवाई की रिपोर्ट भेजी गई थी। सीएमओ से आदेश मिलने के बाद मंगलवार को सीएचसी अधीक्षक डा. आशीष सिंह स्वास्थ्य टीम के साथ अस्पतालों को सीज करने के लिए पहुंचे। टीम द्वारा एवन डायग्नोस्टिक सेंटर तथा इंडियन व न्यू इंडियन हास्पिटल सीज किए गए। इसके बाद टीम सिधौली मार्ग के बेहटा वार्ड स्थित जीवक नर्सिंग होम पहुंची और जैसे ही अस्पताल सीज करने का कार्रवाई शुरू की तो संचालक फरमान अली ने करीब आधा सैकड़ा लोगों को फोन कर बुला लिया और कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। संचालक अपने साथियों के साथ स्वास्थ्य टीम के साथ दबंगई करते हुए मारपीट पर अमादा हो गया तो टीम वहां से अस्पताल सीज किए बगैर बैरंग वापस लौट आई। इसके बाद टीम सिधौली मार्ग स्थित लखनऊ हास्पिटल पहुंची। यहां संचालक करीब आधा सैकड़ा लोगों के साथ मिला। सीज की कार्रवाई शुरू करने पर संचालक अपने साथियों के साथ विरोध करते हुए मारपीट पर अमादा हो गया। स्वास्थ्य टीम यहां से बैरंग वापस लौट आई। सीएचसी अधीक्षक ने दोनों अस्पताल संचालकों के खिलाफ एसडीएम व विभागीय उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी है। सीएचसी अधीक्षक महमूदाबाद आशीष सिंह ने बताया कि जीवक नर्सिंग होम तथा लखनऊ हास्पिटल के संचालकों द्वारा गुंडे इकट्ठा कर अस्पतालों को सीज करने की कार्रवाई में बाधा पहुंचाई है।

मामूली कहासुनी के दौरान दबंग ने अधेड़ को धुना

हरगाँव-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। हरगाँव थाना इलाके में किसी बात को लेकर मामूली कहासुनी के दौरान दबंग ने अधेड़ की पिटाई कर दी। घायल को इलाज के लिये लखनऊ रिफर किया गया है। बताते चलें कि हरगांव थानान्तर्गत ग्राम दोस्तपुर मझिगवां निवासी हरि किशोर उम्र 45 वर्ष पुत्र मुरली का गांव के ही दबंग चिंकू पुत्र राम सेवक से किसी बात को लेकर मामूली विवाद हो गया। जिस पर चिंकू ने हरिकिशोर के साथ अभद्रता करते हुए उसकी जमकर पिटाई कर दी। गम्भीर रूप से घायल हरिकिशोर को इलाज के लिये सीएचसी हरगांव ले जाया गया। हालत गम्भीर देख डॉक्टरो ने उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया। वहां से चिकित्सक ने उसे लखनऊ के लिए रिफर कर दिया। थाना प्रभारी अरविंद कुमार पांडेय ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

दलित महिलाओं के साथ हो रहे दुष्कर्म पर लगे प्रतिबंध

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। पश्चिम बंगाल के उत्तर चौबीस परगना जिले के संदेशखाली क्षेत्र की महिलाओं के साथ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओ द्वारा यौन शोषण किया जा रहा है। अभाविप सीतापुर के कार्यकर्ताओं ने मानवता को शर्मसार करने वाली संदेशखाली घटना से आहत हो कर आज जिला अधिकारी कार्यालय का घेराव किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांत कार्यकारिणी सदस्य साक्षी शुक्ला ने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट कृष्णनंद तिवारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ टीएमसी कार्यकर्ताओं द्वारा दलित घरों में जबरन घुसकर नाबालिग कन्याओं व महिलाओं का अपहरण कर उनके साथ बलात्कार किया जा रहा है। ऐसी घटनाओं पर तत्काल रोक लगाई जाये। इस दौरान विभाग संगठन मंत्री अजय प्रताप शुक्ला, पवन तिवारी, आयुष शुक्ला एवं क्षमा पटवा, विदुषी मिश्र, विजय शंकर पांडेय, अभिषेक बाजपेई, अलख कांत श्रीवास्तव, अनुराग मिश्र, हर्षित पांडेय, शिवा अवस्थी, गोपाल, अमन दीक्षित, सुमित मिश्रा, मानस त्रिपाठी, सत्यम वर्मा, शिवम वर्मा, कार्तिक शुक्ला, नारायण मिश्रा, आंनद शुक्ला, आदर्श सिंह, प्रबल बाजपेई, गौरव गुप्ता, आयुष अवस्थी, मयंक मिश्रा, शोभित तिवारी, विकास वर्मा, शोभित शुक्ला, सुमित अवस्थी, रवि राठौर, पुनीत कुमार आदि मौजूद रहे।

मनरेगा का बड़े पैमाने पर हो रहा दुरुपयोग

- मजदूरों को काम पर न लगाकर हड़पा जा रहा पैसा

सकरन-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। विकास खंड सकरन में केन्द्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग किया जा रहा है। इस योजना के तहत मजदूरों को काम पर न लगाकर सिर्फ खानापूर्ति करके पैसा निकाला जा रहा है। विकास खंड की ग्राम पंचायत चिल्हिया के करीब एक सैकडा से ऊपर जॉबकार्ड धारकों को काम पर नही लगाया जाता है। जिससे यह मजदूर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए लखनऊ दिल्ली व अन्य प्रदेशों में पलायन कर मजदूरी करने को मजबूर है जहां कहीं पर मजदूरों को बंधक बनाकर काम करवाया जाता है और कही पर पूरी मजदूरी नहीं दी जाती। इसी ग्राम पंचायत के मजदूरों को राजस्थान के एक भट्ठे पर बंधक बनाकर उनसे काम करवाया जा रहा था ग्राम पंचायात के मजरा गेगलापुर में बुधवार को मेन रोड से रामखेलावन के खेत तक मनरेगा से पट रहे चकबंद पर 50 मजदूर मास्टररोल पर काम करते दिखाये गये जब कि वहां एक भी मजदूर काम करता नही मिला मौके पर केवल बीस मीटर चकमार्ग घास छोलकर बराबर किया पाया गया पड़ोस के खेत में सरसों की फसल काट रहे किसानों ने बताया कि यह चकमार्ग एक सप्ताह पूर्व दस लेवरों से बराबर करवाया गया था यहां पर किसी तरह की पटाई नही करवायी गयी है। मामले को लेकर जब एडीओ पंचायत दिनेश यादव से बात की गयी तो उन्होने बताया कि मौके की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी।

सूचना

सर्व विदित हो कि मैंने अपना नाम VINOD KUMAR MAGOON से बदलकर VINOD KUMAR लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

C/o SHIV NATH BHAGUN
ALIGANJ, LUCKNOW

न्यायालय सूचना

एम.सी.जे. फार्म नं. 33 भाग 7
हेतु संदर्शित करने के सूचना (साधारण प्रारूप)
न्यायालय श्रीमान असि.कले. प्रथम श्रेणी
सिधौली-सीतापुर
वाद सं.: 468/टी.202110640501184,
अन्तर्गत धारा 116 उ.प्र.रा.सं. 2006,
पेशी तारीख : 11.03.2024

हरिवंश

बनाम

सुमन देवी आदि

आशुवेन्दु पुत्र शैलेन्द्र कुमार नि. नयागाँव पर. बाड़ी तह. सिधौली, सीतापुर, श्रीमती सुमन कुमारी पुत्री शिव कुमार पत्नी आशीष कुमार निवासी ग्राम मंथरा माधव पर. व तह. महमूदाबाद, सीतापुर, श्रीमती रीना देवी पुत्री शिवकुमार पत्नी अरूण कुमार निवासी ग्राम कोकनामऊ पर. बाड़ी तह. सिधौली-सीतापुर, ग्राम सभा नयागाँव द्वारा ग्राम प्रधान नयागाँव पर. बाड़ी तह. सिधौली-सीतापुर। चूँकि उपरिनामांकित ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्शित करने के लिये दिनाँक 11.03.2024 को सुबह 10 बजे में स्वयं सम्पर्क रूपेण अनुविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा, आधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर सहित सूचना आज दिवस को निकाली गयी।

आज्ञा से न्यायालय श्रीमान असि.कले. प्रथम श्रेणी
सिधौली-सीतापुर

भाजपा प्रत्याशियों की जीत का फिर बनेगा रिकार्ड: राकेश गुरु

- अस्पताल यूपी की 80 सीटों पर भाजपा का होगा कब्जा: अभिषेक गुप्ता
- खैराबाद में हुई नमो चौपाल, वक्ताओं ने युवाओं में भरा जोश

सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। खैराबाद कस्बे में भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष अंशू मिश्रा की अध्यक्षता में नमो युवा चौपाल का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू, विशिष्ट अतिथि खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता रहे। इस मौके पर नगर विकास मंत्री राकेश राठौर ने कहा कि मोदी और योगी के नेतृत्व में देश व प्रदेश तेजी से तरक्की कर रहा है। जितनी तेजी से यह विकास हो रहा है, वह ट्रिपल इंजन की सरकार में ही संभव हो सका है। योगी और मोदी की दूरदर्शिता आने वाले कुछ समय में हमारे देश को 100 वर्ष आगे ले जाने का कार्य करेगी। खैराबाद क्षेत्र में अभिषेक गुप्ता बबलू के नेतृत्व में जो कार्य हो रहे हैं वो एक नजीर बनेंगे। राज्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव में इस बार भाजपा प्रत्याशियों की जीत का रिकार्ड बनेगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता बबलू ने कहा कि आज सरकारी योजनाओं में सबको समान अधिकार मिल रहा है। आने वाले दिनों में और भी बहुत से कार्यों की रूपरेखा बनाई गई हैं। जिससे कस्बे वासियों कों ज्यादा से ज्यादा सहूलियतें मिल सकेंगी। आगामी लोकसभा के चुनाव में उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 80 में से पूरी 80 सीटों पर जितने के जो लक्ष्य रखा गया है, उसको हम सब मिलकर पूरा करेंगे। नमो चोपाल के माध्यम से युवाओं में जो जोश दिख रहा है। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, कार्यक्रम संयोजक भाजयुमो मण्डल महामंत्री आकाश कटियार, कार्यालय प्रभारी योगेश मिश्रा, उपाध्यक्ष दीपक कुमार, चमन जोशी, प्रमोद जायसवाल, अभिषेक, महेंद्र, सार्थक, मनीष, ललित, आदित्य अवस्थी आदि मौजूद रहे।

स्मार्ट मोबाइल पाकर विद्यार्थियों के चेहरे पर छलक उठी खुशी

- स्मार्ट फोन देकर आप सभी को स्मार्ट बनाने का सरकार ने लिया निर्णय: राजेश
- गलत इस्तेमाल के बजाय फोन को पढ़ाई के लिए करना है प्रयोग: मनीष

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। बरई जलालपुर इलाके के स्वर्गीय श्री गिरिजा दयाल मिश्रा महाविद्यालय में मंगलवार को स्मार्टफोन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे स्मार्ट मोबाइल पाकर 146 विद्यार्थियों के चेहरे पर खुशी छलक उठी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर पहुंचे भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सरकार ने स्मार्ट फोन देकर आप सभी को स्मार्ट बनने का निर्णय लिया है। शिक्षा ग्रहण करने के लिए आप सभी को जिन समस्याओं का समाधान इधर-उधर ढूंढना पड़ता था अब वह इसी मोबाइल फोन पर आपको एक क्लिक में मिलेगा। राजेश शुक्ला ने कहा इससे आप सभी की पढ़ाई और बेहतर होगी। किसान नेता मनीष त्रिपाठी ने छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं से कहा इस स्मार्टफोन का गलत इस्तेमाल करने के बजाय आप को पढ़ाई के लिए प्रयोग करना है। फोन का गलत प्रयोग करने से आप सभी के सामने गंभीर समस्याएं आ सकती है। विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। मौके पर विद्यालय के प्रबंधक राजन मिश्रा, खैराबाद देहात भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रवण शुक्ल, राम सहारे मिश्रा आदि मौजूद रहे।

रामाभारी में 9 मार्च को होगा 'एक शाम, राम के नाम' कवि सम्मेलन

बिसवां-सीतापुर। बाबा छोटेलाल लक्ष्मी देवी सेवा समिति के तत्वावधान में राष्ट्रीय कवि संगम की ओर से बाबा छोटेलाल स्मृति महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विराट राष्ट्रीय कवि सम्मेलन 'एक शाम, राम के नाम' का आयोजन आगामी 9 मार्च दिन शनिवार को रात्रि 9 बजे से बाबा छोटेलाल बाल विद्यालय परिसर रामा भारी मे किया जा रहा है। मुख्य अतिथि सांसद राजेश वर्मा,अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान, अति विशिष्ट अतिथि विधायक निर्मल वर्मा, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक महेंद्र प्रताप सिंह यादव होंगे।

पीएचसी में चलता है 'डिलिवरी' के नाम पर पैसों की वसूली का खेल

- अस्पताल में मौजूद स्टाफ का नहीं पसीजा दिल, शिशु की मौत के बाद भी वसूले रुपए

कमलापुर-सीतापुर (स्पष्ट आवाज़)। कमलापुर हाईवे किनारे स्थित सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से निकल कर सामने आ रहा मामला बेहद गंभीर है। यहां प्रसव के नाम पर पैसों की वसूली का खेल चल रहा है। मौजूद स्टाफ का दिल उस वक्त भी नहीं पसीजा जिस वक्त शिशु की मौत के बाद परिजनों से रुपए वसूल लिए। पीड़ित महिला का आरोप है कि सहायक डॉक्टर नर्स व आशा बहू ने जच्चा बच्चा की सही से देखभाल नहीं की। जिससे जन्म के बाद उसके शिशु ने दम तोड़ दिया है। उपरांत उसकी सास से 650 रुपए की अवैध वसूली कर ली गई। इस बाबत पीड़िता ने कार्रवाई की मांग को लेकर उच्च स्तर पर शिकायत भेजी है। इलाके के पीरनगर गांव निवासी आरती पत्नी कुलदीप कुमार का कहना है पति की ओर से आशा बहू ममता के सहयोग से उसे रविवार की देर रात कमलापुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया था। करीब चार बजकर तीस मिनट पर उसने शिशु को जन्म दिया। करीब दो घंटे तक उसके शिशु को कोई दिक्कत नहीं हुई। आरती का आरोप है कि पैसे न मिलने की वजह से सहायक डॉक्टर व नर्स बेबी ने कोई देखभाल नहीं की। जिससे उसके शिशु ने दम तोड़ दिया है। रात में मौजूद स्टाफ आने वाले मरीज व तीमारदारों के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करता है। उसने यह भी आरोप लगाया कि शिशु की मौत हो जाने के बाद जब उसके परिजनों ने उसे घर ले जाने की बात कही तो वहां मौजूद डॉक्टर व आशा ने उसकी सास से 650 रुपए वसूल लिए। उसने कहा यहां इलाज व स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के नाम पर खिलवाड़ हो रही है। पीड़िता ने इस मसले की जांच करवा कर वैधानिक कार्रवाई की मांग करते हुए उच्च स्तर पर शिकायत प्रेषित की है।

यहाँ भी उठा था प्रसव व जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर रुपए लेने का मामला: काम के बदले उपलब्धियां हासिल करने वाले स्थानीय स्वास्थ्य महकमें पर आरोप लगते रहे है। ग्यारह दिन पूर्व मास्टरबाग में किसानों ने एक पंचायत की थी। यहां भी अन्य कई समस्याओं के साथ प्रसव व जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर रुपए लिए जाने का मामला उठा था। एकजुट किसानों ने कसमंडा सीएचसी के जिम्मेदारों पर आरोप लगाए थे कि जननी सुरक्षा के अंतर्गत प्रसूता डिलवरी पर एक हजार रूपए तक लिया जाता है। सीएचसी में जन्म प्रमाण पत्र के नाम पर लाभार्थियों से पैसे लिए जाते है। किसानों ने दिये हुए ज्ञापन में बिंदु संख्या पांच पर कहा था कि वर्ष 2020 में गुड़िया देवी पत्नी अजय प्रताप का प्रसव हुआ था आज तक इसके बदले में मिलने वाला लाभ उसे नहीं मिला है।

संक्षिप्त समाचार

मेकओवर्स के उद्घाटन में पहुंची मीनाक्षी दत्त

वाराणसी। मशहूर सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट मीनाक्षी दत्त वाराणसी में अपने मशहूर मीनाक्षी दत्त मेकओवर्स उद्घाटन में पहुंची, और महमूरगंज स्थित ब्रांच का आज उद्घाटन हुआ है.वहीं आपको बता दें कि मशहूर सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट मीनाक्षी दत्त देश ही नहीं बल्कि देशभर में अपने मेकअप की वजह से फेमस हैं। वह लाखों लड़कियों को उनके सबसे बड़े दिन यानी शादी के दिन के लिए राजकुमारी सा तैयार कर चुकी है। वह उन लोगों में से एक हैं जिन्होंने एक छोटे मेकअप स्टूडियो से अपनी यात्रा शुरू की और मेकअप वर्ल्ड में अपना पद हासिल किया है.वहीं उनके बेहतरीन काम की झलक उनसे जुड़कर वाराणसी की महिलाएं भी देख सकती है और मेकअप वर्ल्ड में अपने सपने को साकार कर सकती है।

डाक्यूमेंट्री में दिखेगा बाबू जगत सिंह के 1799 के विद्रोह का इतिहास

वाराणसी। ÷काशी की तीन चीजें जगतगंज की कोठी, 225 वर्ष पूर्व की कब्रें और आसमान में चमकता हुआ सूरज, 1799 में बाबू जगत सिंह द्वारा ब्रितानी हुकूमत के खिलाफ विद्रोह के गवाह हैं। उस विद्रोह में मारे गए ब्रितानी अधिकारियों की कब्रें, आज भी मकबूल आलम रोड में स्थित है। संपूर्ण विद्रोह का केंद्र बिंदु बाबू जगत सिंह की कोठी की दीवारें उस विद्रोह के दस्तावेजों से आज भी सुशोभित हैं।1799 के उस विद्रोह को इस उद्देश्य से डाक्यूमेंट्री में उतारा गया है कि आज की युवा पीढ़ी उस शहादत से प्रेरणा लेकर राष्ट्र के लिए अपना सर्वस्व अर्पण करने के लिए हमेशा तैयार रहेगी।÷द लास्ट हीरो आफ बनारस - बाबू जगत सिंह÷ पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री यूट्यूब के काशी दर्शन चैनल पर उपलब्ध है।÷ उपरोक्त बातें डॉ (मेजर) अरविंद कुमार सिंह ने सोमवार को जगतगंज कोठी, लहुराबीर में डॉक्यूमेंट्री के प्रदर्शन एवं पत्रकार वार्ता के अंतर्गत कहीं।इस अवसर पर जगत सिंह रॉयल फैमिली प्रोजेक्ट (छ्रक्स्न्क) की ओर से वृत्तचित्र निर्माता / निदेशक डा0 (मेजर) अरविन्द कुमार सिंह को सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय जन गौरव पार्टी का चुनाव 10 मार्च को

जौनपुर। राष्ट्रीय जन गौरव पार्टी के मुख्यालय पर बैठक आहूत की गयी। जिसमें राष्ट्रीय सम्मेलन /कार्यकारिणी से सभी सदस्य और पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। जिसमें राष्ट्रीय जन गौरव पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा दल के सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों के समक्ष राष्ट्रीय कार्यकारिणी के चुनाव कराने की तिथि एवं चुनाव अधिकारी के नाम पर प्रस्ताव रखा गया तथा विचार कर राष्ट्रीय सम्मेलन के सभी सदस्य एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने एक राय होकर ध्वनिमत से निर्णय लिया कि ओम प्रकाश उपाध्याय को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिसमें दिनांक 06 व 07 मार्च 2024 को नामांकन फर्म वितरण होगा तथा 08 मार्च 2024 का नामांकन किया जायेगा तथा 09 मार्च को जांच एवं नाम वापसी किया जायेगा। 10 मार्च को मतदान तथा परिणाम घोषित किया जाना तय किया गया है। जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सहित कुल 41 सदस्यों का निर्वाचन राष्ट्रीय सम्मेलन/ राष्ट्रीय कार्यकारिणी करेगा। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव कुमार उपाध्याय ने किया तथा संचालन राष्ट्रीय महासचिव सुनील कुमार उपाध्याय ने किया।

विद्यार्थी परिषद ने ममता सरकार का पुतला फूंका

जौनपुर। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को तिलकधारी महाविद्यालय के दक्षिणी द्वार पर संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन कर ममता सरकार का पुतला फूंका गया एवं महामहिम राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। अभाविप ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भयपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है तथा इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है । विभाग संगठन मंत्री ज्ञानेंद्र प्रताप ने कहा कि,संदेशखाली प्रकरण में बंगाल सरकार की अनेक नेताओं की संलिप्तता दुर्भाग्यपूर्ण है तथा ममता बनर्जी सरकार की महिला विरोधी छवि को उजागर करती है। हिंदू महिलाओं को चिन्हित कर उनके साथ दुराचार के अनेकों प्रकरण सामने आए हैं और सरकारी मशीनरी का इस्तमाल करते हुए इस प्रकरण को समाज से दूर रखने के काफी प्रयत्न किए गए हैं। अभाविप, अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए प्रकरण को समाज तक पहुंचाने व बहनों को न्याय दिलाने हेतु देशव्यापी आंदोलन कर रही है तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग कर रही है। प्रांत कार्यकारिणी सदस्य शानू सिंह ,नगर मंत्री रामप्रताप ,नमन, आशीष,ओजस, दिव्यांशु,उत्कर्ष,सूरज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सीआईएसएफ फोर्स ने किया फ्लैग मार्च

जौनपुर। जफराबाद नगर पंचायत में चुनाव व त्यौहार को देखते हुए नगर में सीआईएसएफ फ्लैग मार्च किया । इस मौके पर पुलिस चौकी प्रभारी अरविंद कुमार यादव, धनंजय राय धनुधारी मिश्रा पुलिस बल जितेंद्र सुमित यादव विपुल शाहिद बारिश भारी संख्या में पुलिस बल भ्रमण में क्षेत्र में कबूलपुर कजगांव सहित क्षेत्र में भ्रमण किया गया।

सात मार्च तक सही करा लें डाटा

जौनपुर। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी ने अवगत कराया है कि राज्य सरकार द्वारा संचालित अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा शुल्क प्रतिपूर्ति योजना में इस वित्तीय वर्ष में भारत सरकार एवं राज्य सरकार में मार्किंग का कार्य किया जा रहा है जिस कारण कतिपय छात्र छात्राओं का स्टेट्स शो होने के कारण इन छात्रछात्राओं का डाटा रिसेट कर में चला गया है। उन्होंने समस्त विद्यालयों के प्रबन्धक,प्रधानाचार्य को अवगत कराया है कि जिन छात्र छात्राओं के स्टेट् शो हो रहा है उन विद्यालयों के प्रबन्धक प्रधानाचार्य 07 मार्च तक जिला अल्पसंख्यक कार्यालय में सम्पर्क कर डाटा सही करा लें ताकि छात्रछात्राओं को छात्रवृत्ति से लाभान्वित किया जा सकें। साथ ही यह भी अवगत कराना है कि जिन प्रबन्धकधप्रधानाचार्य द्वारा समयान्तर्गत डाटा सही नहीं कराया गया तो वह इसके लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

कुरान के कंठस्थ पाँच छात्रों को दी गई हिफ्ज की डिग्री

जौनपुर। खेतासराय क्षेत्र के मनेछा स्थित मदरसा अरबिया बहरुल उलूम में जलसा-ए दस्तारबंदी का आयोजन हुआ । सोमवार की देर शाम कुरान शरीफ के कंठस्थ पाँच छात्रों को हिफ्ज की उपाधि दी गई । हाफिज-ए कुरान की डिग्री पाकर बच्चे खुशी से झूम उठे । उलेमाओं ने उन्हें आशीष के बताए हुए मार्ग पर चलने की शपथ दिलाई । कहा कि तालीम से ही सभी सफलताओं को प्राप्त कर सकते है । यहाँ आयोजित कार्यक्रम का प्रारंभ कारी मो दानिश ने तेलावत-ए पाक से किया । मदरसे के नन्हें मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया । नात-ए पाक मो दानिश के कई परस्तुति को लोगों ने खूब पसन्द किया । दर्जन भर आलिम-ए दीन ने अपने विचार रखे । मुख्यातिथि गुरैनी मस्जिद के इमाम-ए खतीब मुफ्ती मो शमीम अहमद ने अपने सम्बोधन में कहा कि समाज को पहली पाठशाला माँ होती है, ऐसे में महिलाओं को अपने बच्चे की तालीम अपने आगे आना चाहिए । उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि तालीम से दूरी की वजह से एक अच्छे समाज की संरचना बेहद मुश्किल है । उन्होंने शिक्षा पर जोर दिया । सदारत शमीम अख्तर ने किया जबकि संचालन मो अहमद ने की । हाफिज-ए कुरान के पाँच छात्रों को डिग्री दी गई जिसमें मो हाशिम, रेहान, शेयान, रायद व तांबिश शामिल रहे । इन छात्रों को हाफिज मो गालिब ने हिफ्ज मुकम्मल कराया । मुफ्ती मो शाहिद, सिराज प्रधान, मो फैज, इरफान अहमद, सकलैन, मुजीबुर्रहमान, अबू जैद, आरिफ अब्दुर्रहमान समेत अन्य लोग शामिल रहे ।

नई दोहरीकृत रेल खंड का किया निरीक्षण

वाराणसी,यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं परिचालनिक सुगमता हेतु मूलभूत ढॉचे में विस्तार के क्रम में पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के फेफना- इन्दारा दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत रतनपुरा-इन्दारा (15.24 किमी) स्टेशनों के मध्य दोहरीकरण के अंतर्गत दूसरी रनिंग लाइन का निर्माण का कार्य पूर्ण होने के उपरान्त आज 05 मार्च, को रेल संरक्षा आयुक्त,पूर्वोत्तर सर्किल प्रणजीव सक्सेना ने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण श्री एस. सी. श्रीवास्तव एवं अपर मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्फ्रा) श्री रोशन लाल यादव के साथ इस नई दोहरीकृत रेल खंड का निरीक्षण किया । इस अवसर पर उनके साथ प्रिंसिपल एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर (रेल विकास निगम लिमिटेड) श्री कमल नयन ,मुख्य विद्युत डिज़ाइन इंजीनियर श्री सुरेश कुमार ,मुख्य सिगनल इंजीनियर श्री आर के सिंह , उप मुख्य संरक्षा अधिकारी श्री आशीष पाण्डेय,महाप्रबंधक/विद्युत रेल विकास निगम लिमिटेड श्री एस.पी.एस. यादव, मुख्य परियोजना प्रबन्धक (रेल विकास निगम लिमिटेड) श्री विकास चंद्रा, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर समन्वय श्री राकेश रंजन, मंडल इंजीनियर श्री पी पी कुजूर , वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी श्री बलेंद्र पॉल , वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (कर्षण) श्री आर एन सिंह , वरिष्ठ मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर श्री रजत प्रिय, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य) श्री पंकज केशवानी, अपर महाप्रबंधक (रेल विकास निगम लिमिटेड) श्री आशुतोष शुक्ला सहित मुख्यालय तथा वाराणसी मंडल के सम्बन्धित शाखा अधिकारी समेत रेलवे कर्मचारी एवं रेल विकास निगम लिमिटेड वरिष्ठ इंजीनियर उपस्थित थे ।

23 करोड़ की अफीम के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

मिर्जापुर। पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री पर अंकुश लगाते हुए तस्करी में संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरूद्ध लगातार अभियान चलाकर की जा रही कार्यवाही में एस.ओ.जीध्सर्विलांस व थाना को0देहात की संयुक्त पुलिस टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर व क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में दिनांकः 04.03.2024 को

एस.ओ.जी.ध्सर्विलांस व थाना को0देहात की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना को0देहात क्षेत्रांतर्गत बरकछा मोड़ बहद ग्राम बरकछा से चार पहिया वाहन रिनाल्ट फ्ल्यूवेन्स कार से 01 अभियुक्त हेमन्त धानुक पुत्र गोविन्द रामजी निवासी प्लाट नं0- 456, फ्लैट न0- 302 शिवगंगा अपार्टमेन्ट, शिवसिटी, निहालपुर मुण्डी थाना राजेन्द्र नगर, जनपद इन्दौर, मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया गया। वाहन की तलाशी में कुल 22.365 किलो ग्राम अवैध अफीम (अनुमानित कीमत 23 करोड़) बरामद की गयी।

उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना को0देहात पर मु0अ0सं0-46/2024 धारा 8/18 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया।

अफीम तस्करी में प्रयुक्त रिनाल्ट फ्ल्यूवेन्स कार वाहन को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया। सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को पुलिस अधीक्षक द्वारा उत्साहवर्धन हेतु रु0 25000 के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

किसान की हत्या, थानाध्यक्ष निलम्बित

जौनपुर। जिले के मड़ियाहूं कोतवाली क्षेत्र के नंदगंज चौराहे पर भूमि विवाद को लेकर दबंगों ने धारदार हथियार से किसान की हत्या कर दी। जबकि पूर्व प्रधान गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायल को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। पुलिस अधीक्षक ने इस मामले को लेकर कोतवाल विनय प्रकाश सिंह को निलंबित कर दिया गया है।मुख्य आरोपी हिरासत में है। हत्या का कारण ग्राम समाज की जमीन को लेकर विवाद बताया जा रहा है। ऊंचनी कला गांव निवासी पूर्व प्रधान प्रताप सिंह (50) पुत्र अजय सिंह का दबंगों से जमीनी विवाद चल रहा था।

चार दिन पहले भी दोनों पक्षों में ग्राम समाज की एक फिट जमीन को लेकर मारपीट हुई थी। मामले में मुकदमा दर्ज हुआ था।सोमवार को देर षाम प्रताप सिंह अपने पड़ोसी किसान संजय सिंह उर्फ

मुन्ना (55) के साथ बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान नंदगंज चौराहे पर दबंगों ने दोनों पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची मड़ियाहूं पुलिस ने दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

वहां चिकित्सकों ने संजय सिंह उर्फ मुन्ना को मृत घोषित कर दिया। सीएचसी पहुंचे मृतक के परिजन शव लेकर घर चले गए। गंभीर रूप से घायल प्रताप सिंह को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के घर एसपी डॉ. अजय पाल शर्मा और एडिशनल एसपी शैलेंद्र सिंह पहुंचे।

सीओ ने महाशिवरात्रि मेला की तैयारियों का कोटार नाथ शिव मंदिर का लिया जायजा

हलिया (मिर्जापुर)। क्षेत्र के कोटार गांव के अदवा नदी के मध्य टीले पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में 8 मार्च को महा शिवरात्रि पर्व के व्यवस्थाओं के तैयारियों के मद्देनजर सीओ लालगंज शैलेन्द्र त्रिपाठी ने सोमवार की देर शाम थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह के साथ कोटार नाथ शिव मंदिर परिसर में पंहुचकर दर्शनार्थियों के वाहन पार्किंग आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया महा शिवरात्रि मेला के आयोजक ग्राम प्रधान कोटार विनोद कुमार सिंह से मेला से संबंधित तैयारियों के संबंध में जानकारी लिया वहीं थानाध्यक्ष हलिया विष्णु प्रभा सिंह को निर्देशित किया कि मेला क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाते हुए महा शिवरात्रि मेला को सकुशल संपन्न कराएं सुरक्षा

व्यवस्था के लिए लगने वाले फोर्स की ड्यूटी प्वाइंट को चिंहित कर लें जिससे मेला क्षेत्र में दर्शन पूजन करने के लिए आने वाले दर्शनार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत परेशानी ना होने पायें मेला क्षेत्र में भारी वाहनों को नियंत्रित करने के लिए काली मंदिर व सोठिया कला तिराहा के पास पुलिस बैरियर लगाकर वाहनों को मेला पार्किंग में खड़ा कराएं।मंदिर पुजारी शिवराम गिरि व जयराम गिरि ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व के मेले में लाखों भक्तों की भीड़ दर्शन पूजन करने के लिए आने कि संभावना है।इस संबंध में सीओ लालगंज शैलेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि हलिया क्षेत्र में प्रसिद्ध शिव मंदिर में महा शिवरात्रि मेला में श्रद्धालुओं के लिए किए गए तैयारियों का जायजा लिया गया है और थानाध्यक्ष विष्णु प्रभा सिंह को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।इस दौरान एसआई बाली मौर्य, सतीष कुमार सिंह,हेड कांस्टेबल ज्ञानदीप सिंह रामअजोर सरोज आदि मौजूद रहे।

उमड़ी दिव्यांगों की भीड़,मिला उपकरण

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय ब्लाक मुख्यालय पर मंगलवार को सहायक उपकरण वितरण होने की जानकारी मिलने पर अलग अलग गांवों से दिव्यांगों का हूजूम सुबह छह बजे ही पंहुच गया और सहायक उपकरण वितरण होने का इंतजार करने लगे लेकिन खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा को 11.30 बजे जिला मुख्यालय से ब्लाक मुख्यालय पर पंहुचने के बाद खंड विकास अधिकारी ने ब्लाक मुख्यालय पर आये दिव्यांगों को बताया कि जिन दिव्यांगों का जिला मुख्यालय पर सहायक उपकरण के लिए स्क्रीनिंग हुआ है उन्हें ही सहायक उपकरण दिया जायेगा विकास खंड के कुल 164 दिव्यांगों को सहायक उपकरण के लिए चिंहित किया गया था लेकिन सहायक उपकरण वितरण करने वाली कंपनी एलिम्को द्वारा पूरा सहायक उपकरण उपलब्ध नहीं कराया गया है करीब साठ दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरण करने के लिए सहायक उपकरण ट्राई साइकिल आदि उपलब्ध कराया गया है और अन्य दिव्यांगों को वितरण करने के लिए सहायक उपकरण उपलब्ध होते ही वितरण कराया जायेगा।इतना ही नहीं जिन दिव्यांगों को एक या पांच वर्ष में उपकरण मिला है उन्हें उपकरण के लिए स्क्रीनिंग नहीं किया गया है जबकि विकास खंड में करीब तीन सौ लोगों ने सहायक उपकरण के लिए शिविर में पंजीकरण कराया था लेकिन कंपनी एलिम्को द्वारा 164 दिव्यांगों को ही सहायक उपकरण के लिए चयनित किया गया। इससे काफी संख्या में पंहुचे दिव्यांगों को बिना सहायक उपकरण के ही ब्लाक मुख्यालय से बैरंग वापस लौटना पड़ा।इस संबंध में खंड विकास अधिकारी डॉ राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिन दिव्यांगों को सहायक उपकरण के लिए जिला मुख्यालय पर स्क्रीनिंग किया गया है उन दिव्यांगों के सहायक उपकरण वितरण के लिए प्राप्त हुए हैं ।

स्क्रीनिंग के बाद नहीं मिला दिव्यांग को उपकरण, मायूस लौटा

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत मतवार निवासी राजेश आदिवासी बायां पैर पूर्ण रूप से दिव्यांग है ब्लाक पर आयोजित सहायक उपकरण के शिविर में उपकरण के लिए पंजीकरण कराने के बाद जिला मुख्यालय पर केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल द्वारा सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में सहायक उपकरण के लिए गया था जंहा पर सहायक उपकरण के लिए एलिम्को कंपनी द्वारा स्क्रीनिंग किया लेकिन ब्लाक मुख्यालय पर सहायक उपकरण के लिए आया तो पता चला कि स्क्रीनिंग सूची में दिव्यांग का नाम नहीं है जिससे दिव्यांग सहायक उपकरण के लिए अधिकारियों के पास गुहार लगाता रहा लेकिन कोई भी अधिकारी दिव्यांग को सहायक उपकरण देने के लिए तैयार नहीं हुआ। जिससे दिव्यांग मायूस होकर वापस अपने आवास विभाग को कोसता हुआ चला गया।

ब्लाक मुख्यालय से निकाली गई नारी शक्ति बंदन यात्रा

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय ब्लाक मुख्यालय से मंगलवार की शाम महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष रानी सोनी की अध्यक्षता में किया गया। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष निर्मला राय ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर नारी शक्ति बंदन पदयात्रा का शुभारंभ किया पदयात्रा ब्लाक मुख्यालय से हलिया बाजार तक निकाली गई। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष निर्मला राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं को समर्पित अनेकों योजनाएं जैसे सौभाग्य योजना,हर घर नल जल योजना, उज्जवला गैस सिलेंडर योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुद्रा लोन,ड्रोन दीदी योजना, लखपति योजना आदि योजनाएं चलाई जा रही है।आज महिलाएं नौकरी के क्षेत्र में पुरुष से आगे निकलकर आत्मनिर्भर बन रही है।

महिला मोर्चा ने नारी शक्ति वंदन स्कूटी रैली निकाली, दिया संदेश

सोनभद्र। जिला भाजपा महिला मोर्चा के तत्वाधान में मंगलवार को नारी शक्ति बंदन स्कूटी रैली निकालकर नगर में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की कल्याणकारी योजनाओं की दी जानकारी लगाए जयकारे।

भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष पुष्पा सिंह ने बताया कि मुख्य अतिथि के तौर पर साइन हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर अनुपमा सिंह द्वारा कार्यक्रम का आगाज किया गया वहीं महिला मोर्चा मुख्यालय से मिले आदेश अनुसार मंगलवार को महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं द्वारा नारी शक्ति बंदन स्कूटी रैली निकालकर नगर में महिलाओं को संदेश देने का कार्य किया गया इस मौके पर रुबी गुप्ता, गुडिया त्रिपाठी, रंजन पांडेय, कनकलता, तारा देवी ,संगीता पाठक ,प्रिया सोनकर आदि मौजूद रहे।

घटिया ईंट से बन रही इंटरलॉकिंग का किया शिकायत

हलिया (मिर्जापुर)। स्थानीय विकास खंड के ग्राम पंचायत मतवार के क्षेत्र पंचायत सदस्य राहुल प्रताप सिंह ने तहसील दिवस व मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराते हुए पूर्व माध्यमिक विद्यालय मतवार में कायाकल्प योजना के तहत बनाई जा रही इंटरलॉकिंग के निर्माण कार्य में घटिया ईट से इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य कराए जाने का आरोप ग्राम प्रधान व सचिव पर लगाया है बताया कि तहसील दिवस पर हुई शिकायत के बाद इंटरलॉकिंग ईट की जांच हुई थी जिसे जांच टीम ने घटिया बताते हुए तत्काल कार्य में प्रयोग हो रहे ईट पर रोक लगा दिया था लेकिन ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा पंद्रह दिन के बाद फिर से घटिया ईट व सामग्री से इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य को शुरू करा दिया है। क्षेत्र पंचायत सदस्य ने घटिया ईट व सामग्री से बनाई जा रही इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की जांच कराते हुए दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग किया है।

संदेशखाली प्रकरण में अभाविप ने ममता सरकार का विरोध प्रदर्शन किया

सोनभद्र। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनभद्र जिला के कार्यकर्ताओं द्वारा मंगलवार को लोढ़ी स्थित कार्यालय जिलाधिकारी को संदेशखाली प्रकरण के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया एवं कार्यकर्ताओं द्वारा महामहिम राष्ट्रपति को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन भेजा गया। अभाविप सोनभद्र ने तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा हिंदू घरों से जबरन नाबालिग कन्या व महिलाओं को चिन्हित कर उनका भयपूर्वक अपहरण कर पार्टी कार्यालय में लाकर अत्याचार, दुराचार करने के कृत्यों की कड़े शब्दों में भर्त्सना की है तथा इस संबंध में कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। वही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सोनभद्र के विभाग संगठन मंत्री अनिल ने बताया कि विगत 10 फरवरी को पश्चिम बंगाल के माननीय राज्यपाल आनंद बोस के संदेशखाली दौरे के कारण इस वीभत्स शोषण की सच्चाई वृहद् जनमानस के समक्ष आई है।

अभाविप जिला संयोजक मृगांक दुबे ने कहा कि अपने सामाजिक दायित्व को निभाते हुए प्रकरण को समाज तक पहुंचाने व बहनों को न्याय दिलाने हेतु देशव्यापी आंदोलन कर रही है विद्यार्थी परिषद तथा दोषियों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की मांग कर रही है।÷ इस मौके प्रांतकार्यसमिति सदस्य कुंवर चतुर्वेदी, राहुल जालान, सत्यम शुक्ला,मनमोहन निषाद, ललितेश मिश्र, अभय प्रताप सिंह, रणजीत पटेल,राजबली इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहें ।

तीर्थ ग्राम रमायन में श्रीमद भागवत एवं रामकथा की धूम

इटावा। भरथना क्षेत्र के तीर्थ ग्राम रमायन में स्थित प्रसिद्ध महामंशापूर्ण श्री गंगाधर विश्वनाथ मंदिर में प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष में होने वाले रूद्र यज्ञ एवं श्री राम कथा के साथ ही श्रीमद्भागवत कथा की धूम मची हुई है, जिसमें भक्त श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुट रही है। 7 मार्च को ग्राम में ही नव निर्मित श्री राधा कृष्ण मंदिर में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा भी होगी। शिव मंदिर पर राम कथा सुनाते हुए व्यास आचार्य पं. दीपक द्विवेदी ने कहा कि जब जब पृथ्वी पर अत्याचार अनाचार बढ़ता है और धर्म आहत होने लगता है, तब तब परमात्मा भक्त सज्जनों एवं धर्म की रक्षा करने के लिए अवतार लेता है। यथा, जब जब होय धर्म की हानी। बाढ़हिं अधम असुर

अभिमानी। तब तब धर प्रभु मनुज सरीरा। हरहिं दयानिधि सज्जन पीरा। त्रेता में भी रावण का अत्याचार बढने पर राम ने अयोध्या में राजा दशरथ के यहां अवतार लिया। विप्र धेनु सुर संत हित लीन्ह मनुज अवतार। निज इच्छा तनु निर्मित माया गुन गो पार। और जैसे ही जन्म लिया, दशरथ पुत्र जन्म सुनि काना। मानहु ब्रह्मानंद समाना। परीक्षत के रूप में गौरव मिश्रा, संजना मिश्रा कथा श्रवण कर रहे हैं।

भाजपा उम्मीदवार ने आशीवाद यात्रा निकाली

इटावा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के लिए पुनः प्रत्याशी बनाए जाने के पश्चात प्रोफेसर डॉ.रामशंकर कठेरिया के जनपद आगमन पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में ÷आशीर्वाद यात्रा÷ का आयोजन किया गया। टिकट मिलने के बाद प्रथम जनपद आगमन पर भारतीय जनता पार्टी के जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत के नेतृत्व में फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया। आशीर्वाद यात्रा में 500 से अधिक चार पहिया वाहनों से 2000 से अधिक कार्यकर्ताओं के साथ प्रत्याशी एवं सांसद डॉ.रामशंकर कठेरिया लोकसभा

भ्रमण कर जनता से आशीर्वाद लेने के उद्देश्य से पटेल चौक सिकंदरा के लिए रवाना हुए। कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों की थाप पर झूमते हुए अबकी बार 400 पार, यही समय है सही समय है, मोदी योगी जिंदाबाद, भारत माता की जय, वंदे-मातरम, राम शंकर कठेरिया जिंदाबादके जयकारों से माहौल को भाजपामय कर दिया।आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ इटावा रेलवे स्टेशन से शुरू होकर शास्त्री चौराहा होते हुए बस स्टैंड होते हुए पक्का बाग चौराहे से होते हुए एनएच 2 से औरैया होते हुए पटेल चौक सिकंदरा के लिए रवाना हुई।

आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ से पूर्व अपने संबोधन में डॉ. रामशंकर कठेरिया ने कहा कि मेरा परम सौभाग्य है कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने एक बार फिर से इटावा लोकसभा का प्रत्याशी बनाकर आप लोगों के बीच सेवा करने का अवसर प्रदान किया है।मुझे विश्वास है कि लोकसभा की सम्मानित जनता का पुनः आशीर्वाद मिलेगा।

वोट प्रतिशत बढ़ाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

जौनपुर। मतदाताओं को जागरूक करने के लिए डा अखतर हसन रिजवी शिया डिग्री कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई से जुड़े छात्र- छात्राओं ने मंगलवार को मतदाता जागरूकता रैली निकाली। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डा अवधेश कुमार की देख-रेख में छात्रों ने मीरपुर, धन्नेपुर, मानेपुर, बड़कपुर, धरनीधरपुर आदि गांवों का भ्रमण कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। रैली में छात्र, छात्राएं मतदाता जागरूकता बैनर व

तख्ती लिए तथा लोगों को मतदान करने हेतु जागरुकता स्लोगन व नारे लगाते चल रहे थे। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी बृजेश चतुर्वेदी ने मतदान का महत्व समझाते हुए कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व है। सभी बच्चे अपने घर और पड़ोस के लोगों को लोकसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक करे। इससे शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य हासिल करने में आसानी होगी। युवा व महिला मतदाताओं को भी वोट डालने के लिए प्रेरित करें। तथा जो पुरुष या परिवार रोजगार व शिक्षा के सिलसिले से दूसरे शहरों में गयें है उन्हें भी लोकतंत्र का महापर्व मनाने के लिए घर बुलाये और मतदान वाले दिन पोलिंग बूथ पर भेजकर मतदान कराये। उन्होंने कहा है कि वोट प्रतिशत बढ़ाने में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा ने छात्रों को वोटर पोर्टल व वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड कराया तथा प्रचार प्रसार करने के लिए बताया कि इसके माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर सकते हैं यदि 18 वर्ष से ऊपर किसी का नाम सूची में नहीं है तो तुरन्त इसी ऐप के माध्यम से फार्म 6 भरकर आवेदन करें। जिससे लोकसभा चुनाव में मतदान कर सकें। संचालन डा0 अवधेश कुमार ने किया। डॉ0 तस्नीम फात्मा, ई. शादाब हैदर, जयशंकर प्रसाद बिंद कलंदर, सतीश कुमार, हरेंद्र मौर्य, अंशुमान, राजन आदि उपस्थित रहे।

इटावा में सैनिक स्कूल का अद्घाटन कल

इटावा। रक्षा मंत्रालय के अधीन न्यू सैनिक स्कूल संकल्पना के तहत अपने शहर इटावा में भी सैनिक स्कूल प्रारंभ होने जा रहा है।पूर्व से ही कई प्रसिद्ध शैक्षणिक संस्थानों का सफल संचालन कर रहे मुन्ना स्मृति संस्थान को इस महत्वपूर्ण कार्य की जिम्मेदारी मिली है।आगामी सात मार्च को उत्तर प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना द्वारा इस विद्यालय का शुभारंभ किया जाएगा।इसी दिन सैनिक स्कूल परिसर में 52 फीट ऊंचे तिरंगे झंडे का भी लोकार्पण किया जाएगा।इस अवसर पर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह और एमएलए सदर सरिता भदौरिया भी उपस्थित रहेंगी।

5 से 7 मार्च को लघु अपराधिक मामलों हेतु विशेष लोक अदालत

■9 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार वाहन को न्यायाधीश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

मिर्जापुर। जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल प्रधान न्यायाधीश/जनपद न्यायाधीश, परिवार न्यायालय राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव एवं अपर जिला जज/नोडल अधिकारी (रा0लो0अ0) वायु नन्दन मिश्र, अपर जिला जज/सचिव डीएलएसए लाल बाबू यादव, इण्डियन बैंक के मुख्य प्रबन्धक पुनीत मिश्रा. व इण्डियन बैंक लॉ आफिसर ज्योति कुमार रतन, बैंक वरिष्ठ अधिवक्ता बद्री विशाल ने संयुक्त रूप से 09 मार्च 2024 दिन शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक लोन मामलों /वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों तथा न्यायालय के मुकदमों के निस्तारण से सम्बन्धित होने वाले लाभ की जानकारी आम जनमानस को होने के सम्बन्ध में दीवानी न्यायालय परिसर मिर्जापुर से प्रचार वाहन को हरी झड़ी दिखाकर रवाना किये। जनपद न्यायाधीश अनमोल पाल ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मिर्जापुर के तत्वावधानमें दीवानी न्यायालय परिसर मीरजापुर, वाह्य न्यायालय चुनार, ग्राम न्यायालय मड़िहान व लालगंज एवं राजस्व विभागध्प्रशासनिक विभागों से सम्बन्धित अपर जिलाधिकारी (वि0रा0), अपर जिलाधिकारी (भूरा.), नगर पालिका परिषद, चकबन्दी विभाग, वन विभाग, जिलापूर्ति विभाग, सम्भागीय परिवहन विभाग, श्रम विभाग एवं समस्त राजस्व के न्यायालयों में 09 मार्च, 2024 दिन

शनिवार को समय पूर्वान्ह 10.00 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। लोक अदालत में दीवानी व राजस्व न्यायालयों में लम्बित मुकदमों एवं वैवाहिक प्री-लिटिगेशन मामलों को अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण कराने का प्रयास किया जायेगा। साथ ही उन्होने बताया गया कि ई-चालान एवं लघु आपराधिक मुकदमों के निस्तारण हेतु प्रावधानित सरल पेटी अफेंस डिपाजिट योजना के तहत वादकारी घारा-206 सपठित धारा 253 द0प्र0सं. के अन्तर्गत अपने चालान का जुर्माना सरल पेटी अफेंस डिपाजिट खाता सं0 34906170085 भारतीय स्टेट बैंक डंकीनगंज मीरजापुर में स्वंय उपस्थित होकर अथवा ऑन लाईन जमा कर सकते है और प्री-लिटिगेशन वैवाहिक विवादों में पति पत्नी के विवाद के निस्तारण हेतु जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित / पीड़िता आवेदक द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में प्रार्थना पत्र देने पर परिवार न्यायाधीश एवं मध्यस्थगण द्वारा पक्षकारो को बुलाकर, समझौता के माध्यम से समाधान कराकर लोक अदालत में निर्णय पारित किया जायेगा। लोक अदालत में पारित निर्णय अन्तिम होता है एवं इसकी अन्य न्यायालय में अपील नहीं होती है। प्रधान न्यायाधीश/जनपद न्यायाधीश परिवार न्यायालय राजेन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव ने बताया कि न्यायालय में लम्बित वैवाहिक विवादो एवं प्री-लिटीगेशन वैवाहिक मामलों का निस्तारण मध्यस्थगतण के सहयोग से आपसी सुलह-समझौता के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा मुकदमों / मामलों का निस्तारण कराया जाता है। उन्होने पक्षकारों से अपील करते हुए कहा कि वह आपसी सुलह समझौते के आधार पर अपने-अपने मुकदमें / मामलों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित परिवार न्यायालय / डीएलएलएस कार्यालय में अविलम्ब प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते है और मुकदमों / मामलों का निस्तारण करा कर लाभ उठा सकते है। अपर जिला जजध्नोडल अधिकारी वायु नन्दन मिश्र ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद के समस्त उपजिलाधिकारी न्यायालय, सभी तहसीलदार न्यायालय, चकबन्दी अधिकारी के न्यायालय, श्रम आयुक्त विभाग,नगर पालिका विभाग, जिलापूर्ति विभाग, विद्युत विभाग एवं समस्त बैंकों के ऋण बकायेदारों के प्री-लिटिगेशन मामलों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में निस्तारण करने के लिए उन्हे निर्देशित किया गया है।

संक्षिप्त समाचार

बैंक ग्राहक सेवा केंद्र में हुई चोरी

मुसाफिरखाना। संवाददाता। भाले सुल्तान शहीद स्मारक थाना क्षेत्र स्थित बैंक ग्राहक सेवा केंद्र में शटर का ताला तोड़कर बीती रात घुसे अज्ञात चोरों ने वहां रखे सामानों पर हाथ साफ किया।मिली जानकारी के अनुसार शशांक यादव निवासी ग्राम हनुमान गढ़ी मंदिर कंजास पोस्ट कनकपुर थाना क्षेत्र भाले सुल्तान शहीद स्मारक एसबीआई के बैंक ग्राहक सेवा केन्द्र चलाते हैं। बीती रात सेवा केंद्र के शटर का ताला तोड़ कर अज्ञात चोरों ने वहां रखा इन्वर्टर बैटरा, डेल का लैपटॉप व पैसा निकालने वाली मशीन एटीएम डिवाइस तथा अन्य कई छोटे कीमती सामान चुरा ले गए। घटना की जानकारी सुबह होने पर शशांक ने पुलिस को सूचना देकर आवश्यक कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

सड़क दुर्घटना में तीन घायल, रेफर

मुसाफिरखाना, अमेठी। क्षेत्र में हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में अधिवक्ता सहित तीन लोग घायल हुए। सीएचसी पर प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया। मिली जानकारी के अनुसार तहसील बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बलदेव सिंह पुत्र उमा शंकर निवासी मऊ अतवारा जगदीशपुर मंगलवार की शाम लगभग साढ़े चार बजे मुसाफिरखाना से जगदीशपुर बाइक से निकले थे। वह फोर लेन हाइवे पर जैसे ही पहुंचे, सुल्तानपुर से लखनऊ की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल अधिवक्ता बलदेव सिंह को सीएचसी मुसाफिरखाना लाया गया जहाँ प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। दूसरी सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार राकेश कुमार और उनकी पुत्री प्रांजलि निवासी मानशाहपुर गंभीर रूप से घायल हुए। दोनों को हाथ और पैर फ्रैक्चर होने के कारण सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया।

अज्ञात चोर पर बाइक चुराने का मुकदमा

लालगंज, प्रतापगढ़। बाइक चोरी के मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के कैथौला निवासी कल्लू सोनी के पुत्र शिवम सोनी ने पुलिस को दिये शिकायती पत्र में कहा है कि बीती छब्बीस फरवरी को वह बाइक से रानीगंज कैथौला स्थित भारतीय स्टेट बैंक की शाखा में गया था। इस बीच बैंक के सामने खड़ी बाइक अज्ञात चोर ले उड़े। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर बाइक चोर की तलाश की जा रही है।

किशोरी के अपहरण को लेकर आरोपी पर केस दर्ज

लालगंज, प्रतापगढ़। किशोरी के अपहरण के मामले में आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। लालगंज कोतवाली के खारा का पुरवा अगई गांव की दुलारा देवी पत्नी मुन्ना लाल ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि सोमवार की सुबह सात बजे रानीगंज कैथौला के सरदार पटेल इण्टर कालेज के समीप से उसकी पन्द्रह वर्षीया बेटी प्रिया का गांव के ही कमल कोरी पुत्र गुरुचरन ने अपहरण कर लिया। पीड़िता की शिकायत पर मंगलवार को कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। प्रभारी निरीक्षक अवन दीक्षित ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर किशोरी की तलाश की जा रही है।

संयुक्त अधिवक्ता संघ का सदस्यता अभियान शुरु

लालगंज प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर मंगलवार को तहसील परिसर में सदस्यता अभियान शुरू हुआ। चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र की देखरेख में पन्द्रह मार्च तक सदस्यता अभियान में अधिवक्ता पंजीकरण करायेंगे। सदस्यता अभियान को लेकर अधिवक्ताओं में उत्सुकता देखने को मिली। इस मौके पर चुनाव समिति के महामंत्री देवी प्रसाद, अजय शुक्ल गुड्डू, शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, वीरेन्द्र सिंह, रामलगन यादव, राममोहन सिंह, टीपी यादव, संतोष पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

रोशनलाल उमरवैश्य एलायंस क्लब के डायरेक्टर निर्वाचित

प्रतापगढ़। प्रतापगढ़ के समाज सेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य को कानपुर में हुए एलायंस क्लब इंटरनेशनल के कन्वेंशन में क्लब के 2024-25 के पदाधिकारी का चुनाव हुआ। जिसमें देश एवं विदेश के क्लब में पदाधिकारियो ने सहभागिता की। चुनाव अधिकारी पूर्व इंटरनेशनल प्रेसिडेंट भूपेंद्र चाहवाला रहे। चुनाव की प्रक्रिया समाप्त होने पर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य को 2024-25 के लिए इंटरनेशनल डायरेक्टर के पद पर निर्वाचित हुए। इतने बड़े पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा चुनाव अधिकारी भूपेंद्र चाहवाला (गुजरात) ने किया। निर्वाचित होने पर क्लब के फाउंडर प्रेसिडेंट सतीश लाखोटिया ने माल्यार्पण कर रोशनलाल को बधाई दी। रोशनलाल के निर्विरोध इंटरनेशनल डायरेक्टर बनाए जाने पर क्लब की प्रेसिडेंट तृप्ता कौर जुनेजा के जी अग्रवाल, इंटरनेशनल सेक्रेटरी डीएम भटनागर, विनय श्रीवास्तव, राजेश सिंह, डॉ दयाराम मौर्य रह, राजीव कुमार आर्य, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद,विवेक यादव, पूनम गुप्ता, अर्चना खंडेलवाल आदि ने रोशनलाल को बधाई दी।

महाशिवरात्रि पर राष्ट्रीय एकता महोत्सव में अक्षरा मचायेगी धमाल

लालगंज, प्रतापगढ़। घुइसरनाथ धाम में महाशिवरात्रि पर्व पर आयोजित तीन दिवसीय उन्तीस वें राष्ट्रीय एकता महोत्सव में देश के नामचीन कलाकारों का जलवा दिखेगा। महोत्सव का शुभारंभ सात मार्च को सायंकाल छः बजे क्षेत्रीय कलाकारों के प्रस्तुतियों के साथ होगा। आठ व नौ मार्च को रात भर नामचीन कलाकार मंच संभालेंगे। आठ को सुबह आठ बजे राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी बतौर मुख्य अतिथि प्रातःकालीन कार्यक्रमों का शुभारंभ करेंगे। विधायक व कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रमों में भजन गायक श्रीराम द्विवेदी, संदीप के संयोजन में सांस्कृतिक मंच पर विविध कार्यक्रम प्रस्तुत होंगे। महोत्सव के सायंकालीन कार्यक्रमों का उदघाटन मुख्य अतिथि डीएम संजीव रंजन व विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल करेंगे। मंच पर मुम्बई की भोजपुरी फिल्मों की सिनेस्टार अक्षरा सिंह धमाल मचायेगी। अक्षरा के कार्यक्रम के बाद मुम्बई के पार्श्वगायक कलाकार रवि त्रिपाठी मंच संभालेंगे। इसी क्रम में हास्य कलाकार अशोक मिश्र का कार्यक्रम भी लोगो को देखने को मिलेगा। अवधी लोकगायन व शिव महिमा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। महोत्सव के तीसरे दिन नौ मार्च को उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के तत्वाधान में मीनू तिवारी व साथी कलाकार प्रस्तुतियां देंगे। संस्कृति विभाग द्वारा फूलों की होली व मथुरा का मयूर नृत्य भी लोगों के आकर्षण का केन्द्र होगा। राष्ट्रीय एकता महोत्सव आयोजन समिति की देखरेख में राष्ट्रीय एकता महोत्सव को धूमधाम से मनाए जाने को लेकर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

जनपद में आज मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन का कार्यक्रम

प्रतापगढ़। जिला विद्यालय निरीक्षक/नोडल अधिकारी स्वीप सरदार सिंह ने बताया है कि जनपद में मतदाता एक्सप्रेस वैन 6 मार्च को प्रातः 7 बजे से सायं 7 बजे तक उपलब्ध रहेगी जिसके माध्यम से मतदाता जागरूकता सम्बन्धित कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया है कि प्रातः 7 बजे राजकीय इण्टर कालेज प्रतापगढ़ परिसर में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे एवं मतदाता एक्सप्रेस वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जायेगा। प्रातः 7.30 बजे मतदाता जागरूकता वैन सरोजनी इण्टर कालेज कुसुमी, प्रातः 8.30 बजे एबीएन इण्टर कालेज जेठवारा, पूर्वान्ह 9.30 बजे एस0पी0 इण्टर कालेज कुण्डा, पूर्वान्ह 10.30 बजे इण्टर कालेज संग्रामगढ़, पूर्वान्ह 11.30 बजे राम अंजोर मिश्र इण्टर कालेज लालगंज, अपरान्ह 2.30 बजे स्वामी करपात्री इण्टर कालेज रानीगंज, अपरान्ह 3.30 बजे रामराज इण्टर कालेज पट्टी तथा अपरान्ह 4.30 बजे केपी हिन्दू इण्टर कालेज प्रतापगढ़ में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम यथा मतदाता शपथ, नुक्कड़ नाटक आदि आयोजित किये जायेंगे।

डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय प्रेस स्थायी समिति की बैठक

प्रतापगढ़। डीएम संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में नवगठित जिला स्तरीय प्रेस स्थायी समिति की प्रथम बैठक हुई। बैठक में प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सविता यादव ने बताया कि प्रशासन एवं पत्रकार के बीच समन्वय स्थापित करने के उद्देश्य से जिला प्रेस स्थायी समिति की बैठक आयोजित की जाती है। जनपद एवं ग्रामीण स्तर के पत्रकारों के उत्पीड़न की समस्याओं से सम्बन्धित विचार विमर्श किया गया। समिति के सदस्यों ने बताया कि जनपद में पत्रकारों के लिये पहले मेडिकल कालेज में सुविधा मिलती थी जो अब नही मिल रही है जिस पर डीएम ने आश्वस्त किया कि सीएमओ को पूर्व की भांति पत्रकारों को सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया जायेगा। समिति के सदस्यों ने बताया कि आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 के दृष्टिगत समस्त थानों, तहसीलों एवं ब्लाकों पर सूचना विभाग के माध्यम से पत्रकारों की सूची उपलब्ध करा दी जाये जिससे सही पत्रकारों की पहचान की जा सके जिस पर डीएम ने प्रभारी जिला सूचना अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद के प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया की सूची एवं ग्रामीण पत्रकार एसो के अध्यक्ष से ग्रामीण पत्रकारों की सूची मंगाकर पुलिस विभाग के माध्यम से जनपद के थानों उपलब्ध करा दिया जाये। समिति के सदस्यों ने इस द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों की प्रेस ब्रीफिंग लेकर गलत तरीके से न्यूज प्रकाशित/प्रसारित करते रहते है जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों के द्वारा किसी प्रकार की प्रेस ब्रीफिंग न दी जाये उसके लिये जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ही अधिकृत है। समिति के सदस्यों ने बताया कि राजापाल चौराहें से चौक घंटाघर रोड पर जाम की समस्या अधिक रहती है।

प्रेम प्रसंग में हुई थी रामबरन की हत्या

■एसपी ने सफल अनावरण को लेकर इंस्पेक्टर को नगद राशि देकर किया सम्मानित

मोहम्मदी- खीरी,(स्पष्ट आवाज)। कोतवाली क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर निवासी युवक को अपने घर वापस जाते समय बौआं के पास बनी पुलिया पर 10 फरवरी की रात धारदार हथियार से बड़ी बेरहमी हत्या कर दी गई थी।जिसका शव क्षत विक्षत हालत में अगले दिन बरामद हुआ था।पुलिस पिता की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद घटना का सफल अनावरण कर दो आरोपियों को मय आला कत्ल के गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

पुलिस के अनुसार मंगलवार को एस पी खीरी गणेश साहा और सीओ अरुण कुमार सिंह की मौजूदगी में कोतवाली परिसर पर घटना का अनावरण करते हुए बताया बौआं गांव की एक युवती का प्रेम प्रसंग मनोज पुत्र रामगुलाम निवासी गुदनी थाना मजरा पुवाया हाल पता वी पी राव का ममेरा भाई निवासी बौआं के साथ चल रहा था।इसी बीच उसकी जिंदगी में रामबरन आ गया था। जिसको लेकर उसे दूर हो जाने को लेकर कई बार कहा सुनी हुई थी।इसके बाद भी न मानने पर उसने रास्ते से हटाने की योजना बना ली थी।जिसके चलते मनोज ने अपने रिश्तेदार लौकी खेड़ा निवासी पंकज पुत्र लोकराम के सहयोग से 10 फरवरी की शाम रामबरन को मोहम्मदी से घर वापस जाते समय पुलिया पर घेर कर छुरी से ताबड़तोड़ कई प्रहार कर मौत की नींद सुला दिया था। पुलिस लगातार मामले में सुराकसी को लेकर जुटी थी। आरोपी अपने को फसता देख सोमवार की शाम दिल्ली भागने की फिराक में पुवांया तिराहे के पास बस के सइंतजार में खड़े थे मुखबरी लगते ही निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह,और उनकी टीम एस आई बाबूराम, अरविंद, रंजीत,टीटू कुमार, आरक्षी करन शर्मा,नीरज सिंह,विशाल कुशवाहा, रोहित और अक्षयमान ने घेराबंदी कर दबोच लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर सारा राज उगल दिया था।दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया जहां उन्हें जेल भेज दिया गया है।एसपी ने घटना का खुलासा करने वाली टीम को नकद धनराशि देकर हौसला अफजाई की है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने सफल खुलासे को लेकर इंस्पेक्टर सहित पूरी टीम को सम्मानित करने के लिए निर्णय।

शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराएं आशा : डॉ. शैलेंद्र मणि

सीएचसी सिरसिया में आयोजित आशा बैठक में दिया गया निर्देश

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया में मंगलवार को आशा, एएनएम और सुपरवाइजरों की कलस्टर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने आशा बहुओं को शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने का निर्देश दिया। साथ ही राष्ट्रीय कार्यक्रमों को नियमानुसार कार्य करने को कहा। कलस्टर बैठक में सबसे पहले शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने वाली आशा मीरा, बविता, पूनम सैनी, कृष्णावती व संध्या की प्रशंसा करते हुए अन्य आशा बहुओं को शत-प्रतिशत संस्थागत प्रसव कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में मौजूद स्वास्थ कर्मियो से प्रधानमंत्री वंदन योजना, क्षय रोग उन्मूलन,

आयुष्मान भारत राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम आदि कार्यक्रमों को नियमानुसार समय से पूरा करने का निर्देश देते हुए अधीक्षक डॉ. ओझा ने उक्त काम में लापरवाही करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी भी दी। इस अवसर पर मैराज अहमद, ध्रुवचंद्र, मनोज कुमार, राहुल, कु. सुषमा द्विवेदी, अनिल कुमार, विपिन, धर्मावती, उर्मिला, राखी, पूनम, रूपम पाठक, प्रेम कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

ब्लॉक स्तरीय राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का हुआ आयोज़न

सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज़। उसका बाजार में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन मगंलवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय उसका बाजार में आयोजित हुई।इसमें कक्षा छह से आठ तक के 201 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।विकास क्षेत्र के प्रत्येक उच्च प्राथमिक विद्यालय से कक्षा छह के एक,सात के दो व आठ के तीन छात्रों ने क्विज में हिस्सा लिया। प्रथम चरण की परीक्षा में 28 छात्र सफल हुए, इनमें चुरिहारी के सभी छह प्रतिभागी प्रथम चरण की परीक्षा में सफल हुए।इसी तरह मैनखाही,सजनी के चार।भिटिया,परसा खुर्द, बरदहा,उटिया के दो-दो छात्र के अलावा परसपुर,मरवटिया

माफी,सिहोरवा, फुलवरिया, बकैनिहा और सुगही के एक-एक छात्र-छात्रा सफल घोषित हुए।द्वितीय चरण की परीक्षा के 20 छात्र-छात्राएं सफल हुए इसके बाद हुए साक्षात्कार में 10 बच्चों को अंतिम रूप से सफल घोषित किया गया। इन्हें जिले स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने लिए भेजा जाएगा।डायट मेंटर अनुराग श्रीवास्तव, बीईओ महेंद्र कुमार ने सफल छात्रों को ट्रॉफी, प्रमाण पत्र व विज्ञान फोल्डर दिया।हरिशंकर सिंह, शिव कुमार शुक्ला,राकेश सिंह, एआरपी विज्ञान सुभाष चंद्र,रामसेवक गुप्ता,गुलाम जिलानी, अजीजुर्रहमान समेत रंजना वर्मा,अपर्णा मिश्रा,जरीना बेगम,अंशिता सिंह,सुमन धुलिया, चंचल सिंह,अनीता, मनोज कुमार,आलोक शुक्ला, बालमुकुंद,पुरुषोत्तम त्रिपाठी,मनीषा द्विवेदी, अंकिता चंदेल आदि मौजूद रहे।

आकांक्षा पेटिका का विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने किया उद्घाटन

मोहम्मदी-खीरी,(स्पष्ट आवाज) भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर एक प्रेस वार्ता कर विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने बताया आकांक्षा पेटिका में कार्यकर्ता ही नहीं आम जन अपना सुझाव भी मोदी जी तक भेज सकते हैं।इससे पूर्व विधानसभा चुनाव में भी पोस्टकार्ड के माध्यम से मोबाइल नंबर डालकर आप अपनी अपना सुझाव हमारी सरकार को भेजा था।सबका साथ सबका विकास के साथ निरंतर मेरी सरकार कार्य कर रही है शिक्षा स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान मैने अपने विधानसभा में दिया है। सड़कों का जाल बिछा दिया है लगातार बड़े-बड़े कार्य जैसे रपटा पुल,संस्कृति पर पूरा ध्यान देते हुए एक करोड़ से अधिक अभी जल्द पलनाथ मंदिर को सरकार द्वारा दिलाया है।10

करोड़ से अधिक लोगों के इलाज के लिए मुख्यमंत्री को से पैसा मैंने दिलाने का कार्य किया है।उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार की योजनाओं के बारे में प्रेस वार्ता के दौरान बताया।इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई,नगर अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी,पूर्व नगर अध्यक्ष सौरभ गुप्ता,अखिलेश त्रिवेदी,योगेश सिंह,अनुज सिंह, आनंद भदौरिया,शिशिर गुप्ता,दिनेश गुप्ता, अवनीश सिंह, प्रियांशु सक्सेना, राजेश राठौर,पुनीत बाजपेई,रितेश शुक्ला, अंकित मिश्रा,संजय सिंह सहित भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्ष मौजूद रहे।

यू -विन पोर्टल से कहीं भी देश में लगेगा टीका

सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। उसका बाजार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को यूविन पोर्टल के संबंध में एएनएम व आशा कार्यकत्रियों को प्रशिक्षण दिया गया।स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गर्भवती महिला व बच्चों के टीकाकरण में बदलाव होने वाला है।कोरोना वैक्सीनेशन के लिए बने कोविन ऐप की तर्ज पर यूविन ऐप तैयार किया गया है।इसका फायदा यह है कि देशभर में कहीं से भी वैक्सीन लगवा सकते हैं।गर्भवती और 0 से 5 वर्ष के बच्चों का वैक्सीनेशन किया जाता है।वैक्सीनेशन की सुविधा सुगम हो सके

इसके लिए यूविन पोर्टल तैयार किया गया।इसी क्रम में कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर मनीष कुमार पाण्डेय,ब्लॉक लेखा प्रबंधक रमेश भास्कर, बपीसीएम कृष्णमोहन पाण्डेय,वीनू शुक्ला,एनएम इसरावती जायसवाल,सिद्धार्थ गुप्ता,अनीता यादव,किरन यादव,सोनी पाण्डेय आदि लोग उपस्थित रहे।

कम मतदान वाले बूथ पर चलाया गया मतदाता जागरुकता अभियान

- डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अरनी में मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर आयोजित हुई बैठक
- अभियान में जुटे विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। डुमरियागंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय अरनी के परिसर में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मतदाताओं को जागरुक करते हुए यह कहा गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान अवश्य करें। मतदान में कम मतदान

वाले बूथों पर मतदाता जागरूकता अभियान के तहत डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र में ऐसे 17 बूथों को चिन्हित किया गया है जहां विगत विधानसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बहुत कम था। इन चिन्हित बूथों पर शेड्यूल के हिसाब से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाना है। इसी क्रम में मंगलवार को बूथ संख्या 301 ग्राम पंचायत अरनी में बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता करते हुए क्षेत्रीय लेखपाल विवेक कुमार ने बताया कि प्रतिदिन कम मतदान वाले बूथों पर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें आगामी चुनाव में मतदान बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। सभी लोग चुनाव के दिन मतदान जरूर करें और अपने परिवार के सभी सदस्यों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि मकसूद अली ने कहा कि अभियान की सफलता को लेकर डोर टू डोर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान बीएलओ अलाउद्दीन, मोहम्मद अखलाक सिद्दीकी, संजय कुमार, अनुराग प्रताप सिंह, रोजगार सेवक नेबुलाल, सफाई कर्मी रामदीन, रेहाना, पुष्पा देवी, मोहम्मद मजीद, मोहम्मद शरीफ, दिनेश कुमार, जमाल अहमद, हरीलाल, सीताराम, राम कुमार, शमशाद आदि लोग उपस्थित रहे।

बस्ती ने देवरिया, उत्तराखंड ने वाराणसी को हराकर फाइनल में बनाई जगह

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। वीरेंद्र ग्रामीण स्टेडियम छतहरी शोहरतगढ़ में चल रहे उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अनुमति प्राप्त गौतम बुद्ध ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 में मंगलवार को पहला सेमीफाइनल मुकाबले बस्ती व देवरिया के बीच खेला गया जिसमें टॉस जीतकर बस्ती के कप्तान जितेंद्र पटेल ने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ।पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में बस्ती की टीम ने 5 विकेट खोकर 172 रन बनाए जिसमें संदीप गुप्ता ने शानदार78, आकाश ने 39, अजय तिवारी ने 16 रनों का योगदान दिया देवरिया की तरफ से आएं चौधरी ने दो दिव्य प्रकाश सिंह ने एक दिनेश यादव, आकाश एक-एक विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी देवरिया

की पूरी टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 158 हीं बना सकी जिसमें कृष्णा पांडे ने शानदार 72, विवेक सिंह ने 35 व अखिलेश यादव ने 17 रनों का योगदान दिया बस्ती की तरफ से सौरभ यादव ने तीन, जितेंद्र पटेल ने दो ,आकाश संदीप व सौरभ ने एक-एक विकेट लिया. और बस्ती ने फाइनल में जगह बनाई । मैच के मैन ऑफ द मैच बस्ती के संदीप गुप्ता को दिया गया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में उत्तराखंड ने वाराणसी को 100 रनों से हराया ।टॉस जीतकर वाराणसी के अवतार नीरज मौर्य ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया । उत्तराखंड को बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया पहले बल्लेबाजी करते हुए उत्तराखंड की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 188 रन बनाए। हर्षित पालीवाल ने 64,अभिषेक प्रताप 36, सोनू अधिकारी 32 रनों का योगदान दिया वाराणसी की तरफ से संजय 3 नीरज व आदर्श ने दो-दो विकेट लिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वाराणसी की पूरी टीम88 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। संजय ने 22 , भास्कर त्रिपाठी ने 17 रनों का योगदान दिया, उत्तराखंड की तरफ से हर्ष राणा ने दो वह हर्षित पालीवाल ने चार विकेट लिया उत्तराखंड इस प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश करने वाली दूसरी टीम बनी कल इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बस्ती वह चंपावत क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड के बीच खेला जाएगा. इस मैच के मैन ऑफ द मैच उत्तराखंड के कप्तान हर्षित पालीवाल रहे।मुख्य अतिथि पूर्व ग्राम प्रधान व समाजसेवी डॉक्टर महफूज अहमद जी रहे। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शोहरतगढ़ रवि अग्रवाल,सिद्धार्थनगर क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष उमेश प्रताप सिंह, विवेक मित्र त्रिपाठी,राजेश उपाध्याय, योगेश वर्मा, प्रहलाद बाबा ,वीरेंद्र गिरी, अनिल मिश्रा, दानिश आदि लोग मौजूद रहे।इस मैच के अंपायर के रूप में विवेकानंद मलिक व आशीष चौधरी व स्कोरर गंगेश्वर कुशवाहा वह कमेंटेटर के रूप में धर्मेंद्र सिंह रहे।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत डीएम ने की प्रभारी अधिकारियों संग बैठक

प्रतापगढ़। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 के कार्य को सफलतापूर्वक समय से सम्पन्न कराने हेतु डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक हुई। बैठक में समस्त उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि गत चुनाव में जिन बूथों पर घटनायें घटित थी एवं मतदान में व्यवधान डाला गया था ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें सचेत किया जाये जिससे लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराया जा सके। उन्होने निर्देशित किया कि अपने अपने क्षेत्र के अन्तर्गत बूथां का भ्रमण कर समस्त व्यवस्थायें पहले से दुरूस्त एवं अपने-अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक करा लें। जिलाधिकारी ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि प्रायः यह देखा जाता है कि अध्यापक गलत तरीके से बीमारी का बहाना बनाकर चुनाव ड्यूटी नही करना चाहते है एवं चुनाव ड्यूटी कटवाने के सम्बन्ध में लगे रहते है इसके लिये बैठक कर यह सुनिश्चित कर लिया जाये यदि किसी को गम्भीर बीमारी या अन्य जटिल समस्या हो तो उसको पहले से ही अवगत करा दें जिससे सम्बन्धित की ड्यूटी न लगायी जा सके, यदि चुनाव ड्यूटी लगने के बाद कोई व्यवधान उत्पन्न होता है तो उसके लिये जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी जिम्मेदार होगें।

76 करोड़ की लागत से सांसद व विधायक ने किया शिलान्यास व लोकार्पण

शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। शोहरतगढ़ तहसील परिसर में मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ क्षेत्र के गांवों में विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत 22 सड़कों का लोकार्पण व शिलान्यास किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विधानसभा शोहरतगढ़ क्षेत्र की सूरत बदलने की कोशिश अभी जारी रहेगी। शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 76 करोड़ की 22 सड़को का सांसद जगदंबिका पाल व विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा ने किया शिलान्यास/लोकार्पण किया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद ने कहा सड़क् से ही क्षेत्र का विकास होता है सड़के ही विकास की कड़ी है मोदी योगी के नेतृत्व में जिले का विकास हो रहा है सड़क ही विकास को मुख्य धारा से जोड़ती है शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने कहा कि मेरे विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ में कोई भी सड़क अब मुख्य सड़क से बिना जुड़े नही रहेगी पूरे क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने योगी सरकार मे विकास की प्राथमिकता है जिसमे सड़को को प्राथमिकता दे रही है

अब जिले मे हर तरफ सड़कों का विकास हो रहा है । इस दौरान सांसद जगदंबिका पाल, विधायक विनय वर्मा,अनिल अग्रहरि, राजकुमार पान्डेय, साधना चौधरी, कूलदीप द्विवेदी, रमेश मणि त्रिपाठी,एसपी अग्रवाल, दिलीप चतुर्वेदी, चेयरमैन प्रतिनिधि शोहरतगढ़ रवि अग्रवाल, बबलू चौबे, नगर अध्यक्ष बढ़नी सुनील अग्रहरि, रामकुमार कुंवर, रोजगार सेवक प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप द्विवेदी, विनीत कमलापुरी, दिलीप चतुर्वेदी, लोकसभा समन्वयक सभाजीत द्विवेदी, अनिल अग्रहरि, एसपी अग्रवाल, गंगा मिश्रा, एसडीएम कर्मेन्द्र कुमार, तहसीलदार अजय कुमार, राजेश पाठक, साधना चौधरी, रामदाहस मौर्य, सिद्धार्थ पाठक, त्रियुगी अग्रहरि, प्रदीप कमलापुरीसंजय दूबे, मुकेश श्रीवास्तव, विनोद सामंत,देवेन्द्र यादव ,विनीत कमला पुरी ,शिवा तिवारी ,मो मुस्तफा, इरशाद, गौतम, गुलाम चौधरी, मनोज सिह, गंगा मिश्रा, देवेन्द्र पाल ,संजय श्रीवास्तव, मुन्नी देवी,पवन मिश्रा, सुनील अग्रहरि, सुधांशु बोरा एसडीएम शोहरतगढ़ कमेन्द कुमार ,हरीश वर्मा ,रिंकू चौधरी, शिवा तिवारी, रघुनाथ चौधरी, महेश यादव, शफीक, बरसाती यादव, राम मूरत यादव, रत्नेश सोनी सहित हजारो लोग मौजूद रहे।

565 स्मार्टफोन बच्चों को किये गये वितरित

लोटन, सिद्धार्थनगर स्पष्ट आवाज। मंगलवार को लोटन क्षेत्र के महदेईया में स्थित बीरेंद्र मिथिलेश्वर महाविद्यालय में छात्र छात्राओ को स्मार्टफोन वितरण किया गया। मुख्य अतिथि सांसद जगदम्बिका पाल की पत्नी स्नेहलता पाल ने कहा पूरे प्रदेश मे योगी सरकार द्वारा स्कूलों पर स्मार्ट फोन वितरण कार्यक्रम चल रहा है। जिससे बच्चे पढ़ाई अच्छी तरह कर सके। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश मे प्रधानमंत्री जी की चर्चा लोग करते है। उन्होंने ने कहा जीवन में सपना देखने की अवश्यकता होती लेकिन सपनो को पूरा करने के लिए समय का विशेष ध्यान रखना चाहिए चाहे शिक्षा के प्रति हो, नौकरी करना हो या बिजनेस करना हो शिक्षा सबमे जरूरी है। छात्राओं को विशेष जरूरी होता है शिक्षा बेटी अगर पढ़ी लिखी है तो अपना घर परिवार व अपने बच्चों को भी शिक्षित कर सकती है । अगर इस क्षेत्र मे डाश वीरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने महाविद्यालय खोलकर चला रहे है तो अपने ही बच्चों के लिए नही चला रहे है बल्कि इस क्षेत्र की छात्र एवं छात्राओं के लिए चला रहे है।

प्रबंधक डाश बीरेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने सभी

आये हुए लोगों का आभार व्यक्त किया।इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष दृग्नरायन सिंह, मनोज पाण्डेय, विजय कस्यप, उमेश सिंह, राधेश्याम यादव, दिलीप सिंह, मुरारी सिंह, मनोज सिंह, सोनू उपाध्याय,सहित तमाम छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

मंडलायुक्त ने कलेक्ट्रेट, तहसील, नवनिर्मित कलेक्ट्रेट, नवोदय विद्यालय, थाना मुंशीगंज का किया स्थलीय निरीक्षण

अमेठी। मंडलायुक्त अयोध्या मंडल गौरव दयाल मंगलवार को अपने एक दिवसीय जनपद अमेठी भ्रमण के दौरान कलेक्ट्रेट, तहसील गौरीगंज, नवनिर्मित कलेक्ट्रेट, जवाहर नवोदय विद्यालय तथा थाना मुंशीगंज का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सर्वप्रथम मंडलायुक्त ने जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल के साथ जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष, संयुक्त कार्यालय, भूलेख, नजारत व अभिलेखागार का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में 5 वर्ष से लंबित केसों की स्थिति, कोर्ट चलने की स्थिति एवं कोर्ट रूम में फाइलों के रखरखाव आदि का अवलोकन किया, अभिलेखागार के निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिकार्डो के रखरखाव को देखा तथा मॉडर्न कॉम्पैक्टर में रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने के निर्देश दिए इसके साथ ही उन्होंने पुराने रिकॉर्ड को स्कैन कर डिजिटल तरीके से रखने का सुझाव दिया उन्होंने कहा कि इससे पहले की पुराने रिकॉर्ड खराब होने की स्थिति में पहुंचे उन्हें स्कैन कर डिजिटली सुरक्षित रखा जाए। इसके बाद उन्होंने संयुक्त कार्यालय का निरीक्षण कर विभिन्न पटलों पर कार्यरत

लिपिकों/कर्मचारियों से उनके कार्यो एवं दायित्वों के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी लिपिकों से टाइपिंग आने की जानकारी ली तथा जिन्हें ना आती हो उन्हें सीखने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने विगत दिनों में हुई बारिश से जनपद में किसी भी प्रकार की हुई क्षति के बारे में जानकारी ली जिस पर बताया गया कि जनपद में किसी भी प्रकार की क्षति नहीं हुई है। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने कर्मचारियों की सर्विस बुक तथा जीपीएफ पासबुक का भी अवलोकन किया। भूलेख अनुभाग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत डिजिटल सर्वे की जानकारी ली साथ ही किसान दुर्घटना बीमा योजना में अब तक प्राप्त आवेदनों तथा उनके निस्तारण की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने काउंटिंग हाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग, डिस्पैच काउंटर, मीडिया गैलरी आदि व्यवस्थाओं को देखा एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके उपरांत मंडलायुक्त व आईजी ने थाना मुंशीगंज का निरीक्षण किया यहां पर उन्होंने समाधान/थाना दिवस रजिस्टर, वांछित अभियुक्त रजिस्टर, शिकायत रजिस्टर, शास्त्र रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, गुंडा एक्ट, विवाद रजिस्टर, अपराध रजिस्टर में दर्ज प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही साइबर हेल्प डेस्क, महिला हेल्प डेस्क का भी निरीक्षण किया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक हरेंद्र सिंह, उपजिलाधिकारी गौरीगंज अभिनव कनौजिया, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट मोहम्मद असलम, प्रतीक्षा पांडे सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

अपूर्ण परियोजनाओं के निर्माण में अपेक्षित प्रगति लायें : अंकित अग्रवाल

● 31 मार्च तक सभी निर्माण कार्य पूर्ण कर सम्बन्धित विभाग को सौंप दें : डीएम

बिजनौर (स्पष्ट आवाज)। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सीएमआईएस पोर्टल के अंतर्गत विभागवार समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि पूर्ण होने वाली परियोजनाओं की सूची बनाकर जल्द से जल्द अर्थ एवं संख्या अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, जिससे ससमय उन परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जाना संभव हो सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो परियोजनाएं अपूर्ण है, उन परियोजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाएं और निर्धारित समय में कार्य पूर्ण कर संबंधित विभाग को हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आगामी 31 मार्च से पूर्व सभी निर्माण कार्य एवं लोकार्पण से संबंधित कार्य पूरे कर लें ताकि किसी भी प्रकार का कोई व्यवधान उत्पन्न न होने पाए। उन्होंने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि कोई भी कार्य निर्धारित समयावधि के बाद अपूर्ण न रहे और न ही बजट के अभाव अथवा अन्य किसी कारण से कार्य की प्रगति प्रभावित होने पाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अपलोडेड सूचनाओं का अपने रिकॉर्ड से मिलान भी कर ले ताकि पोर्टल पर सूचनाएं अद्यतन एवं समान रूप से प्रदर्शित हो सके। जिलाधिकारी श्री अग्रवाल आज कलेक्ट्रेट सभागार में सीएमआईएस पोर्टल के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दे रहे थे। उन्होंने निर्देश दिए कि जो योजनाएं पूरी हो चुकी है, उनके निर्माण की गुणवत्ता की जांच तकनीकी समिति के माध्यम से कराना सुनिश्चित कराएं और जांच में यदि कहीं कोई कमी पाई जाती है तो तत्काल संबंधित कार्यदायी संस्था से उसे पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन विकास के प्रति गंभीर और संवेदनशील है तथा विकास शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से है और प्रदेश को विकसित प्रदेश की श्रेणी में लाने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों को पूरा करने में किसी भी प्रकार की शिथिलता अथवा लापरवाही न बरतें और सभी कार्य पूरे मानक एवं गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जिन विभागों की परियोजनाओं को पूरा करने के लिए निर्माण कार्य किया जा रहा है, उसकी गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की अनदेखी न करें। उन्होंने सचेत करते हुए कहा कि निरीक्षण के दौरान यदि कार्य की गुणवत्ता के मानक में कोई कमी या अनियमितता प्रकाश में आती है, तो संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध भी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों को पूरी गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा कराने के प्रति शासन अति गंभीर एवं संवेदनशील है। जिलाधिकारी श्री अग्रवाल द्वारा विकास एवं निर्माण कार्यों सड़क निर्माण, पुल निर्माण में पूर्ण परियोजनाओं की प्रगति, जल निगम, सिंचाई, लोनिवि सहित राजकीय मेडिकल कॉलेज की प्रगति की समीक्षा एवं अन्य विभागों की कार्यों की बिन्दुवार समीक्षा करते हुए सभी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि जिले को प्रदेश में अग्रणी बनाए रखने के लिए अपेक्षित प्रयास करें और सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ क्रियान्वित करें। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी श्रीमती लक्ष्मी देवी, पी0डब्लू0डी, सिंचाई विभाग के अधिकारी सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

स्मार्ट फ़ोन पाकर छात्रों के चेहरे खिले

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। योगी सरकार की विद्यार्थियों को तकनीकी रूप से सशक्तिकरण के लिए स्मार्ट फोन वितरण योजना के अंतर्गत आज चौधरी हनुमान प्रसाद कृषक पीजी कॉलेज रुद्रपुर भगाही, बरियावन में मुख्य अतिथि कपिल देव वर्मा पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र टाण्डा, पूर्व जिलाध्यक्ष के कर कमलो और विशिष्ट अतिथि सुरेश चंद वर्मा द्वारा छात्र छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरण किया गया।

स्मार्ट फोन वितरण के बाद मुख्य अतिथि कपिल देव वर्मा ने छात्र हित में केन्द्र की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ के छात्र हित और जनहित की योजनाओं का गुणगान करते हुए कहा कि महन्त योगी आदित्यनाथ जी की सरकार छात्र छात्राओं के उन्नयन हेतु समर्पित है। भाजपा की सरकारें अध्ययन और प्रतियोगी परीक्षाओं में तकनीकी सशक्तिकरण पर जोर दे रही है। कालेज की छात्र और छात्राओं में भाजपा सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए स्मार्ट फोन पाकर खुशी का माहौल और उत्साह दिखा। महाविद्यालय प्रबंध कमेटी की तरफ से प्रबन्धक राजेंद्र कुमार वर्मा और सचिव सुशीला वर्मा ने मुख्य अतिथि कपिल देव वर्मा का स्वागत और आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय परिवार की तरफ से प्राचार्य डॉश अवधेश कुमार चौधरी, रागनी त्रिपाठी, रुद्र वर्मा, सौरभ पटेल, कपिंजल वर्मा, मनोज वर्मा, साक्षी तिवारी, शानू पटेल, सैय्यदा, अंतिमा पटेल, सुषमा वर्मा, पवन मौर्य, मोनू राजभर, संजय त्रिपाठी, जितेन्द्र कुमार, सरोजा देवी आदि लोगों ने स्वागत किया। साथ में सत्यप्रकाश वर्मा, तनवीर सलमानी जिला मन्त्री अल्पसंख्यक मोर्चा, शुभम दूबे, दिवाकर वर्मा, संदीप सिंह, तरवेज प्रधान सम्मनपुर व अन्य उपस्थित रहे।

संक्षिप्त आवाज़

एफएसटी और एसएसटी को दिया गया प्रशिक्षण

अम्बेडकरनगर(स्पष्ट आवाज)। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी अविनाश सिंह की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत ई एसएमएस के डिस्ट्रिक्ट नोडल अधिकारी तथा एफएसटी टीम की प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जिला सूचना विज्ञान अधिकारी तथा ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर द्वारा विस्तार पूर्वक, स्टेप बाई स्टेप तथा निर्वाचन आयोग के दिए गए निर्देशों से टीम कार्मिकों को अवगत कराया गया तथा एफएसटी टीम को यह भी बताया गया कि निर्वाचन के दौरान मिली शिकायतों का समय अंतर्गत निस्तारण किया जाना है। प्रशिक्षण के उपरांत जिला निर्वाचन अधिकारी तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रशिक्षित कार्मिकों से जानकारी प्राप्त की गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से कराए जा सके। प्रशिक्षण के दौरान डीएफओ प्रणव जैन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी /अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, वरिष्ठ कोषाधिकारी, जिला सूचना अधिकारी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/ कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

बाढ़ शरणालय के लिए जनपद को मिले 5.82 करोड़

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। प्रदेश सरकार द्वारा बाढ़ संवेदनशील ग्रामों में बाढ़ शरणालय निर्मित कराए जाने की योजना अंतर्गत प्रदेश में चार जनपदों अयोध्या, अंबेडकरनगर, बाराबंकी तथा गोरखपुर में 300 व्यक्तियों की क्षमता का बाढ़ शरणालय निर्माण कराए जाने की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रत्येक जनपद में 5.82 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इस प्रकार कुल धनराशि 23.28 करोड़ स्वीकृत हुआ है। बाढ़ संवेदनशील ग्रामों में बाढ़ शरणालय निर्मित करने की योजना अंतर्गत 300 व्यक्ति की क्षमता का शरणालय निर्माण कराए जाने हेतु व्यय वित्त समिति की दिनांक 15/12/2023 को संपन्न बैठक की संस्तुति एवं राज्य कार्यकारिणी समिति की दिनांक 8 फरवरी 2024 को संपन्न बैठक में दी गई। स्वीकृति के क्रम में कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग द्वारा तहसील टांडा में 300 व्यक्तियों की क्षमता का बाढ़ शरणालय की योजना की अनुमानित लागत 5.64 करोड़ के सापेक्ष प्रायोजना रचना मूल्यांकन प्रभाव द्वारा उक्त जनपदों में प्रति बाढ़ शरणालय योजना की लागत 5.82 करोड़ आहरित की गई है जो प्रायोजना प्रस्ताव में डी जी सेट के स्थान पर सोलर पावर वोल्टेज 30 केडब्ल्यूपी एवं जनपदों हेतु औसत कॉस्ट इंडेक्स 109 अनुमन्य किए जाने के कारण प्रस्तावित लागत के सापेक्ष आगणित लागत में वृद्धि पर परिलीक्षित हुई है। शरणालय के निर्माण से बाढ़ के दौरान बाढ़ पीड़ितों को रहने की सुविधा प्राप्त होगी।

त्योहारों को लेकर पुलिस व जिला प्रशासन ने की बैठक

मुरादाबाद। आगामी त्योहारों को लेकर शहर के पंचायत भवन में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा, मुख्य विकास अधिकारी सहित पुलिस व प्रषासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। बताते चले कि मंगलवार की सुबह आगामी त्यौहारो शिवरात्रि रमजान होली पर्व के मध्य नजर शांति समिति की बैठक में जनपद के सभी थाना क्षेत्र से आए नागरिकों ने अपनी क्षेत्र की समस्याये पुलिस अधिकारियों के समक्ष रखी। बैठक को सम्बोधित करते हुये वरिश्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा ने सभी लोगो से आगामी त्यौहारो को आपसी भाईचारे के साथ मनाने व अपने-अपने क्षेत्रो में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा के साथ एसपी ग्रामीण संदीप कुमार मीणा, एडीएम प्रशासन एसपी सिटी एडीएम सिटी जनपद के सभी एसडीएम के साथ पुलिस प्रशासन के आला शहर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

पर्वो को लेकर हुई पीस कमेटी की बैठक

बलिया। महाशिवरात्रि बारात उत्सव/ जुलूस को सकुशल संपन्न कराने को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक मंगलवार को जिलाधिकारी रवींद्र कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। जिलाधिकारी ने इसमें एक-एक कर सभी बारात /जुलूस आयोजकों से बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनी और पूरी ज़िम्मेदारी के साथ समाधान कराने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। साथ ही आयोजकों को सुरक्षा व अन्य व्यवस्था के दृष्टिगत जरूरी सतर्कता बरतने के लिए कहा। ज़िलाधिकारी ने जनपद के विभिन्न 29 मंदिरों, जहां से बारात/ जुलूस निकालना है।

जिलाधिकारी ने दिव्यांग को सौपा ट्राई साइकिल

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। शासन की मंशा के अनुरूप जिलाधिकारी अविनाश सिंह शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी मिले के अनुरूप जनता दर्शन के दौरान दिव्यांग फरियादी के आने पर जिलाधिकारी ने तत्काल दिव्यांग जनकल्याण अधिकारी को ट्राई साइकिल हेतु निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा तत्काल दिव्यांगजन कल्याण विभाग से ट्राई साइकिल तथा बैसाखी मंगाकर दिव्यांग फरियादी को ट्राई साइकिल तथा बैसाखी दिलाया गया। जिससे फरियादी के चेहरे पर मुस्कान आई। इस दौरान मौके पर अपर उप जिलाधिकारी तथा जिला सूचना अधिकारी उपस्थित रहे।

शिक्षा मंत्री ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

मुरादाबाद। माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने बिलारी नगर स्थित शंकर सहाय हर सहाय कन्या इंटर कॉलेज, रामरतन इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया इस दौरान षिक्षामंत्री द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रो को बारीकी से चैक किया और सभी को कड़े दिषा निर्देष दिये। बताते चले कि मंगलवार को माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट के भूगोल विषय की परीक्षा का जायजा लिया और सभी को कड़े दिषा निर्देष दिए। वहीं रामरतन इंटर कॉलेज के परीक्षा केंद्र पर कंप्यूटर व्यवस्था दुरुस्त न होने पर एवं बिजली न होने और खिड़कियां टूटी होने पर नाराजगी जताई साथ ही माध्यमिक शिक्षा मंत्री ने अनेक परीक्षा केदो का निरीक्षण करने के साथ कहां की पूरे प्रदेश में नकल विहीन परीक्षा संपन्न हो रही हैं निरीक्षण के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर अरुण कुमार दुबे भी मौजूद रहे।

कांवर यात्री हरिद्वार रवाना 08 मार्च को होगा भव्य स्वागत

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। कावर यात्रियों के जत्थे ने हरिद्वार से जल लाकर चंदिया हजारा बंगाली कालोनी स्थित मन्दिर पर जलाभिषेक किया जायेगा। अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष डा0 दयाल विश्वास ने बताया कि ग्राम चंदिया हजारा से एक पचास कावर यात्रियों के जत्था हरिद्वार पहुंचा वहां से जल लेकर आये और चंदिया हजारा बंगाली कालोनी में स्थित प्राचीन मन्दिर पर जलाभिषेक किया जायेगा डा0 विश्वास ने बताया कि हरद्वार से पैदल जल लाने वाले कावर यात्रियों का 07 मार्च को आसाम हाइवे सिरसा चौराहे पर संगठन द्वारा भव्य स्वागत किया जायेगा तथा शाम को श्रद्धा साई हाल में भोजन और रात्रि विश्राम होगा तथा 08 मार्च को प्रातः कावर यात्री चंदिया हजारा गंगाली कालोनी में स्थापित मंदिर पर जलाभिषेक होगा।

वैश्य समाज की ओर से किया गया बैठक का आयोजन

मुरादाबाद। वैश्य समाज मुरादाबाद की तरफ से एक मीटिंग रखी गई जिसमे हमारे मुख्य अतिथि वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष श्री अजय केसरी जी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश की प्रभारी श्रीमती सुनीता गुप्ता जी रही। जिसमे संगठन की मजबूती पर बल दिया और कर्तव्य निष्ठा के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वैश्य समाज उत्तर प्रदेश का गठन कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी जी जे, किया है ताकि वैश्य समाज एकजुट होकर और ज्यादा तरक्की करे और जरूरत मंदो की सेवा करते रहे। वैश्य समाज के कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ के संयोजक श्री राजेश रस्तोगी जी रहे। कार्यक्रम के आयोजक जिला अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता जी (जुगनू जादूगर) रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ साहित्यकार विवेक कुमार गुप्ता निर्मल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री मनीष गोयल, महानगर अध्यक्ष कपिल गुप्ता, महिला संगठन की जिला अध्यक्ष सोनिया गुप्ता, महानगर अध्यक्ष केचन अग्रवाल, सुनील कुमार गुप्ता, अरविंद गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, अनुभव गुप्ता, अंकुश गुप्ता, श्रेया गुप्ता, शिवम गुप्ता, भावना गुप्ता, शैफाली रस्तोगी, दीपा, रेनू, किरण गुप्ता, मिताली, राजीव गुप्ता, मधुलिका गुप्ता, अरुणा गुप्ता, शिवांश गुप्ता, अक्षय गुप्ता, माहिम गुप्ता, दीपक राज आदि मौजूद रहे।

इलेक्ट्रॉनिक ऑटो वाहन चालकों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

मुरादाबाद। महानगर मुरादाबाद में यातायात पुलिस द्वारा नये इलेक्ट्रॉनिक ऑटो वाहनों के संचालन को प्रतिबंधित करने एवं उनके चालान काटे जाने के खिलाफ जिलाधिकारी से शिकायत की गई है मंगलवार को इलेक्ट्रॉनिक ऑटो वाहन चालक जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और उनकी गैर मौजूदगी में एक प्रार्थना पत्र पेश किया जिसमें कहा गया है कि प्रधानमंत्री द्वारा बड़े शहरों में ई वी ऑटो वाहन संचालित किए जाने की योजना के तहत उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश के अनेक शहरों में ई वी वाहनचलाने के निर्देश दिए गए जिसके तहत मुरादाबाद में पिछले दो माह से ई वी वाहन चलाए जा रहे हैं लेकिन पिछले एक सप्ताह से यातायात पुलिस द्वारा चालकों से कहा जा रहा है कि वह इन वाहनों को मुख्य रोड पर न चलायें गलियों में ही इसका संचालन करें यह भी आरोप है कि अनेक वाहन चालकों के चालान भी यातायात पुलिस द्वारा काटे गए हैं जिलाधिकारी से वाहन चालकों द्वारा इंसाफ की गुहार लगाई गई है।

महिला की हत्या के मामले में पुलिस ने दो को गिरफ्तार कर भेजा जेल

बदायूँ(स्पष्ट आवाज़)। थाना उसहैत क्षेत्र से अपहृत महिला की हत्या के मामले में पुलिस द्वारा हत्यारोपी दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।पुलिस को इनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है।

गौरतलब है कि विगत 28 फरवरी को थाना उसहैत पर थाना क्षेत्र के ग्राम असमया रफतपुर निवासी बृजेश कुमार द्वारा अपनी पत्नी सुमन(28) को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के संबंध मे दो लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था।मुकदमा लिखे जाने के बाद से ही पुलिस मामले की तफ्तीश में जुटी हुई थी।इसी दौरान मुकदमा लिखे जाने वाले दिवस ही एक महिला का शव थाना हजरतपुर क्षेत्र के कोडा जयकरन के जंगल में पड़ा होने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई,जिसकी पहचान मुकदमे के वादी बृजेश द्वारा अपनी पत्नी के रूप में की गई थी।घटना के खुलासे हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी द्वारा थाना एवं एसओजी पुलिस टीम का गठन किया गया था?। थाना एवं एसओजी पुलिस टीम द्वारा की गई संयुक्त कार्यवाही के बाद मंगलवार को पुलिस द्वारा इस हत्या का खुलासा कर दिया गया।पुलिस के अनुसार तमामी तफ्तीश के बाद मुकदमे में नामित सुमित पुत्र पप्पू निवासी ग्राम असमया रफतपुर तथा विनेशपाल पुत्र श्याम पाल निवासी ग्राम म्याऊं थाना अलापुर को हत्या का दोषी पाते हुए सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया,जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद हुई है।पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया है कि मृतका सुमन के साथ हमारा करीब 5 वर्ष से प्रेम प्रसंग चल रहा था जिससे मैं और मेरा दोस्त कभी कभार घर व जंगल में मौका पाकर मिलते रहते थे,इसकी जानकारी हमारी पत्नी व अन्य परिजनों को हो गई जिस कारण पत्नी से आए दिन क्लेश होने लगा।जिससे तंगा आकर हम दोनों ने विगत 24 फरवरी को सुमन को कोड़ा जयकरन थाना हजरतपुर के जंगल में ले जाकर उसके पेट में लात घुसे मर कर हत्या कर दी थी और उसके शव को झाड़ियां में छुपा कर मोटरसाइकिल लेकर भाग गए थे।

पुलिस ने विधिक कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को जेल भेजा है।

घटिया सामग्री से निर्मित शमशान घाट की निर्माणाधीन बाउंड्री हुई ध्वस्त

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। घटिया सामग्री से बनाई जा रही शमशान घाट की बाउंड्री बरसात से अचानक भरभरा कर गिर गई। इसको लेकर हडकंप मच गया।ग्रामीणों ने घटिया सामग्री लगाने का आरोप लगाया है। उन्होंने जांच करा कर ठेकेदार पर कार्रवाई की मांग की है।

तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत पिपरिया दुलई में शमशान घाट भूमि की बाउंड्री का निर्माण कराया जा रहा है।जिसमे सरकारी मानकों को ताख पर रखकर नव निर्माण कराया जा रहा था। इसका ग्रामीणों द्वारा विरोध भी किया गया था। जांच में घटिया निर्माण कार्य की पुष्टि भी हुई। इसके बावजूद ठेकेदार के खिलाफकोई कार्रवाई नहीं हुई। शमशान बाउंड्री वाल का काम अभी पूरा भी नहीं हुआ अधूरे काम में ही दो साइड की दीवार धराशाही हो गई। वताया जाता है कि बाउंड्रीवाल के निर्माण में ठेकेदार द्वारा पीला ईट व 1,21 का मसाला प्रयोग किया जा रहा है। बाउंड्री निर्माण में नींव की खुदाई भी नहीं कराई गई। इसका ग्रामीणों द्वारा विरोध किया गया। उसके वावजूद अधिकारियों ने टस से मस नही किया।

मुठभेड़ में घायल लुटेरा गिरफ्तार एक हुआ फरार, एसपी ने टीम को किया पुरस्कृत

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। लूट की योजना बनाते बदमाशों से पुलिस एवं एसओजी की संयुक्त टीम द्वारा मुठभेड़ में गोली लगने से घायल लुटेरा गिरफ्तार व अंधेरे का लाभ उठाते हुये दूसरे साथी लुटेरा हुआ फरार घायल लुटेरे को जिला चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती किया गया।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने प्रेस नोट जारी कर बताया कि कोतवाली पुलिस व एसओजी पुलिस टीम घुंघचिहाई मार्ग पर गश्त कर रही थी रम्पुरा से आगे बन्द पड़ी मिल के निकट लूट की योजना बनाते समय एसओजी टीम व कोतवाली के एसआई प्रताप सिंह एसआई प्रकाश चन्द्र शर्मा हे0का0 सईद अहमद का0 संतोष कुमार व सोनू द्वारा घेराबन्दी की गयी पुलिस मुठभेड़ में अभियुक्त बावर खां पुत्र जब्बार खां निवासी इन्द्रानगर पूरनपुर द्वारा पुलिस टीम पर फायर कर दिया वहीं पुलिस टीम ने आत्मरक्षार्थ जबाबी फायरिंग में अभियुक्त जब्बार खां के दाहिने पैर में गोली लगी जबकि दूसरा वदमाश जावेद पुत्र हनीफउर्फदद्दा निवासी शेरपुर कलां अंधेरे का लाभ उठाते हुये फरार हो गया। गिरफ्तार अभियुक्त से एक नाजायज तमंचा 315 बोर व एक कारतूस एक खोखा बरामद कर धारा 307, 398, 401 व आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 पंजीकृत कर जेल भेजा गया प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि लूट की योजना बनाने वाले शातिर बदमाश बाबर खाफ़ेगैंगेस्टर एनडीपीएस गौवध आर्म्स एक्ट हत्या के प्रयास सहित आधा दर्जन से अधिक गंभीर अपराधों के मामले पूर्व में भी कोतवाली में दर्ज है कोतवाली पुलिस की उक्त कार्यवाही से लूट की योजना लुटेरे बदमाश को गिरफ्तार किये जाने पर टीम का उत्साह वर्धन करने को दस हजार का नकद पुरस्कार प्रदान किया गया।

छूटे मतदाताओं को लेकर कलेक्ट्रट में बैठक

अम्बेडकरनगर (स्पष्ट आवाज)। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में अर्ह एवं छूटे हुए दिव्यांग मतदाताओं, युवा मतदाताओं, महिला मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित किए जाने के संबंध में बैठक आयोजित किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि ऐसे पी0डब्ल्यू0डी0 जो पंजीकृत नहीं है, को चिन्हित किया जाए और उन्हें निर्वाचक नामावली में पंजीकरण की सुविधा सुनिश्चित किया जाए। चुनाव कार्यकर्ताओं के लिए जिले में सभी प्रशिक्षणों में पी0डब्ल्यू0डी0 की विशेष जरूरतों पर संवेदनशीलता पर एक घटक शामिल किया जाए। पी0डब्ल्यू0डी0 के नामांकन और संवेदीकरण के लिए विशेष शिविर आयोजित किया जाय।एक सक्रिय बाधा-मुक्त वातावरण बनाना जिसमें सुलभ पंजीकरण, सुलभ मतदान केंद्र और सुलभ मतदाता जागरूकता अभियान शामिल है।

बीडीओ द्वारा करोड़ों की निधि ठिकाने लगाने की योजना पर फिरा पानी

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। एशिया के सबसे बड़े विकास खण्ड में तैनात खण्ड विकास अधिकारी पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों के द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने मनमानी शासन की मंशा के विपरीत कार्यशैली कार्यालय में समय न देने पीड़ित ग्रामीणों की समस्याओं पर ध्यान न देकर राजनीतिक प्रभाव का दबदगा बनाते हुये लगातार समाचार पत्रों एवं शोसल मीडिया की सुर्खियों में रहकर उ0प्र0 सरकार की प्रभावशाली विकासशील योजनाओं की धज्जियां उड़ाते हुये भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने के असफल प्रयास कर रहे है।एशिया क सबसे बड़े विकास खण्ड में तैनात वीडीओ अरूण कुमार सिंह पर भ्रष्टचार को बढ़ावा देने सहित आठ गंभीर आरोप लगाते हुये क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा जिलाधिकारी से शिकायत कर जांच की मांग की गयी है क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने वीडीओ के कार्यकलापों की प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपमुख्यमंत्री आयुक्त ग्राम्य विकास उ0प्र0 एवं मंडलायुक्त को भी उक्त की प्रतियां आवश्यक कार्यवाही के लिए भेजी गयी है। विकास खण्ड के आक्रोशित क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी से शिकायत कर कहा कि विकास खण्ड पूरनपुर में तैनात वीडीओ अरूण कुमार सिंह द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने शासन की मंशा के विपरीत कार्यशैली के चलते लगातार सुर्खियों में रहते है तथा कार्यालय में पहुंचने वाले लोगों को इनके कारनामों प्रकाशित व प्रसारण होता आ रहे है कार्यालय में पहुंचने वाले लोगों को वीडीओ द्वारा क्षेत्र में दबाव बनाने की नियत से पूर्व में पा चुके प्रशस्ति पत्रों के बारे में विस्तार रूप से वर्णन कर अपने को ऊंची पकड़ व पहुंच वाला साबित किया जाता है। शिकायत में कहा कि विकास खण्ड में सात माह से प्रमुख का पद रिक्त होने के कारण नियमों की अनदेखी कर क्षेत्र पंचायत निधि का बड़े स्तर पर बन्दर बांट किया जा ता रहा है।

विकास खण्ड के क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने जिलाधिकारी से की शिकायत में वीडीओ अरुण कुमार सिंह ने तैनाती के बाद मनरेगा भुगतान जनपद लखीमपुर में वैठकर मैनेज मनरेगा डोंगल लगाकर धन निकाला गया शिकायतीपत्र में वीडीओ पर आरोप लगाते हुये कहा कि ग्राम प्रधानों पर दबाव बनाकर मनरेगा आई0डी0 निकालने को सुविधा शुल्क की मांग की गयी जिसको लेकर प्रधान संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जताते हुये ब्लाक परिसर में हंगामा काटा गया जिसकी जानकारी पर विधायक श्री पासवान द्वारा हस्तक्षेप कर प्रधान संगठन को निष्पक्ष जांच कराने का आश्वासन दिया तब कही जाकर प्रधान संगठन द्वारा धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया।

30 जनवरी को क्षेत्र पंचायत की वैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों व ग्राम प्रधानों के फर्जी हस्ताक्षर कर वजट की वैठक पूर्ण कर बजट को ठिकाने लगाया गया 18 फरवरी को प्रकाशित की गयी निविदाओं में किसी प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्यों के द्वारा दिये गये विकास कार्यो के प्रस्तावों को शामिल न कर अपने चहेतों को लाभान्वित कर क्षेत्र पंचायत निधि का 03 करोड़ 50 लाख रूपया लगाकर बंदर बांट की योजना तैयार की गयी।

साठा धान न लगा तो आत्महत्या को विवश होंगे किसानः बलजिंदर सिंह

पूरनपुर-पीलीभीत (स्पष्ट आवाज)। अन्नदाता किसान यूनियन के प्रदेश महासचिव बलजिंदर सिंह ने कहा कुछ किसान यूनियन के पदाधिकारी वह वाही लूटने के लिए किसानों के साथ चल कर रहे हैं सट्टा धन पर प्रतिबंध लगाना मंगुलिक एवं जमीनी स्तर पर बिना जांच परख कर ज्ञापन देना प्रतीत हो रहा है किसान नेता बलजिंदर सिंह ने बताया उन्होंने भौगोलिक स्तर पर जमीन इस स्तर पर निरीक्षण किया तो पाया कि इस साल बरसात अधिक हो जाने के कारण गेहूं की खड़ी फसल निचले इलाकों में सूख गई और अन्नदाता किसानों ने आम जनता को खाद्य पदार्थ देने के लिए आलू मटर लाही की फसलों भी तैयार की।

कार्यालय ग्राम पंचायत भीकमपुर इ0 शिवपुरी,वि0ख0–फरीदपुर(बरेली)

निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो व बिक्रेताओं को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत भीकमपुर इ0 शिवपुरी में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत है–

ईट,बजरफुट,सरिया,सीमेंट,रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

क्र0	निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है	अनु लागत, लाख में
1	भीकमपुर में गोधन के घर से देवेंद्र के घर तक सी0सी0रोड,नाली व डिप निर्माण	3.98/–

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिबस में देखी जा सकती है।

(बीरपाल) ग्राम प्रधान — (अजय दुबे) ग्रा0वि0अ0

कार्यालय ग्राम पंचायत मझौआ,वि0ख0–फरीदपुर(बरेली)

निविदा सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो व बिक्रेताओं को सूचित किया जाता है, कि ग्राम पंचायत मझौआ में मनरेगा योजना से निम्न निर्माण कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित की जाती है, सामग्री विवरण निम्नवत है–

ईंट,बजरफुट,सरिया,सीमेंट,रेत व अन्य सामग्री जो प्राक्कलन में लिखित है।

क्र0	निर्माण कार्य का नाम जिसकी निविदा जारी की जाती है	अनु लागत, लाख में
1	छोटे खां के मकान से मुन्ने खां के मकान तक सी0सी0रोड,नाली व डिप निर्माण	3.99/–

उक्त कार्य हेतु सीलबंद निविदायें प्रकाशन के तीसरे दिन दोपहर 02 बजे निविदादाताओं या उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। कार्य हेतु सामग्री आपूर्ति आदि की सूचना ग्राम पंचायत पर उपलब्ध है जो किसी भी कार्यालय दिबस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान — ग्रा0वि0अ0

स्वामी स्पष्ट आवाज के लिए, **मुद्रक एवं प्रकाशक** - आनन्द सिंह, द्वारा दी इण्डियन एक्सप्रेस प्राईवेट लि. प्रेस सी- 26 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, कानपुर रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं 47/1, क्ले स्क्वायर होम्स, कबीर मार्ग, लखनऊ से प्रकाशित। आर.एन.आई. पंजीयन संख्या: U.P. HIN/2004/13625, डाक पंजीयन संख्या - SSP/LW/NP-119/2010-12
***संपादक** -डा. विजय सिंह, फोन/फैक्स : 0522-3599932,0522-4306534, मो0: 9415003504 E-mail : spawaz2010@gmail.com, anand.singh2@gmail.com.* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट की धारा- 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनमें उत्पन्न समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।

खड़ी ट्रक से भिड़ी कार, 3 की मौत

कौशाम्बी। शादी समारोह से वापस लौट रहे लोगों से भरी कार कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढ़ा गांव के पास होटल के बाहर सड़क पर खड़ी ट्रक से भिड़ गयी है। हादसे में कार के परखच्चे उड़ गए। टक्कर होते ही कार में कोहराम मच गया। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। हादसे में कार चालक सहित तीन लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई और हादसे में आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के मनौरी बाजार से सोमवार शाम को बारात फतेहपुर जनपद के हथगांव गई हुई थी। मंगलवार की भोर में बारात की गाड़िया वापस लौट रही थी। कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढ़ा गांव के पास नेशनल हाइवे पर खड़े ट्रक के पीछे बारात की एक टवेरा कार की जोरदार टक्कर के साथ भिड़ंत हो गई। ट्रक चालक सड़क पर ट्रक खड़ी करके होटल में खाना खाने चला गया था । सामने से आ रहे वाहन को बचाने के चक्कर में कार चालक ट्रक के पीछे टकरा गया?। जिसके चलते बड़ा हादसा हुआ है। हादसे में मासूम बच्ची समेत 11 लोग घायल हो गए। आनन फानन में घायलों को मंझनपुर स्थित जिला अस्पताल भेजा गया। जहां पर डॉक्टर ने मासूम बच्ची समेत तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं 4 लोगों की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल से प्रयागराज रेफर कर दिया गया है। जबकि अन्य लोगों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है।

सड़क हादसे का सीएम ने लिया संज्ञान: सीएम योगी आदित्यनाथ ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना की व्यक्त की है, उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है।

प्रधान पर जानलेवा हमला

कौशाम्बी। सराय अकिल थाना क्षेत्र के कोटिया गांव निवासी प्रधान राजेश कुमार पाल उर्फ सुगी पुत्र सुखलाल पाल सोमवार के दिन समय लगभग 9 बजे रात्रि को अपने नलकूप पर बैठकर लिखा पढ़ी कर रहा थे। उनके साथ में भाई का साला नागेंद्र पाल पुत्र मूल चंद्र निवासी असरावल कला थाना एयरपोर्ट प्रयागराज भी साथ में मौजूद था। तभी अचानक राजू और शिव बाबू व श्याम बाबू उर्फ धोनी पुत्र गण लल्लू उर्फ दिलसुख व उसके साथी नलकूप पर आकर जान से मारने की नीयत से तमंचे से फायर झोक दिया।

चार दिग्गजों में से एक हो सकता है भाजपा का लोकसभा प्रत्याशी

कौशाम्बी। जिले की राजनीति में मजबूत पकड़ रखने वाले वाचस्पति कौशाम्बी की राजनीति के नये खिलाड़ी नहीं हैं?। दो बार सिराथू से विधायक चुने गये। उनकी पत्नी मधुपति दो बार जिला पंचायत अध्यक्ष बनकर क्षेत्र में विकास किया गया है। उनके सरल स्वभाव को आज भी जनता भूल नहीं पाई है। लोकसभा चुनावी मैदान में उनके आने के बाद से भूचाल सा आ गया है। कौशाम्बी जिले की तीनों विधानसभा सीटों में वाचस्पति अपनी खास पहचान रखते है। वाचस्पति को लेकर लोकसभा क्षेत्र में कहीं भी कोई विरोध नहीं होता दिख रहा है। लोकसभा 50 कौशाम्बी में पांचों विधानसभा को जोड़कर बनाया गया है?। जहां पर पासी बिरादरी के लोगों की संख्या सबसे अधिक है। जिले भर सहित कुंडा व बाबागंज में पासी बिरादरी के लोग जिसको वोट करते है एक तरफा करते हैं। 2022के विधानसभा चुनाव इसका उदाहरण है कि पांच विधानसभा में से एक सीट भी भाजपा नहीं जीत सकी।

सूत्रों के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर पासी समाज इस बार एकजुट हो गया है। हाल ही में हुई मंझनपुर के भगत का पुरवा में सपा की चुनावी जनसभा में पूर्व मंत्री व सपा विधायक इंद्रजीत सरोज ने बिगुल बजा दिया है। वह भी इस मैदान में पुराने खिलाड़ी है, पांच बार विधायक बने चुके।2017 मे भाजपा प्रत्याशी ने इन्द्रजीत को शिकस्त दिया, 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा से इन्द्रजीत बड़ी मजबूती से चुनाव लड,भाजपा प्रत्याशी को कडी टक्कर दिया,लेकिन महज कम अंतर से चुनाव हार गये। 2022मे विधानसभा चुनाव में भाजपा विधायक को हराकर अपनी हार का बदला ही नहीं लिया बल्कि उनके नेतृत्व में सपा प्रत्याशियों ने तीनों विधानसभा में सपा का परचम लहरा दिया। कयास लगाया जा रहा है कि वह फिरसे सपा से लोकसभा 2024 का चुनाव लड सकते है। हालही में राजा भैया ने अपने साथी विधायकों के साथ भाजपा के पक्ष में मतदान किया है। वहीं चायल से विधायक पूजा पाल व सिराथू विधायक पल्लवी पटेल ने भी भाजपा के पक्ष में वोट करके राजनीति गलियारे माहौल गरमा दिया है। दो बार सासंद रह चुके शैलेन्द्र कुमार भी लोकसभा क्षेत्र में हाथ पांव मार रहे है?। उन्होंने कुंडा नरेश राजा भैया के समर्थन में लोकसभा पहुंचने की तैयारी की है। भाजपा में अभी मंथन चल रहा है कि वर्तमान सासंद विनोद सोनकर के सामने मैदान में तीन दिग्गजो की फौज खड़ी है। जिनके द्वारा बनाये गये चक्रव्यूह में फंसकर भाजपा प्रत्याशी कहीं चित्त न पड़ जाये। जिसका मंथन करने में विशेष सावधानी बरती जा रही है। भाजपा इन चारों सियासी दिग्गज चेहरों में से किसी एक को अपना प्रत्याशी घोषित कर सकती है। ऐसे संकेत प्रबल हो रहे हैं।

विधायक वाचस्पति का जगह जगह पर हुआ जोरदार स्वागत: मंगलवार को वाचस्पति आयोजित भ्रमण कार्यक्रम में निकले। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पर उनका भव्य स्वागत किया । कार्यक्रम के दौरान उनकी बातचीत और चेहरे की मुस्कुराहट देखकर यह लगता है कि कौशाम्बी लोकसभा सीट से भाजपा ने उन्हें सांसद का टिकट देने का पूरी तरह से आश्वासन दिया है। केवल औपचारिक घोषणा बाकी रह गई है। उनके चेहरे की मुस्कुराहट देखकर कार्यकर्ताओं में भी जोश दिखाई पड़ रहा है। विधानसभा बारा के अपनादल से विधायक वाचस्पति द्वारा लोकसभा कौशाम्बी का मंगलवार को भ्रमण किया गया। भ्रमण कार्यक्रम के माध्यम से वह जनता को फिर से एक बार एक साथ जुड़ने का संदेश देना चाहते है। उनका स्वागत रसूलाबाद उर्फ कोइलाहा में अनिल पासी के नेतृत्व में हुआ। कजीपुर में जय प्रकाश ग्राम प्रधान एवं भैयान पासी के नेतृत्व में जोरदार स्वागत किया गया। मूरतगंज में जिला पंचायत सदस्य राम नरेश के नेतृत्व एवं प्रधान द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। सांयरा में मेरा आंगन होटल के मलिक डब्बू एवं रवि केशरवानी और नन्हे पासी के नेतृत्व में स्वागत हुआ।

प्रभारी यातायात ने संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग की

महोबा (स्पष्ट आवाज)। पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार को जनपद में यातायात व्यवस्था को बनाये रखने हेतु प्रभारी यातायात सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों में टीम के साथ वाहन चालकों को यातायात नियम का पालन करने के लिए जागरूक किया। यातायात पुलिस टीम ने आमजनमानस में यातायात नियमों के प्रति जागरुकता को बढ़ाने, सड़क सुरक्षा को अपनाने के लिए बिना हेलमेट वाहन चला रहे वाहन चालकों को हेलमेट पहनकर वाहन चलाने के लिए कहा गया।

पत्नी को वीडियो कालिंग के साथ पति ने लगाई फांसी, मौत

बांदा। पत्नी को वीडियो कालिग करने के बाद पति ने फंदा लगा लिया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पैलानी थाना क्षेत्र के खप्टिहाकलां गांव निवासी अनिल (32) पुत्र रामकिशोर वर्मा चार वर्ष से बल्लभगढ हरियाणा में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। सोमवार की रात वह नशे की हालत में घर आया और गले में रस्सी का फंदा डालकर पत्नी रोशनी को वीडियो कालिंग कर फांसी लगाने की बात कहकर डरवाने लगा। इस पर पत्नी ने मना किया। वीडियो कालिंग करते सयम मोबाइल हाथ से छूट गया। अनिल मोबाइल उठाने लगा। इसी बीच उसके गले में फंदा कस गया। जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई। परिजनो ने घटना की जानकारी कुछ दूर पर रह रहे दूसरे भाई विमल को दी गई। मौके पर पहुंचे विमल ने देखा तो दरवाजे बंद थे। किसी तरह दरवाजा तोड़कर वह अंदर पहुंचा। देखा तो अनिल का शव फंदे पर लटक रहा था। मृतक दो भाईयो में बड़ा था। उसके एक पुत्री है। बताया जाता है कि अनिल नशे का आदी था। पत्नी को डरवाने के लिए फांसी लगा लिया। मोबाइल फोन गिरते ही यह घटना हो गई।

ईवीएम, वीवी पैट के मास्टर प्रशिक्षक योग्य हों : निर्वाचन अधिकारी

महोबा (स्पष्ट आवाज)। लोक सभा निर्वाचन- 2024 के दृष्टिगत जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी ने समस्त जोनल व समस्त नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की गयी। बैठक में सभी जोनल एवं सेक्टर अधिकारिओं के कार्यो की समीक्षा की गयी और सम्बन्धित अधिकारियों को उनके कर्तव्यों के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी नें कहा कि ई.वी.एम.वी.वी पेट के मास्टर ट्रेनर को योग्य होने चाहिए और ट्रेनिंग बिल्कुल सही तरीके से होनी चाहिए और सभी जरूरी बिन्दुओं को प्रशिक्षण में नोट करवाये जाए। उन्होंने सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं जोनल मजिस्ट्रेट की गाड़ियों में जीपीएस लगाए जाने के निर्देश दिए। क्रिटिकल बूथ, बेब कास्टिंग, स्वीप कार्यक्रम, लॉ एंड ऑर्डर विधानसभावार किए जाने के निर्देश दिए। और कहा कि सभी अधिकारी अपने कार्य की पूरी तैयारी लेखा-जोखा के साथ कर ले अगली मीटिंग में सारे कार्यो की प्रगति समीक्षा की जाएगी। इ.वी.एम. की सारी गाइडलाइन की जानकारी रूल के हिसाब से कर लें इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, वरिष्ठ कोषाधिकारी देव कुमार यादव, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय नारायण मिश्रा, उप जिलाधिकारी सदर जितेंद्र सिंह सहित निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्तिथ रहे।

नगर के सभी वार्डों में होंगे विकास कार्य: कविता पासी

कौशाम्बी। जिले के नगर पालिका परिषद भरवारी बोर्ड कमेटी की बैठक गहमागहमी के बीच सकुशल संपन्न हुई। बैठक में शामिल सभी वार्डो के सभासदों एवं महिला सभासदों ने अपने-अपने वार्डो में जनता की समस्याओं के निस्तारण के लिए कार्यो के प्रस्ताव दिए। नगर पालिका परिषद भरवारी में शपथ ग्रहण के तत्काल बाद पहली बोर्ड की बैठक हुई थी। बैठक में सभी वार्डो के सभासदों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को प्रस्ताव के रूप में अध्यक्ष और ईओ को सौंपे थे। बोर्ड की बैठक के बाद नगर पालिका में दो ईओ बदल गए ,लेकिन विकास कार्यो में अध्यक्ष और सभासदों की सहमति नहीं बन पाई थी। नवागत ईओ राम सिंह एवं अध्यक्ष कविता पासी ने नगर क्षेत्र में कराए जाने वाले विकास कार्यों के लिए सभी वार्डो के सभासदों से कार्यो के प्रस्ताव मांगने के लिए सोमवार को बोर्ड की बैठक बुलाई। बोर्ड की बैठक लगभग तीन घंटे चली। सभासदों ने अपने-अपने वार्डो में पूर्व में दिए गए कार्यो के प्रस्ताव को लेकर चर्चा की। इस दौरान काफी गहमागहमी रही। सभी वार्डो के सभासदों ने लगभग 10 करोड़ से अधिक के कार्यो के प्रस्ताव दिए। वार्ड नंबर 12 के सभासद सूरज यादव ने जनहित में आरओ पानी की सप्लाई बंद न करने और उसका मूल्य पुनः वही निर्धारण कर अनवरत जारी रखने के लिए पुरजोर से आवाज उठाई।

छह लुटेरों को दबोच लूटी कार तमंचा-फोन-बाइक बरामद

लुटेरों ने मरीज बनकर लूटी थी कार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बताया कि मरीज बनकर वाहन लूटने वाले छह लोगों को दबोचकर उनके कब्जे से लूट की कार, तमंचा, कारतूस, तीन मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक बरामद की है। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह राघव प्रेक्षागार में पत्रकारों से रुबरु हुए। उन्होंने बताया कि 28-29 फरवरी की रात रामलाल सोनी पुत्र रामदास सोनी निवासी बल्लभनगर सतना रोड मैहर मप्र के साथ गढवा जाने वाले जंगल के रास्ते में लुटेरों ने तमंचा लगाकर हाथ-पैर बांधकर नई कार लूट ली थी। पुलिस ने इस बाबत मामला दर्जकर एसओजी प्रभारी व मऊ थानाध्यक्ष को खुलासे के निर्देश दिये। पुलिस टीम ने पांच मार्च को सवेरे साढे चार बजे टिकरा गांव के शिवम पटेल के डेरा से छह लोगों को गिरफ्तार किया। लूट की कार एमपी 19जेडएफ-8730, तमंचा-कारतूस, तीन मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटरबाइक यूपी 96जे-3150 बरामद की। पूंछताछ में दबोचे शिवम पटेल पुत्र श्रीनाथ, अजीत पटेल पुत्र देवमूरत निवासी टिकरा, सोनू साहू पुत्र गनेश निवासी आमीन गोविन्दगढ थाना ताला जिला रीवा मप्र, आफताब अंसारी पुत्र एजाज अंसारी निवासी पीथाकियारी निरसा की चट्टी थाना सिरसा जिला धनबाद झारखंड, रवि लोनिया पुत्र बृजेश लोनिया निवासी वार्ड 12 गोविन्दगढ जिला रीवा मप्र व सत्येन्द्र पाठक पुत्र महादेव निवासी अजरौली थाना धाता जिला फतेहपुर ने बताया कि वे पूना में फैक्टरी में काम करते थे। लूट की योजना बनाई। पूना से चलकर मानिकपुर होते हुए शिवम व अजीत से मिले। 28 फरवरी को मरीज के बहाने गाडी बुक की। उसे बरगढ लेकर आये। कार मालिक को रात दस बजे बरगढ चौराहे पर सत्येन्द्र तिवारी को फोन से बुलाया। परानू बाबा जंगल में कार मालिक को मारपीट कर गाडी से उतारकर हाथ-पैर बांधकर फेंक दिया। गाडी को अजरौली के सत्येन्द्र पाठक के ट्यूबवेल में छिपा दिया। मास्टर माइंड फरार है। टीम में एसओजी/सर्विलांस प्रभारी एमपी त्रिपाठी, दीवान जितेन्द्र कुशवाहा, नितेश समधिया, सिपाही रोहित सिंह, आशीष, पवन राजपूत, रोशन सिंह, ज्ञानेश मिश्रा व मऊ थानाध्यक्ष अजीत कुमार पाण्डेय, दरोगा विनय विक्रम सिंह, सिपाही प्रवीण पाण्डेय व महिला सिपाही शानू द्विवेदी शामिल रहे।

कोतवाली पुलिस ने दबोचे वांछित-वारंटी

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में पुलिस ने दो वांछित व एक वारंटी दबोचा है। मंगलवार को कोतवाली कर्वी के निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह ने सिपाही नीतू द्विवेदी के साथ अपहरण व पॉक्सो एक्ट वांछित मैकू प्रसाद व अनिल कुमार पुत्र चुन्नीलाल उर्फ देवीदयाल निवासी चितरागोकुलपुर को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी के दरोगा अंशुल कुमार ने सिपाही आदित्य पाल के साथ आर्म्स एक्ट के वारंटी रामजी उर्फ मुड़वा पुत्र हरीप्रसाद निवासी बनकट को गिरफ्तार किया।

चोरी की बाईक के साथ आरोपी को किया गिरफ्तार

महोबा (स्पष्ट आवाज)। जनपद में अपराध की रोकथाम, अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे गिरफ्तारी अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता के निर्देशन में मंगलवार को क्षेत्राधिकारी नगर दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर दुर्ग विजय सिंह द्वारा गठित पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति को चोरी की बाइक के साथ हिरासत में लिया गया द्य उक्त मोटरसाइकिल थाना कोतवाली नगर में पंजीकृत धारा 379, 411 भादवि से सम्बन्धित थी। आरोपी शिव कुमार प्रजापति पुत्र बसन्तलाल प्रजापति उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम बबेड़ी चौकी सुरहा थाना कबरई को शहर के मुहल्ला पतीबरा से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पत्रकार का बेटा बना एएसआई

परिवार, रिश्तेदारों और पत्रकार समाज ने जताई खुशी

बांदा। पत्रकार के पुत्र ने पुलिस सेवा में सहायक उप निरीक्षक का पद ग्रहण करके जनपद के नाम के साथ-साथ पूरे परिवार का नाम रोशन किया है। शहर के छोटी बाजार निवासी मनोज गुप्ता विगत दो दशक से पत्रकारिता के क्षेत्र में रहकर समाज और शासन-प्रशासन की सेवा करते हुये इन्होंने अपने परिवार के बच्चों को भी संस्कार देना नहीं भूले, जिसकी वजह से श्री गुप्ता के पुत्र शिवम गुप्ता ने एएसआई की परीक्षा पास करके टेर्ऊनिंग पूरी की है।

मंगलवार को आयोजित दीक्षांत परेड समारोह में पहुंचकर पुत्र शिवम को

आशीर्वाद दिया है। शिवम के सहायक उप निरीक्षक पुलिस सेवा में चयन होने से जहां पूरे परिवार को खुशी हुई है वहीं जनपद के पूरे पत्रकार समाज ने पत्रकार के पुत्र को आशीर्वाद देते हुये बधाई दी है। शिवम गुप्ता की टेर्ऊनिंग पूरे होने के बाद जैसे ही परिवार और रिश्तेदारों को सूचना मिली तो सारे रिश्तेदार खुश होते हुये दिनभर बधाई और शुभकामनाओं का तांता लगा रहा।

Email ID : ee_cd_kaushambi@yahoo.in
U.P. Jal Nigam (Rural)
OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, DIVISION OFFICE
U.P. JAL NIGAM (RURAL), MANJHANPUR, KAUSHAMBI - 212207
Letter No. 377/M-20/02 Date : 05.03.2024
अल्प कालीन निविदा सूचना
अध्यक्ष, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) की ओर से अधोहस्तक्षरी द्वारा जनपद स्तरीय जल परीक्षण प्रयोगशाला मंझनपुर, कौशाम्बी में बैक्टीरियोंलाजिकल चैम्बर/कैमिकल चैम्बर/टेस्टिंग हॉल/Hot zone area/Fume Hood etc. हेतु पार्टीशन एवं तत्सम्बन्धित अन्य कार्य हेतु मुहरबन्द अल्पकालीन निविदा दिनांक 06.03.2024 से 11.03.2024 को 3:00 बजे तक पंजीकृत ठेकेदारों हेतु आमंत्रित की जाती है एवं दिनांक 11.03.2024 के अपरान्ह 3:30 बजे कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), कौशाम्बी में ठेकेदारों की उपस्थिति में खोली जायेगी।
सहायक अभियन्ता

जिला औद्योगिक मिशन समिति एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना समिति बैठक संपन्न

उरई (जालौन)। आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला औद्यानिक मिशन समिति एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना समिति तथा जिला स्तरीय औषधीय पौध मिशन समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। प्रधानमंत्री खाद्य प्रसंस्करण योजना के तहत लघु उद्योगो को बढ़ावा दिया जाता हैं। इस योजनान्तर्गत आवेदकों ने ऋण हेतु आवेदन किये जिसमें से कृषकों के 24 आवेदन विभिन्न बैंकों में लम्बित है जिस पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जिलाधिकारी ने लीड बैंक मैनेजर, उद्यान अधिकारी व 10 बैंकों के मैनेजरों व बैठक में अनुपस्थित डी0डी0 नाबार्ड द्वारा अपने कार्यो में रूचि न लेने पर स्पष्टीकरण साथ ही डी0आर0पी0 मयंक तिवारी कार्य के प्रति रूचि न लेने पर व कृषकों को योजनाओं से वंचित रखने पर सेवाये समाप्त करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि माधौगढ़ तहसील में 21 पोषण वाटिका उपजिलाधिकारी द्वारा चिन्हित की गयी है जिस पर जिला उद्यान अधिकारी, कृषि अधिकारी, डी0सी0 मनरेगा,डी0सी0एन0आर0एल0एम0 को निर्देशित किया कि उक्त पोषण वाटिकाओं में फलों, सब्जियों, फूलों, मसालों, औषधियों की जैविक खेती कर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को पोषण वाटिका 15 दिन में तैयार कर सुपुर्दगी में दी जाये जिससे वह आय के साथ-साथ उनका जीवन स्तर पर सुधार होगा व आत्मनिर्भर होगी।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सहजनवां गोरखपुर

पत्रांक : 944/निविदा/पन्द्रहवां केन्द्रीय/पंचम राज्य वित्त/2023-24 **दिनांक : 05/03/2024**

अल्पकालीन आपूर्ति निविदा सूचना

क्षेत्र पंचायत सहजनवॉ के अन्तर्गत पन्द्रहवां केन्द्रीय/पंचम राज्य वित्त योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 20.03.2024 अपरान्ह 02 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा वांछित प्रपत्र सलंग्नकर बन्द लिफाफे में खण्ड विकास अधिकारी सहजनवॉ कार्यालय में निविदा बॉक्स में डाल सकते है। समस्त औपचारिकताएं उसी दिन पूर्ण की जायेगी। सामग्री आपूर्ति का विवरण निम्नवत् है।

1. प्रथम श्रेणी ईंट 2. ईंट गिट्टी 3. सीमेन्ट 4. पत्थर गिट्टी 5. मोरंग बालू 6. सादा बालू 7. सरिया 8. पेन्ट 9. पुट्टी 10. टाईल्स 11. रबर मोल्डिंग इण्टरलांकिग 12. हाईमास्ट लाईट 13. सोलर लाईट 14. बिजली का सामान 15. स्वच्छता सामग्री 16. ह्यूमपाईप 17, लोहे द्वारा निर्मित उपकरण आदि।

क्र0 सं0	योजना का नाम	कार्य का नाम	लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य
1	2	3	4	5
01	15वाँ केन्द्रीय वित्त (अनटाइड मद)	सिसई में स्कूल से चौपाई के घर तक मिट्टी खडंजा निर्माण कार्य	1.26	616
02	15वाँ केन्द्रीय वित्त (अनटाइड मद)	झकही में बेचन प्रजापति के दरवाजे से होते हुए रमाशंकर के घर होते हुए सुरेन्द्र के घर तक सी.सी. रोड /इंटरलाकिंग निर्माण कार्य	6.94	812
03	15वाँ केन्द्रीय वित्त (अनटाइड मद)	बसिया पिच रोड से रामवृक्ष सिंह के घर तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	9.98	812
04	15वाँ केन्द्रीय वित्त (अनटाइड मद)	टेकुवापाती में टोला महदेइया रणवीर यादव के घर से काली स्थान तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	9.60	812
05	15वाँ केन्द्रीय वित्त (अनटाइड मद)	ग्राम पंचायत बसिया जबरैला विषकोहर और महुआपार में एक-एक अद्द हाईमास्ट लाइट कार्य	7.47	812
06	15वाँ केन्द्रीय वित्त (अनटाइड मद)	कटसहरा मझौरा कुवावल कला और गनौरी (सिंहवलिया) में 1-1 अद्द हाईमास्ट लाइट कार्य	9.94	812
07	15वाँ केन्द्रीय वित्त (टाइड मद)	सोनबरसा पुलिस चौकी पर शौचालय मरम्मत कार्य	3.17	718
08	15वाँ केन्द्रीय वित्त (टाइड मद)	ग्राम पंचायत मियां पकड़ी में नहर पर एक अद्द आर.सी.सी. पुलिया निर्माण कार्य	9.97	812
09	15वाँ केन्द्रीय वित्त (टाइड मद)	ग्राम पंचायत भीटी रावत में रेशमा रावत इण्टर कालेज में एन.एच. 28 तक नाला निर्माण कार्य	9.00	812
10	15वाँ केन्द्रीय वित्त (टाइड मद)	ग्राम पंचायत भीटी रावत चौराहे से दीपेन्द्र मौर्या के दुकान में गोगहरा नाला तक नाली निर्माण कार्य	8.70	812
11	15वाँ केन्द्रीय वित्त (टाइड मद)	सिसवा बैंक चौराहा पर एक अद्द पुलिया निर्माण कार्य	9.82	812
12	पंचम राज्य वित्त	ग्राम पंचायत कुचडेहरी में दुर्ग विजय के घर से प्राथमिक विद्यालय तक सी.सी. रोड निर्माण कार्य	6.00	812

नियम व शर्ते :- **1**- सामग्री आपूर्तिकर्ता का जी0एस0टी0 का रजिट्रेशन अनिवार्य है। **2**- निविदा खण्ड विकास अधिकारी द्वारा नामित अधिकारी द्वारा निविदातााओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। **3**- सामग्री आपूर्ति विकास खण्ड सहजनवॉ के परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी **4**- जो दर प्रस्तुत की जायेगी वह जी0एस0टी0 एवं कार्टेज चार्ज जोड़कर प्रस्तुत की जायेगी। **5**- सामग्री की आपूर्ति खण्ड विकास अधिकारी द्वारा आदेश देने पर ही की जायेगी। **6**- सामग्री की मात्रा घटाई व बढ़ाई जा सकती है। **7**- प्रस्तुत दर पी0डब्लूडी0 द्वारा स्वीकृत दर से अधिक मान्य नहीं होगी। **8**- आपूर्तिकर्ता को 2 प्रतिशत आयकर एवं 2 प्रतिशत जी0एस0टी0 देना होगा। **9**- सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा प्रमुख/अधिकारी/कर्मचारी के सगे सम्बन्धी द्वारा नहीं डाली जायेगी। **10**- सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी के पास होगा। **11**- सामग्री आपूर्ति के सम्बन्ध में अन्य शर्ते व जानकारी कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी सहजनवां, गोरखपुर से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। **12**- इच्छुक आपूर्तिकर्ता कार्यालय दिवस में सामग्री आपूर्ति हेतु टेण्डर फार्म नगद देकर प्राप्त कर सकते है। **13**- प्रत्येक सामग्री की दर अलग-अलग दी जायेगी। **14**- स्वामित्व का प्रमाण पत्र आपूर्तिकर्ता द्वारा प्रस्तुत करना होगा। **15**- दर में प्रतिघन मी0/प्रति हजार अंकित किया जायेगा। **16**- निविदादाता को खण्ड विकास अधिकारी सहजनवां के पक्ष में 10000.00 हजार अर्नेस्टमनी धनराशि निविदा के साथ जमा करना होगा। **17**- निविदादाता फर्म को 03 वर्ष का आयकर रिटर्न की कापी निविदा फार्म के साथ सलंग्न करना होगा।

प्रमुख
क्षेत्र पंचायत सहजनवां

खण्ड विकास अधिकारी
सहजनवां, गोरखपुर

दिव्यांग प्रमाण पत्र व यूडीआईडी नहीं बना है वह फोटो व आधार कार्ड जमा करें: चन्द्र प्रकाश

उरई (जालौन)। आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी चन्द्र प्रकाश ने विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों हेतु पी0एम0श्री योजनान्तर्गत मेडिकल एसेसमेन्ट कैम्प के आयोजन के सम्बन्ध में बताया कि महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक समग्र शिक्षा विद्याभवन निशातगंज लखनऊ के पत्र दिनांक 27 सितम्बर, 2023 के क्रम में पी0एम0श्री योजनान्तर्गत समेकित शिक्षा में वर्ष 2023-24 में भी विशिष्ट आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों के दिव्यांगता का आंकलन कर दिव्यांगता प्रमाण-पत्र एवं यू0डी0आई0डी0 उपलब्ध करायें जाने के उद्देश्य से मेडिकल एसेसमेंट कैम्प का आयोजन कराया जाना है। उन्होंने बताया कि दिनांक 06 मार्च 2024 दिन बुधवार को बी0आर0सी0 माधौगढ़ में विकास खण्ड माधौगढ़, रामपुरा, नदीगांव, आंशिक जालौन एवं कुठौंद में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक, दिनांक 12 मार्च 2024 को बी0आर0सी0 डकोर स्थान मरोड़ा में विकास खण्ड डकोर, कोंच, महेवा, कदौरा, उरई एवं आंशिक जालौन में प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 03:00 बजे तक मेडिकल एसेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि कक्षा 01 से 12 तक के जिन दिव्यांग बच्चो का दिव्यांग प्रमाण-पत्र एवं यू0डी0आई0डी0 नही बना है, वह निर्धारित तिथि एवं स्थल पर 02 फोटो एवं आधार कार्ड अवश्य लेकर आये।

युवक ने खाया जहरीला पदार्थ, इलाज के दौरान मौत

बांदा। युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया हालत गंभीर होने पर उसे रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घरवालो में कोहराम मच गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के बड़ा गांव निवासी रामनिहोर पटेल (24) पुत्र सुखदेव ने सोमवार की रात जहरीला पदार्थ खा लिया। कुछ देर के बाद उसकी हालत बिगड़ गई। तब घरवालो को पता चला। उसे सीएचसी बबेरू में भर्ती कराया गया। हालत में सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरो ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे रानीदुर्गावती मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया।

कोई भी ओलावृष्टि प्रभावित कृषक छूटे न, आवेदन करें आनलाइन : एडीएम

उरई (जालौन)। आज अपर जिलाधिकारी संजय कुमार ने कहा कि कोई भी ओलावृष्टि से प्रभावित कृषक छूटे न वह अपनी ओलावृष्टि से हुई फसल का विवरण संबंधित आनलाइन आवेदन करें।05.03.2024 जनपद जालौन में दिनांक 20.2.2024, 27.02.2024, 01.03.2024, 02.03.2024 व 03.03.2024 को हुई बेमौसम वर्षा/ओलावृष्टि से तहसीलवार प्राप्त विवरण के अनुसार तहसील जालौन में 78 ग्रामों के 1419 कृषकों की 1733.3480हे0 भूमि (सर्वाधिक प्रभावित ग्राम पड़वारी, धनौराकलॉ, धन्तौली, खर्रा, कुँवरपुरा, हरकौती, खनुवां, लहचूरा), तहसील उरई में 69 ग्रामों के 1881 कृषकों की 1485.2690हे0 भूमि (सर्वाधिक प्रभावित ग्राम करमेर, बरदर धमनी बुजुर्ग ददरी रिरूवा), तहसील कालपी में 93 ग्रामों के 1454 कृषकों की 5183.400हे0 भूमि (सर्वाधिक प्रभावित ग्राम जोरा खेरा, सन्दी, सुनहटा, इमिलिया बुजुर्ग, कदौरा, अमीसा), तहसील कोंच में 55 ग्रामों के 1021 कृषकों की 1013.1240हे0 भूमि (सर्वाधिक प्रभावित ग्राम भेंड, रबा, जरा, खुर्द, कनासी, अदलीसपुरा, चकधाई, अकनीबा, बरहा, नरी, पहाडगांव भेंपता), तहसील माधौगढ़ में 28 ग्रामों के 978 कृषकों की 991.2400हे0 भूमि (सर्वाधिक प्रभावित ग्राम मानपुरा, लहूदा, अपरेहटी, गोपालपुरा, महोई, असहना, अतरौली, सर्रा, सूपानुनायचा) प्रभावित हुई है। इस प्रकार जनपद में कुल 323 ग्रामों के 6753 कृषकों की 10406.3770हे0 कृषि भूमि प्रभावित हुई है। इस संदर्भ में जिलाधिकारी जालौन द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में राहत आयुक्त की वेबसाइड पर ओलावृष्टि/वर्षा से प्रभावित कृषकों का विवरण फीड़ कराया जा रहा है। ओलावृष्टि/अतिवृष्टि से प्रभावित कृषकों हेतु आनलाइन माध्यम से भी अपना विवरण उपलब्ध कराने का विकल्प दिया गया था जिसके सापेक्ष दिनांक 05.03.2024 को सायं 05.00बजे तक कुल 2225 कृषकों द्वारा अपना विवरण उपलब्ध करा दिया गया है। अवशेष 4528 कृषकों का विवरण सम्बन्धित लेखपालों द्वारा कृषकों से सम्पर्क कर प्राप्त कर लिया गया है। कृषकों के विवरण का सत्यापन कर तत्काल उन्हें शासन की निर्धारित दर सिंचित क्षेत्र में 17000/-रू0 प्रति हेक्टयर तथा असिचिंत क्षेत्र में 8500/-रू0 प्रति हेक्टयर की धनराशि देय है। यह धनराशि न्यूनतम सिंचित क्षेत्र में 2000/-रू व असिंचित क्षेत्र में 1000/-रू0 दर पर किये जाने के निर्देश दिये गये है। उ0प्र0 शासन द्वारा यह स्पष्ट निर्देश दिये गये है कि ओलावृष्टि/अतिवृष्टि से प्रभावित समस्त काश्तकारों को मानक के अनुसार राहत सहायता उपलब्ध करायी जाये।

आध्यात्मिक -सांस्कृतिक नगरों से भी मिली आर्थिक संजीवनी

उत्तर प्रदेश में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ हुई, तो यहां निवेश आना भी शुरू हुआ। हर सेक्टर में बड़ी-बड़ी कंपनियों के निवेश से रोजगार के लाखों अवसर सृजित हुए, तो यूपी से युवाओं के पलायन पर भी विराम लग गया। योगी सरकार ने विकास की श्रृंखला को महज औद्योगिक क्षेत्र तक ही सीमित नहीं रखा बल्कि आध्यात्मिक-सांस्कृतिक, ऐतिहासिक विरासत संजोने पर भी पूरा ध्यान केंद्रित किया, नतीजन आज ऐसे शहर भी प्रदेश को भरपूर राजस्व उपलब्ध करा रहे हैं। अयोध्या हो या काशी, गोरखपुर, मथुरा-वृंदावन हो या प्रयागराज, नैमिषारण्य हो या बौद्ध आध्यात्मिक स्थल, हर तीर्थ स्थल आज पर्यटकों का प्रमुख गंतव्य बन गया। प्रदेश सरकार ने एक और कदम बढ़ते हुए एनसीआर की तर्ज पर यूपी में राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) परियोजना को धरातल पर उतारा है। इसमें लखनऊ सहित आस-पास जनपदों में हाईटेक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, निवेशक और तेजी से यूपी की ओर रुख करेंगे। ओडीओपी, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनाओं ने इन जनपदों को विशिष्ट पहचान दिलाने के अलावा अर्थ की संजीवनी भी प्रदान किया है। यूपीजीआईएस-23 के दौरान हुए रिकॉर्ड एमओयू के परिणामस्वरूप जीबीसी 4.0 में धरातल पर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से युवाओं को रोजगार भी उपलब्ध होगा।

वाराणसी

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
581	142903

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
19245	44215

निवेश का बना माहौल

गोरखपुर में औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है। गीडा पूर्वांचल, नेपाल और सीमावर्ती बिहार की आर्थिक राजधानी है। यहां मार्केट तो है ही, कामगारों की भी कोई कमी नहीं है। हमारी कंपनी 10 करोड़ रुपये के निवेश से पेपर डिस्पोजल यूनिट का विस्तार कर रही है।

-सुधांशु टिबरेवाल, उद्यमी, गोरखपुर

अयोध्या

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
508	145116

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
12915	25000

मथुरा

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
484	30235

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
16587	31680

हाल के वर्षों में सरकार ने शहरीकरण को काफी तेजी से बढ़ावा दिया है, जिससे रोजगार के अवसर बने हैं और शहर का विकास भी हुआ है। प्रयागराज के साथ मथुरा, गोरखपुर, लखनऊ आदि जनपदों में रियल एस्टेट में 750 करोड़ रुपये के निवेश से आवासीय और कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाये जायेंगे।

-सुनील सोलंकी, ओमेक्स लिमिटेड, प्रयागराज

गोरखपुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
630	183738

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
17313	37000

प्रयागराज

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
460	63618

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
13227	25000

सीतापुर में भी निवेश का माहौल बना है। उद्योगों को राहत दी जा रही है इससे जनपदों के विकास को पंख लगेंगे। स्थानीय स्तर पर उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए उद्यम स्थापित किए जा रहे हैं। इसके लिए स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होने वाले कच्चे माल को लेकर सहूलियत होगी। पर्यटन की दृष्टि से नैमिष में बहुत संभावनाएं हैं।

-अजीत कुमार सिंह, उद्यमी, सीतापुर

चित्रकूट

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
280	67422

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
7147	7000

संतकबीरनगर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
92	5480

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
1872	3652

मुजफ्फरनगर में उद्योगों में निवेश करने के लिए अपार संभावनाएं हैं। प्रदेश सरकार ने उद्योग के लिए अच्छा वातावरण बनाया है। यहां पेपर मिल, कॉटन यार्न, होटल इंडस्ट्रीज और कृषि यंत्र बनाने व इंजीनियरिंग उद्योग में निवेश हो रहा है।

-पवन कुमार गोयल, आईआईए मुजफ्फरनगर चैप्टर

सीतापुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
302	29886

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
22172	18000



प्रमुख निवेशक कंपनियां

अयोध्या

हाउस ऑफ अभिनंदन लोढ़ा (रियल स्टेट)
3000 करोड़ रुपये का निवेश, 100 लोगों को रोजगार

पक्का लिमिटेड (पेपर मैन्युफैक्चरिंग मशीन)
550 करोड़ रुपये का निवेश, 600 लोगों को रोजगार

मीरजापुर

डालमिया सीमेंट भारत लिमिटेड
(सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग)
3000 करोड़ रुपये का निवेश, 2500 लोगों को रोजगार

सीतापुर

सेंचुरी प्लाईबोर्ड इंडिया लिमिटेड (लकड़ी)
1500 करोड़ रुपये का निवेश, 3000 लोगों को रोजगार

ग्रीनलैम साउथ लिमिटेड
(लकड़ी/एमडीएफ) 1500 करोड़ रुपये का निवेश, 2000 लोगों को रोजगार

मथुरा

आईएफपी पेट्रो प्रोडक्ट्स प्रा.लि.
(रिफाइनरी)
1100 करोड़ रुपये का निवेश, 700 लोगों को रोजगार

केशव पब्लिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड
(स्टेशनरी गुड्स, इलेक्ट्रिक आइटम, प्लास्टिक प्रोडक्ट मैन्युफैक्चरिंग)
1250 करोड़ रुपये का निवेश, 10000 लोगों को रोजगार

मुजफ्फरनगर

भारतीयम बेवरेजज प्रा.लि. (बेवरेज)
600 करोड़ रुपये का निवेश, 500 लोगों को रोजगार

प्रयागराज

जेके सीमेंट लि. (सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग)
400 करोड़ रुपये का निवेश, 250 लोगों को रोजगार

प्रयागराज, गोरखपुर, चित्रकूट, अमेठी

वरुन बेवरेजज लि. (बेवरेज)
3500 करोड़ रुपये का निवेश, 1000 लोगों को रोजगार

श्रावस्ती

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
439	2422

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
866	3905

मीरजापुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
243	17166

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
7437	15135



बलरामपुर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
194	1402

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
438	1851

कौशाम्बी

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
143	1589

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
681	3382

मुजफ्फरनगर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
249	15549

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
9938	10284

कुशीनगर

यूपीजीआईएस-2023

परियोजनाएं	एमओयू करोड़ रु. में
346	3713

जीबीसी-4.0

निवेश करोड़ रु. में	रोजगार
1169	9133